# नवबिहार टाइम्स

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

• बोकारो, शुक्रवार 7 अगस्त 2026 • वर्ष : 10 • अंक : 82 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो, पटना व औरंगाबाद से प्रकाशित




मानसून सत्र के पहले दिन झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्रनाथ महतो का स्वागत करते सीएम हेमंत सोरेन

# झारखंड विधानसभा का मानसून सत्र शुरू

## पहले दिन शोक प्रस्ताव के बाद हुई कार्यमंत्रणा समिति की बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड विधानसभा का मानसून सत्र गुरुवार से शुरू हो गया। पहले दिन संक्षिप्त कार्य अवधि होने के बाद विधानसभाध्यक्ष रबीन्द्रनाथ महतो के कक्ष में कार्यमंत्रणा समिति की बैठक हुई। इस बैठक में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी, संसदीय कार्य मंत्री राधाकृष्ण किशोर मौजूद थे। कार्यमंत्रणा समिति की बैठक में मानसून सत्र के कार्य अवधि संक्षिप्त होने के कारण राज्य के ज्वलंत मुद्दों पर यदि आवश्यकता पड़ी तो वाद विवाद का समय एक-दो घंटे बढ़ाने का निर्णय लिया गया। संसदीय कार्य मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कार्यमंत्रणा समिति की बैठक में हुए निर्णय की जानकारी देते हुए कहा कि कल सदन में पहला अनुपूरक बजट पेश किया जाएगा जिसपर 2 घंटे का वाद विवाद का समय निर्धारित है। मानसून सत्र संक्षिप्त कार्य अवधि का है, ऐसे में किसानों के मुद्दे या छात्रों का मामला सहित राज्य के ज्वलंत मुद्दों पर यदि



आवश्यकता पड़ी तो सदन की कार्य अवधि एक-दो घंटे के लिए बढ़ाई जा सकती है, इस पर सहमति बनी है। सरकार की ओर से मानसून सत्र के दूसरे दिन चालू वित्तीय वर्ष का पहला अनुपूरक बजट सदन के पटल पर आज यानी 7 अगस्त को रखा जाएगा। अनुपूरक बजट पर सदन में वाद-विवाद के लिए दो घंटे का समय निर्धारित किया गया है। आठ और नौ अगस्त को शनिवार और रविवार की वजह से अवकाश रहेगा। वहीं 10 अगस्त को पहली पाली में प्रश्नकाल तथा दूसरी पाली में अनुपूरक बजट पर वाद-विवाद के बाद संबंधित विनियोग विधेयक सदन से पारित कराया जाएगा। 11 अगस्त को पहली पाली में प्रश्नकाल तथा दूसरी पाली में राजकीय विधेयक पेश किए जाएंगे और सत्र के अंतिम दिन 12 अगस्त को पहली पाली में प्रश्नकाल तथा दूसरी पाली में राजकीय विधेयक पेश किए जाएंगे तथा गैर सरकारी संकल्प पेश किए जाएंगे। इसके पूर्व सदन में शोक प्रस्ताव लाया गया। इस दौरान पिछले सत्र के बाद दिवंगत हुए नेताओं, समाज की कई प्रमुख हस्तियों, शहीद जवानों और विभिन्न हादसों में जान गंवाने वाले लोगों को श्रद्धांजलि दी गई। सभी सदस्यों ने उनके प्रति संवेदना व्यक्त की और दो मिनट का मौन रखा। सदन में पूर्व परिवहन एवं नागरिक उड्डयन मंत्री और गोमिया के पूर्व विधायक माधव लाल सिंह को याद किया गया। पूर्व पशुपालन मंत्री और धनबाद के पूर्व विधायक मन्नान मलिक को भी श्रद्धांजलि दी गई। इसके अलावा पूर्व विधायक बेनी प्रसाद गुप्ता, हरि राम, पूर्व खनन मंत्री लक्ष्मण राम और पूर्व केंद्रीय रेल मंत्री मुकुल रॉय को भी याद किया गया। सदन में कई अन्य प्रमुख हस्तियों को भी श्रद्धांजलि दी गई। इनमें डॉ. डीवाई पाटिल, भुवन चंद्र खंडूरी, गायिका आशा भोसले, शायर बशीर बद्र, सुभाष कश्यप, एचके दुआ, तीजन बाई, जसपाल राणा, क्रिकेटर गोपीनाथ, खोरठा साहित्यकार सुरेश विश्वकर्मा और झारखंड आंदोलनकारी कृष्ण कुमार महतो व दामू बांड्रा शामिल रहे। सदन ने जम्मू-कश्मीर और मणिपुर में शहीद हुए जवानों को भी श्रद्धांजलि दी। उधमपुर सड़क हादसे में जान गंवाने वाले लोगों, लखनऊ की आग की घटना में मारे गए लोगों, असम की बाढ़ में मृत लोगों और नीट परीक्षा विवाद के बाद आत्महत्या करने वाले छात्र-छात्राओं को भी याद किया गया। सदन में असम के बाढ़ पीड़ितों के लिए झारखंड सरकार की ओर से तीन करोड़ रुपये की सहायता का भी उल्लेख किया गया। इस दौरान मांडू के विधायक निर्मल कुमार ने अपने क्षेत्र में सड़क हादसों, हाथियों के हमले, वज्रपात और खदान धंसने की घटनाओं का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि इन घटनाओं में कई लोगों की मौत हुई है। उन्होंने सरकार से पीड़ित परिवारों को भी आर्थिक सहायता देने की मांग की। शोक प्रस्ताव के अंत में सभी सदस्यों ने दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की और अपने स्थान पर खड़े होकर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

## भर्ती परीक्षा मुद्दे पर गरमाई झारखंड विधानसभा

**रांची(नबिटा ब्यूरो)।** झारखंड विधानसभा का मानसून सत्र गुरुवार को विपक्ष के विरोध-प्रदर्शन के बीच शुरू हुआ। भारतीय जनता पार्टी के विधायक, जिनमें नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी भी शामिल थे, जेपीएससी और जेएसएससी की भर्ती परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं के विरोध में प्रतीकात्मक रूप से मास्क पहनकर सदन पहुंचे। इन मास्क पर सरकार से जवाब मांगने संबंधी संदेश भी अंकित किया गया था। भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए विधायकों ने विधानसभा परिसर में प्रदर्शन करते हुए भर्ती परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं की सीबीआइ जांच कराने की मांग की। विपक्ष का आरोप है कि भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता नहीं बरती गई और सरकार को इस पर जवाब देना चाहिए।

## संक्षिप्त समाचार

### रिम्स में सफल हुई हाई रिस्क ओपन हर्ट सर्जरी

**रांची(नबिटा ब्यूरो)।** रिम्स में एक 55 वर्षीय मरीज की सफल हाई रिस्क ओपन हर्ट सर्जरी हुई। मरीज का पूरा इलाज आयुष्मान भारत योजना के तहत मुफ्त में किया गया। मरीज हजारीबाग का रहने वाला है और वह कई महीनों से तेज बुखार, सांस फूलने, धड़कन बढ़ने और पैरों में सूजन की समस्या से परेशान था। जांच में पता चला कि मरीज के हृदय का एओर्टिक वाल्व गंभीर रूप से खराब हो चुका है। इसके कारण हर्ट फ़ेल होने की स्थिति बन गई थी।

### पलामू सांसद ने राज्यपाल से की कुलपति की शिकायत

**रांची(नबिटा ब्यूरो)।** सांसद ने राज्यपाल से नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय के कुलपति दिनेश सिंह की फिर शिकायत की है। इसमें भीसी द्वारा दुर्भावना से एके सिंह कॉलेज के विज्ञान संकाय का एफिलियेशन रद्द करने की अनुशंसा करने का आरोप लगाया है। सासंद बीडी राम द्वारा राज्यपाल को भेजे गये पत्र में कहा गया है कि एके सिंह कॉलेज के कला और वाणिज्य संकाय को 2013 से स्थायी संबद्धता है लेकिन विज्ञान संकाय में अस्थायी संबद्धता है।

### युवक की धारदार हथियार से हत्या

**हजारीबाग (नबिटा ब्यूरो)।** जिले के ईचाक थाना क्षेत्र के सिझुआ बिरहोर टोला में गुरुवार को एक युवक की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई। यह घटना शराब पीने के दौरान हुए आपसी विवाद के बाद हुई। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मृतक की पहचान सिझुआ बिरहोर टोला निवासी सुनील बिरहोर के रूप में हुई है। हत्या का आरोपी विजय बिरहोर भी इसी टोला का रहने वाला है।

### सरिया लदा ट्रक पलटा, एक की मौत

**गिरिडीह (नबिटा ब्यूरो)।** जिले के निमियाघाट थाना क्षेत्र में चरकी टोंगरी के पास गुरुवार को एक भीषण सड़क हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतक की पहचान 27 वर्षीय वाल्मीकि कुमार के रूप में हुई है। वह पोखरिया बेको के रहने वाले गिरधारीलाल महतो के पुत्र थे।

### विवाहिता की संदिग्ध स्थिति में मौत, पति गिरफ्तार

**हजारीबाग (नबिटा ब्यूरो)।** जिले के कटकमदाग थाना क्षेत्र के सलगावां गांव में 27 वर्षीय विवाहिता की संदिग्ध मौत का मामला सामने आया है। मृतका के मायके पक्ष ने ससुराल वालों पर गला दबाकर हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मृतका के पति को गिरफ्तार कर लिया है। मृतका की पहचान फूल कुमारी (27) के रूप में हुई है। वह बड़कागांव प्रखंड के तलसवार गांव निवासी नारायण साव की पुत्री थीं।

## पत्नी और सास की हत्या कर दामाद फरार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पाकुड़।** जिले के लिट्टीपाड़ा प्रखंड के झेनागढ़िया गांव में बुधवार की देर रात्रि को एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी और सास की गला काटकर निर्मम तरीके से हत्या कर दी। घटना के बाद हत्यारोपी फरार हो गया। गुरुवार की अहले सुबह जैसे ही घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को मिली थाना प्रभारी दल-बल के साथ घटनास्थल पहुंचे और मामले की छानबीन शुरू कर दी। घटना की पुष्टि अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कुमार गौरव ने की है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक बीचामहल निवासी एवराब अंसारी और उसकी पत्नी के बीच आपसी विवाद चल रहा था। बात इतनी बढ़ गई कि एवराब ने अपनी पत्नी 22 वर्षीय बुलचेहरा बीबी पर तलवार से वार कर दिया। यह देख जब एवराब की सास 45 वर्षीय मेनेजा बेवा पहुंची तो उस पर भी हमला कर दिया। इस हमले में दोनों गंभीर रूप से जख्मी हो गईं और दम तोड़ दिया। घटना को अंजाम देने के साथ ही हत्यारोपी एवराब फरार हो गया। स्थानीय लोगों के मुताबिक एवराब बीचामहल गांव का निवासी है और बुलचेहरा से निकाह के बाद वह ससुराल में ही घर जमाई के रूप में रहता था। जानकारी के मुताबिक एवराब पश्चिम बंगाल में किसी फैक्ट्री में मजदूरी करता था और बीते बुधवार को वह दिन के समय ससुराल पहुंचा था और देर रात्रि में घटना को अंजाम देने के बाद वह फरार हो गया। इधर घटना को लेकर मृतका मेनेजा बेवा की बहन नूरनेहा बीबी ने प्राथमिकी दर्ज कराने को लेकर पुलिस के समक्ष अपना बयान दर्ज करायी है। चूंकि घटना देर रात्रि कि है इसलिए कारणों का पता पुलिस को नहीं चल पाया है। हालांकि पुलिस परिजन और आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है। पुलिस ने दोनों शवों को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है।

## विधानसभा के बाहर भाजपा का प्रदर्शन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड में जेपीएससी, जेएसएससी सीजीएल और अन्य भर्ती परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं को लेकर गुरुवार को झारखंड विधानसभा के बाहर भाजपा विधायकों ने राज्य सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। दूसरी ओर आंदोलनरत छात्रों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगें पूरी नहीं हुईं तो 10 अगस्त को विधानसभा का घेराव किया जाएगा। विधानसभा परिसर के बाहर भाजपा विधायक आलोक चौरसिया ने कहा कि पार्टी जेपीएससी, जेएसएससी और अन्य भर्ती परीक्षाओं में कथित गड़बड़ियों के खिलाफ आंदोलन कर रहे छात्रों के साथ मजबूती से खड़ी है। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में भर्ती प्रक्रियाओं में भ्रष्टाचार हुआ है और छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया गया है। भाजपा सांसद दामोदर अग्रवाल ने विपक्ष पर दोहरा रवैया अपनाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि जिन मुद्दों पर भाजपा शासित राज्यों में विपक्ष




आक्रामक रहता है उन्हीं छात्र हितों के मुद्दों पर झारखंड में वह गंभीर नजर नहीं आता। ऑल झारखंड स्टूडेंट्स यूनियन के विधायक निर्मल महतो ने राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू करने की मांग की। उनका आरोप है कि झारखंड में शासन व्यवस्था पर जनता का भरोसा कमजोर हुआ है और भर्ती प्रक्रियाओं को लेकर व्यापक असंतोष है। आंदोलनरत छात्रों ने कहा कि यदि सरकार उनकी मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लेती है तो 10 अगस्त को हजारों छात्र विधानसभा का घेराव करेंगे। छात्र नेता राधे कुमार ने बताया कि उनकी प्रमुख मांग जेपीएससी, जेएसएससी सीजीएल और टीडीपीएल के माध्यम से कराई गई अन्य भर्ती परीक्षाओं को रद्द करना है। छात्रों ने मांग की है कि कथित अनियमितताओं की सीबीआई और ईडी से जांच कराई जाए। साथ ही जेपीएससी, जेएसएससी सीजीएल परीक्षा प्रणाली में व्यापक संरचनात्मक सुधार किए जाएं ताकि भविष्य में ऐसी शिकायतें दोबारा सामने न आएं।

## एसीबी ने पंचायत सचिव को रिश्वत लेते किया गिरफ्तार

**लातेहार(नबिटा ब्यूरो)।** जिले में एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) ने भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। मनिका प्रखंड की बरकाडीह पंचायत के सचिव नागेश्वर रजक को 10 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया है। जानकारी के अनुसार पंचायत सचिव नागेश्वर रजक एक योजना के भुगतान और प्रशासनिक स्वीकृति के एवज में रिश्वत की मांग कर रहा था। आवेदक के बार-बार अपील करने के बावजूद नागेश्वर रजक बिना पैसे के काम करने से मना कर दिया। इसके बाद उसने एसीबी से मामले की शिकायत की। एजेंसी ने शिकायत का सत्यापन कराया जिसमें रिश्वत मांगे जाने की बात सही पाई गई। इसके बाद एसीबी की टीम ने जाल बिछाया और पंचायत सचिव को रिश्वत लेते दबोच लिया। गिरफ्तारी के बाद एसीबी की टीम आरोपी को अपने साथ पूछताछ के लिए ले गई। मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## मानसून सत्र तक काला बिल्ला लगाकर काम करेंगे सचिवालयकर्मी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के पहले दिन से ही झारखंड सचिवालय सेवा संघ ने अपने आंदोलन के तीसरे चरण की शुरुआत कर दी है। गुरुवार से सचिवालय सेवा के अधिकारी और कर्मचारी काला बिल्ला धारण कर अपने-अपने कार्यालयों में नियमित काम कर रहे हैं। संघ का कहना है कि यह विरोध पूरी तरह सांकेतिक है और इससे सरकारी कामकाज या विधानसभा की कार्यवाही प्रभावित नहीं होगी। संघ के मुताबिक 6 अगस्त से 12 अगस्त तक यानी पूरे विधानसभा सत्र के दौरान सभी अधिकारी और कर्मचारी काला बिल्ला पहनकर अपनी मांगों के समर्थन में विरोध दर्ज कराएंगे। उनका कहना है कि सरकार का ध्यान सचिवालय सेवा से जुड़े अहम मुद्दों की ओर आकर्षित करना इस आंदोलन का उद्देश्य है। साथ ही प्रशासनिक जिम्मेदारियों का भी पूरी तरह निर्वहन किया जाएगा। संघ ने बताया कि चरणबद्ध आंदोलन के पहले चरण में 4 अगस्त को दिशोम गुरु शिबू सोरेन की प्रथम पुण्यतिथि पर प्रोजेक्ट भवन और नेपाल हाउस में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर लगाया गया था। इसके बाद 5 अगस्त को दोनों परिसरों में मानव श्रृंखला बनाकर कर्मचारियों ने अपनी एकजुटता दिखाई। संघ का दावा है कि इन कार्यक्रमों के दौरान भी सरकारी कामकाज प्रभावित नहीं हुआ। संघ की प्रमुख मांगों में सचिवालय सेवा के हितों के खिलाफ प्रस्तावित नीतिगत बदलाव वापस लेना, सेवा हितों की सुरक्षा, संकल्प संख्या-3286 का प्रभावी क्रियान्वयन, उच्च पदों का सृजन, लंबित प्रोन्नतियों का जल्द निष्पादन और सेवा से जुड़े सभी फैसलों में पारदर्शिता सुनिश्चित करना शामिल है। सचिवालय सेवा संघ का कहना है कि इन मांगों को लेकर कई बार ज्ञापन सौंपे गए, प्रतिनिधिमंडल ने सरकार से मुलाकात की और बातचीत की कोशिश भी की गई लेकिन अब तक कोई ठोस सकारात्मक फैसला नहीं हुआ। संघ का आरोप है कि सरकार ने उनकी मांगों पर गंभीर पहल नहीं की है। संघ ने सरकार को साफ संदेश दिया है कि यदि 12 अगस्त तक मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलन अगले चरण में प्रवेश करेगा। इसमें कलमबंद आंदोलन, सामूहिक अवकाश और जरूरत पड़ने पर हड़ताल जैसे कदम भी उठाए जा सकते हैं। झारखंड सचिवालय सेवा संघ ने बताया कि चरणबद्ध आंदोलन की पूरी रूपरेखा और मांगों की जानकारी 27 जुलाई को ही राज्य के मुख्य सचिव को पत्र भेजकर दे दी गई थी। इसके बावजूद समाधान नहीं निकलने पर अब आंदोलन का तीसरा चरण शुरू किया गया है।

## चाचा ने भतीजे को टांगी से काट डाला

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के उंटारी रोड थाना क्षेत्र के लकड़ही टोला में एक चाचा ने अंधविश्वास में आकर अपने भतीजे को टांगी से काट डाला। इस घटना में भतीजे की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने पूरे मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी चाचा को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। दरअसल उंटारी रोड थाना क्षेत्र के लकड़ही टोला के रहने वाले प्रभु रजवार नामक व्यक्ति की बेटी लंबे समय से बीमार चल रही थी। कुछ दिनों पहले ही बेटी की मौत हो गई थी। प्रभु रजवार मौत का कारण अपने भतीजे की पत्नी और अपने छोटे भाई की पत्नी को मान रहा था। प्रभु रजवार लगातार अंधविश्वास का सहारा ले रहा था और साथ में झाड़-फूंक भी करवा रहा था। इस बीच बुधवार की देर रात प्रभु रजवार की अपने भतीजा के साथ बहस हो गई। इस दौरान प्रभु रजवार ने घर में रखे टांगी से अपने भतीजे चनका रजवार को काट डाला जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद उंटारी रोड के थाना प्रभारी संतोष गिरी के नेतृत्व में पुलिस बल मौके पर पहुंची। पुलिस ने पूरे मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी चाचा प्रभु रजवार को गिरफ्तार कर लिया है। थाना प्रभारी संतोष कुमार गिरि ने बताया कि अंधविश्वास में घटना को अंजाम दिया गया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज पूरे मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है।

## मुख्यमंत्री ने 58 अत्याधुनिक मिनी वाटर अग्निशमन वाहनों को दिखाई हरी झंडी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड अग्निशमन सेवा को आधुनिक और तकनीकी रूप से सशक्त बनाने की दिशा में गुरुवार को बड़ा कदम उठाया गया। धुर्वा स्थित केंद्रीय प्रशिक्षण संस्थान, गृह रक्षा वाहिनी परिसर में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और विधायक कल्पना मुर्मू सोरेन ने 58 मिनी वाटर टेंडर विद मिस्ट टेक्नोलॉजी से लैस अत्याधुनिक अग्निशमन वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इन वाहनों को राज्य के विभिन्न जिलों के फायर स्टेशनों में तैनात किया जाएगा जिससे अग्निशमन सेवाएं अधिक तेज, प्रभावी और आधुनिक बन सकेंगी। कार्यक्रम की शुरुआत में मुख्यमंत्री को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके बाद उन्होंने नए अग्निशमन वाहनों का निरीक्षण किया और अधिकारियों से उनकी तकनीकी



विशेषताओं की जानकारी ली। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि फायर सेफ्टी आज समय की सबसे बड़ी जरूरतों में से एक है। आधुनिक तकनीक से लैस इन 58 मिनी वाटर टेंडर वाहनों के शामिल होने से राज्य की अग्निशमन व्यवस्था और मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि अक्सर आग लगने की घटनाओं में लोगों को यह जानकारी नहीं होती कि उस पर कैसे काबू पाया जाए। दूर-दराज के इलाकों और घनी बस्तियों में बड़े अग्निशमन वाहन नहीं पहुंच पाते। ऐसे में मिस्ट टेक्नोलॉजी से लैस ये छोटे वाहन संकरी गलियों और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में आसानी से पहुंचकर प्रभावी ढंग से आग पर काबू पाने में मदद करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज शहरों में तेजी से ऊंची इमारतें बन रही हैं और आग लगने के कारण भी अलग-अलग होते हैं। कहीं गैस सिलेंडर फटने से आग लगती है तो कहीं बिजली के शॉर्ट सर्किट या अन्य कारणों से ऐसी घटनाएं होती हैं। इसलिए घरों से लेकर व्यावसायिक प्रतिष्ठानों तक हर जगह आधुनिक अग्निशमन व्यवस्था की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि अग्निशमन विभाग के जवान केवल आग बुझाने का ही काम नहीं करते बल्कि आग में फंसे लोगों की जान बचाने का भी जोखिम भरा दायित्व निभाते हैं। कई बार ऐसे अभियानों के दौरान जवान स्वयं भी खतरे में पड़ जाते हैं। इसलिए उन्हें आधुनिक तकनीक, उपकरण और बेहतर संसाधनों से सुसज्जित करना समय की जरूरत है। मुख्यमंत्री ने विश्वास जताया कि इन नए वाहनों के शामिल होने से झारखंड की आपदा एवं अग्निशमन प्रतिक्रिया प्रणाली और अधिक मजबूत होगी तथा आम नागरिकों की सुरक्षा को नई मजबूती मिलेगी। उन्होंने अग्निशमन विभाग के सभी अधिकारियों और जवानों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आधुनिक संसाधनों के जरिए भविष्य में आग लगने की घटनाओं पर और अधिक प्रभावी ढंग से काबू पाया जा सकेगा। इस मौके पर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, गृह सचिव वंदना दादेल, पुलिस महानिदेशक तदाशा मिश्रा, एडीजी मनोज कौशिक, आईजी प्रभात कुमार, होमगार्ड एवं अग्निशमन सेवा के डीजी एमएस भाटिया, एडीजी प्रिया दुबे, आईजी अनूप बिथेरे, अजय लिंडा, माइकल राज, सुनील भास्कर, मयूर पटेल, नरेंद्र सिंह, पंकज कंबोज, डीआईजी कार्तिक एस, इंद्रजीत माहथा, मोहम्मद अर्शी, वाई.एस. रमेश, शैलेन्द्र बरनवाल, नौशाद आलम, डीआईजी संजीव कुमार,रांची डीसी मंजूनाथ भजंत्री, एसपी राकेश रंजन, आईपीएस दीपक पांडे सहित कई अधिकारी मौजूद थे।


THE EASTERN VOICE

Reg No. JHENG/25/A4874

Another Launching from NAVBIHAR TIMES GROUP

THE EASTERN VOICE

'English Daily Newspaper

Regional Newspaper in whole Bihar & Jharkhand

Email Id-theeasternv@gmail.com

Bihar Office:-Satyendra Nagar,Aurangabad (Bihar Jharkhand)

Office:-31-Co-operative Colony,Bokaro Steel City, Bokaro (Jharkhand)

Contact:- 6206165107, 7295863300

# नशा मुक्त युवा विकसित भारत अभियान के तहत जिलास्तरीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में मेरा युवा भारत (माय भारत) गिरिडीह द्वारा गुरुवार को सर जेसी बोस बालिका उच्च विद्यालय में नशा मुक्त युवा विकसित भारत अभियान के अंतर्गत जिलास्तरीय सांस्कृतिक एवं नवाचार प्रतियोगिता का आयोजन किया गया कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को नशा एवं मादक पदार्थों के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना समाज में नशा मुक्ति के प्रति सकारात्मक माहौल तैयार करना तथा विकसित भारतझ्र2047 के लक्ष्य को साकार करने में युवाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना था प्रतियोगिता में फोक सॉन्ग फोक डांस नुक्कड़ नाटक भाषण डिक्लेमेशन स्लैम पोएट्री स्लोगन लेखन शॉर्ट फिल्म रील निर्माण और पेंटिंग जैसी विभिन्न विधाओं का




आयोजन किया गया। इसमें जिले के विभिन्न विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के छात्र छात्राओं ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया कार्यक्रम का उद्घाटन डीईओ विनोद कुमार, माय भारत के उपनिदेशक सूर्यकांत कुमार, पूर्व उपनिदेशक जी.सी. ओझा, अरुण शर्मा एवं गौतम राणा ने संयुक्त रूप से किया अतिथियों ने युवाओं से नशा मुक्त समाज के निर्माण के लिए व्यापक जन-जागरूकता फैलाने और विकसित भारतझ्र2047 के संकल्प को साकार करने में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया प्रतियोगिता के विजेता इस प्रकार रहे फोक डांस समूह निसा कुमारी की टीम प्रथम स्थान नुक्कड़ नाटक समूह अनुराग सागर की टीम प्रथम स्थान भाषण डिक्लेमेशन श्वेता कुमारी प्रथम स्थान स्लैम पोएट्री शुभम कुमार मिश्रा प्रथम स्थान पेंटिंग धीरज कुमार प्रथम स्थान स्लोगन लेखन तम्मना कुमारी प्रथम स्थान शॉर्ट फिल्म रील निर्माण रोनक सिंह प्रथम स्थान समापन समारोह में जिला खेल पदाधिकारी अर्जुन बरला ने विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया कार्यक्रम की सफलता में सर जेसी बोस बालिका उच्च विद्यालय के शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही कार्यक्रम का संचालन खुर्शीद अनवर ने किया इस अवसर पर लेखापाल नैयर परवेज शुशांत कुमार दीपा कुमारी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# चुरचू प्रखंड में जीपीडीपी प्रशिक्षण का समापन, दो दिवसीय कार्यशाला में सभी सहजकर्ता दल ने लिया हिस्सा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हजारीबाग ब्यूरो ।** चुरचू प्रखंड मुख्यालय में गुरुवार को ग्राम पंचायत विकास योजना




(ऋढ़उढ) के दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ। प्रशिक्षण में चुरचू प्रखंड के सभी सहजकर्ता (ऋढ़ऋठ) सदस्यों ने भाग लिया। इस अवसर पर चुरचू प्रखंड मुखिया संघ के अध्यक्ष सह बहेरा पंचायत के मुखिया देवकी महतो भी प्रशिक्षण में शामिल हुए। प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षक एम.के. गुप्ता एवं ममता कुमारी ने जीपीडीपी की प्रक्रिया, पंचायत स्तर पर विकास योजनाओं के निर्माण, जनभागीदारी तथा प्रभावी क्रियान्वयन से संबंधित विभिन्न विषयों पर विस्तार से जानकारी दी। प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण को उपयोगी बताते हुए पंचायतों में विकास योजनाओं के बेहतर संचालन में इसकी अहम भूमिका बताई। समापन अवसर पर बहेरा पंचायत के मुखिया देवकी महतो, चरही की मुखिया संझली मुर्मू, चुरचू की मुखिया नीलम बेसरा, अंगो की मुखिया सीतामुनि, जबरा की मुखिया सुनीता देवी, हेंडेगढ़ा की मुखिया गिरजा देवी, इंद्रा की मुखिया राधिका देवी, उपमुखिया शिवचंद मुर्मू, आशामनी टुडू, रोशनी देवी, गणेश प्रजापति, पंचायत सेवक अनीता राय अंगारे, विभा देवी, सविता देवी, रवि कुमार राम, लक्ष्मीकांत, रवि भूषण, संतोष कुमार, संगीता देवी, कुंती कुमारी, बसंती कुमारी, निराशा कुमारी, राहुल रंजन, सचिन कुमार साव तथा मोहम्मद सैन अहमद सहित अन्य प्रतिभागी उपस्थित रहे। प्रशिक्षण के समापन पर पंचायत स्तर पर ग्राम विकास योजनाओं को प्रभावी ढंग से तैयार एवं क्रियान्वित करने का संकल्प लिया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### विभावि के यूसेट में अनुदीप फाउंडेशन के सहयोग से जॉब फेयर का सफल आयोजन

**हजारीबाग (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग के *यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी* परिसर में अनुदीप फाउंडेशन के सहयोग से एक दिवसीय *जॉब फेयर* का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय एवं विभिन्न महाविद्यालयों के *150 से अधिक छात्र-छात्राओं* ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा प्रतिष्ठित कंपनियों में रोजगार के अवसरों के लिए साक्षात्कार एवं चयन प्रक्रिया में शामिल हुए। ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल की प्रभारी श्रीमती अर्चना रीना धान ने कहा कि ऐसे जॉब फेयर का आयोजन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो चंद्र भूषण शर्मा की प्रेरणा और निर्देशन से किया। उन्होंने बताया कि ऐसे जॉब फेयर विद्यार्थियों को उद्योग जगत से सीधे जोड़ने का प्रभावी



माध्यम हैं। बताया कि विश्वविद्यालय भविष्य में भी विद्यार्थियों के हित में इस प्रकार के रोजगारोन्मुखी कार्यक्रम आयोजित करता रहेगा। अनुदीप फाउंडेशन के प्रबंधक श्री मोहम्मद इमरान ने बताया कि संस्था युवाओं को निःशुल्क कौशल विकास (स्किल ट्रेनिंग) प्रदान करने के साथ-साथ प्रतिष्ठित कंपनियों में रोजगार उपलब्ध कराने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। कार्यक्रम के सफल आयोजन में अनुदीप फाउंडेशन के अभिलाष कुमार, प्रिंस मिश्रा एवं राहुल छाबड़ा की महत्वपूर्ण भूमिका रही। जॉब फेयर के दौरान विद्यार्थियों में विशेष उत्साह देखने को मिला।

### 13 हजार से ज्यादा राशन कार्ड होंगे रद्द, आयकरदाता, कार मालिक और बड़े कारोबारियों पर गिरी गाज

**गिरिडीह (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जिले में राशन कार्ड धारकों के लिए बड़ी खबर है खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की जांच में 13,375 लाभुक ऐसे मिले हैं, जो सरकारी मानकों के अनुसार राशन योजना के पात्र नहीं हैं अब विभाग इनके राशन कार्ड रद्द करने की प्रक्रिया शुरू करने जा



रहा है जांच के दौरान 11,196 आयकरदाता 907 चार पहिया वाहन मालिक, 70 डाक विभाग से जुड़े लाभुक तथा 1,202 निर्धारित सीमा से अधिक कारोबार करने वाले लोग राशन योजना का लाभ लेते पाए गए। विभाग ने इन सभी को अपात्र श्रेणी में चिन्हित किया है विभागीय अधिकारियों के अनुसार चिन्हित लाभुकों का अंतिम सत्यापन किया जा रहा है। सत्यापन के बाद अपात्र पाए जाने वाले सभी लोगों के नाम राशन कार्ड सूची से हटा दिए जाएंगे इस कार्रवाई का उद्देश्य सरकारी खाद्यान्न का लाभ केवल गरीब और वास्तविक पात्र परिवारों तक पहुंचाना है प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि पात्र लाभुकों को घबराने की आवश्यकता नहीं है। वहीं अपात्र लोग स्वेच्छा से राशन कार्ड सरेंडर कर सकते हैं ताकि जरूरतमंद परिवारों को योजना का लाभ मिल सके।

### कोलकाता में कराटे का परचम लहराने वाले खिलाड़ियों का गिरिडीह में भव्य स्वागत

**गिरिडीह (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** दसवीं इंटरनेशनल कराटे चैंपियनशिप चैलेंजर कप-2026 में शानदार प्रदर्शन कर विजेता बने गिरिडीह के तीन खिलाड़ियों का जिले लौटने पर इसरी स्थित सोनू वॉरियर मार्शल आर्ट अकादमी में भव्य स्वागत किया गया खिलाड़ियों के सम्मान में ढोल नगाड़ों के साथ रोड शो निकाला गया जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लेकर उनका उत्साहवर्धन किया स्वागत समारोह का नेतृत्व शोतोकान कराटे फेडरेशन ऑफ इंडिया गिरिडीह के सचिव सोनू कुमार सोनू वॉरियर मार्शल आर्ट



अकादमी की अध्यक्ष संगीता बनवाल तथा उपाध्यक्ष डॉ. लखी गुप्ता ने किया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला परिषद सदस्य सुनीता कुमारी एवं भाजपा नेता सुंदर साव उपस्थित रहे वहीं बरनवाल महिला समिति की सदस्याओं के साथ प्रखंड अध्यक्ष प्रवीण कुमार सचिव शशिकांत बरनवाल संघ के अध्यक्ष विवेक कुमार, सह कोषाध्यक्ष शुभम कुमार सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे अतिथियों ने खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए उनकी उपलब्धि को गिरिडीह के लिए गौरव का विषय बताया उन्होंने कहा कि खेल के क्षेत्र में ऐसी सफलताएं जिले के अन्य बच्चों और युवाओं को भी आगे बढ़ने और देश का नाम रोशन करने की प्रेरणा देती हैं पूरे कार्यक्रम के दौरान खिलाड़ियों प्रशिक्षकों और अभिभावकों में उत्साह का माहौल देखने को मिला ढोल नगाड़ों जयकारों और सम्मान समारोह ने आयोजन को यादगार बना दिया।

### जरूरतमंद 19 विद्यार्थियों को सूर्य उदय चैरिटेबल ट्रस्ट ने दी 21 हजार की छात्रवृत्ति

**गिरिडीह (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** शिक्षा के क्षेत्र में आर्थिक रूप से कमजोर एवं मेधावी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से सूर्य उदय चैरिटेबल ट्रस्ट ने "प्रोजेक्ट भाग्य उदय" के तहत ऑनलाइन छात्रवृत्ति शिविर आयोजित किया शिविर में ई-लॉटरी के माध्यम से ट्रस्ट के कार्डधारक सदस्यों में से 19 विद्यार्थियों का चयन किया गया और उन्हें कुल ₹21,000 की छात्रवृत्ति प्रदान की गई ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रद्युमन प्रद्योत ने कहा कि शिक्षा समाज में सकारात्मक बदलाव का सबसे प्रभावी माध्यम है उन्होंने बताया कि छात्रवृत्ति की यह राशि भले ही छोटी हो लेकिन इसका उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों में आत्मविश्वास बढ़ाना और उन्हें अपनी पढ़ाई जारी रखने के लिए प्रेरित करना है उन्होंने कहा कि कई प्रतिभाशाली विद्यार्थी आर्थिक कठिनाइयों के कारण अपनी शिक्षा बीच में छोड़ने को मजबूर हो जाते हैं ऐसे विद्यार्थियों को सहयोग देकर आगे बढ़ाना ही ट्रस्ट का उद्देश्य है ट्रस्ट जाति धर्म और वर्ग से ऊपर उठकर मानवता एवं शिक्षा के आधार पर समाज सेवा के लिए कार्य कर रहा है प्रद्युमन प्रद्योत ने बताया कि भविष्य में सरकार सामाजिक संस्थाओं उद्योग जगत एवं अन्य सहयोगी संगठनों का सहयोग मिलने पर उसका पारदर्शी लाभ गरीब और जरूरतमंद विद्यार्थियों तक पहुंचाया जाएगा ट्रस्ट शिक्षा के साथ साथ स्वास्थ्य महिला सशक्तिकरण और सामाजिक विकास के क्षेत्र में भी अपने कार्यों का विस्तार करने की योजना बना रहा है कार्यक्रम के अंत में ट्रस्ट ने छात्रवृत्ति प्राप्त सभी विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

# जनसंपर्क कार्यालय में चोरी के सामान सहित दो गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** जिला जनसंपर्क कार्यालय में हुई इलेक्ट्रॉनिक सामान चोरी के मामले का नगर थाना पुलिस ने सफलतापूर्वक खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है पुलिस ने उनकी निशानदेही पर चोरी गया एलईडी टीवी इनवर्टर और दो बैटरियां बरामद की हैं नगर थाना में इस मामले में 29 जुलाई 2026 को कांड संख्या 158/26 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी शिकायत जनसंपर्क कार्यालय में कार्यरत प्रभारी लिपिक राजेश पासवान द्वारा दर्ज कराई गई थी मामले की जांच पुलिस अधीक्षक डॉ. विमल कुमार के निर्देश पर की गई डीएसपी नीरज कुमार सिंह ने प्रेसवार्ता में बताया कि जांच के दौरान पुलिस ने





न्यू चूड़ी मोहल्ला समेत विभिन्न स्थानों पर छापेमारी कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गिरफ्तार आरोपियों की पहचान महताब अंसारी उर्फ बल्लू न्यू चूड़ी मोहल्ला और मो वारिस सिमरियाधीड़ा मुफस्सिल थाना क्षेत्र के रूप में हुई है पूछताछ में दोनों आरोपियों ने चोरी की घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की उनकी निशानदेही पर चोरी गया एक एलईडी टीवी क्षतिग्रस्त एक इनवर्टर और दो बैटरियां बरामद की गई हैं पुलिस के अनुसार मामले में आगे की जांच जारी है बरामद सामानों का सत्यापन और अन्य आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है छापेमारी दल में नगर थाना के सह थाना प्रभारी रतन कुमार सिंह सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे।

# आरटीआई आयोग का मुद्दा उठाने की अपील, सिविल सोसाइटी ने विधायकों से की मांग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के बीच सिविल सोसाइटी गिरिडीह ने राज्य के सभी 81 विधायकों से अपील की है कि वे झारखंड राज्य सूचना आयोग में वर्षों से लंबित द्वितीय अपीलों और शिकायतों के मुद्दे को प्रमुखता से सदन में उठाएं संस्था का कहना है कि सूचना आयुक्तों की नियुक्ति हो चुकी है लेकिन अब तक आयोग में नियमित सुनवाई शुरू नहीं होने से हजारों मामले लंबित हैं सिविल सोसाइटी के अध्यक्ष निर्मल झुनझुनवाला ने प्रेस रिलीज जारी कर कहा कि सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 लोकतंत्र में पारदर्शिता और जवाबदेही का महत्वपूर्ण माध्यम है वर्षों तक नियमित सुनवाई बाधित रहने से आयोग में करीब 25 हजार से अधिक द्वितीय अपीलें और शिकायतें लंबित हो गई हैं जिससे आम नागरिकों को समय पर न्याय नहीं मिल पा रहा है संस्था ने विधायकों से आग्रह किया है कि वे प्रश्नकाल शून्यकाल ध्यानाकर्षण या अन्य संसदीय माध्यमों से सरकार का ध्यान इस ओर आकर्षित करें और आयोग में तत्काल नियमित सुनवाई शुरू कराने की मांग करें प्रमुख मांगे सूचना आयुक्तों की नियुक्ति के बाद आयोग में तत्काल नियमित सुनवाई शुरू हो लंबित द्वितीय अपीलों और शिकायतों के निस्तारण के लिए विशेष समयबद्ध अभियान चलाया जाए।

# फसल बीमा का मौका, जागरूकता रथ रवाना

## धान पर 73,209 और मक्का पर 45,640 तक मिलेगा बीमा कवर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** खरीफ-2026 में अधिक से अधिक किसानों को बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना बी-पीएमएफबीवाई से जोड़ने के लिए गुरुवार को समाहरणालय परिसर से जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया उप विकास आयुक्त स्मृता कुमारी अपर समाहर्ता वैभव कुमार सिंह और जिला सहकारिता पदाधिकारी अश्विनी ओझा ने संयुक्त रूप से रथ को रवाना किया उप विकास आयुक्त ने कहा कि प्राकृतिक आपदाओं और प्रतिकूल मौसम से किसानों की फसलों को होने वाले नुकसान से बचाने के लिए यह योजना बेहद महत्वपूर्ण है उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जागरूकता रथ के माध्यम से गांव



गांव जाकर किसानों को योजना की जानकारी दें और निर्धारित अवधि के भीतर अधिकतम किसानों का बीमा सुनिश्चित करें उन्होंने बताया कि खरीफ 2026 में ऋणी और गैर ऋणी दोनों किसान मात्र 1 के सांकेतिक प्रीमियम पर योजना का लाभ उठा सकते हैं इसके अलावा किसी प्रकार का अतिरिक्त शुल्क नहीं लिया जाएगा गिरिडीह जिले में इस वर्ष अगहनी धान और भदई मक्का अधिसूचित फसलें हैं अगहनी धान के लिए 73,209 प्रति हेक्टेयर और भदई मक्का के लिए 45,640 प्रति हेक्टेयर तक बीमा कवर मिलेगा जिला सहकारिता पदाधिकारी अश्विनी ओझा ने बताया कि योजना में बुआई विफल होने प्राकृतिक आपदा उपज में कमी और कटाई के बाद फसल को हुए नुकसान जैसी परिस्थितियां भी शामिल हैं उन्होंने किसानों से फसल क्षति होने पर निर्धारित समय सीमा के भीतर बैंक सीएससी या अन्य अधिकृत माध्यमों से सूचना देने की अपील की किसान बैंक सहकारी बैंक कॉमन सर्विस सेंटर सीएससी क्रॉप इंश्योरेंस ऐप पीएमएफबीवाई पोर्टल या बीमा कंपनी के कार्यालय के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं योजना से संबंधित जानकारी और शिकायत के लिए कृषि सहायता हेल्पलाइन 14447 भी उपलब्ध है।

# विनोबा भावे विश्वविद्यालय के भूगर्भ विभाग के पूर्व छात्र अनुपम कुमार का डिप्टी चीफ मैनेजर पद पर चयन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हजारीबाग ब्यूरो ।** विनोबा भावे विश्वविद्यालय के भूगर्भ विभाग के लिए गर्व का विषय है कि विभाग के पूर्व छात्र अनुपम का चयन तमिलनाडु की ख्याति प्राप्त कंपनी एनएलसी में डिप्टी चीफ मैनेजर, भूगर्भशास्त्र के प्रतिष्ठित पद पर हुआ है। अनुपम ने अपनी प्रतिभा, कठिन परिश्रम, अनुशासन एवं दृढ़ संकल्प के बल पर यह उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। उनकी यह उपलब्धि विश्वविद्यालय के वर्तमान विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है तथा यह दशार्ती है कि निरंतर प्रयास और



गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के माध्यम से उच्च पदों तक पहुँचना संभव है। इस अवसर पर भूगर्भ विभाग के शिक्षकों एवं पूर्व छात्रों ने अनुपम को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विभाग ने विश्वास व्यक्त किया कि अनुपम अपने कार्यक्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देकर विश्वविद्यालय तथा झारखंड का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित करेंगे। विभागाध्यक्ष डॉ एचएन सिन्हा ने कहा कि अनुपम इससे पहले त्रिवेणी, हिंडाल्को, मोनेट आदि में कार्य कर चुके हैं। अनुपम के पास कार्य का लंबा अनुभव है।उनकी सफलता वर्तमान विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायी है और यह उपलब्धि उन्हें अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित होकर निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करेगी।

# 108 एम्बुलेंस सेवा बदहाल, अधिकांश वाहन खराब

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** गिरिडीह जिले में 108 एम्बुलेंस सेवा की बदहाल स्थिति को लेकर पूर्व जिला परिषद सदस्य एवं ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक के जिला संयोजक राजेश यादव ने सरकार पर सवाल उठाए हैं उन्होंने कहा कि जिले में संचालित अधिकांश 108 एम्बुलेंस खराब अवस्था में हैं जबकि चालकों को भी कई महीनों से मानदेय का भुगतान नहीं किया गया है इससे गरीब और जरूरतमंद मरीजों को समय पर स्वास्थ्य सुविधा नहीं मिल पा रही है राजेश यादव ने बताया कि लोगों से लगातार मिल रही शिकायतों के बाद उन्होंने मामले की जानकारी ली उनके अनुसार जिले में पहले 35 से अधिक 108 एम्बुलेंस संचालित



थीं लेकिन रखरखाव के अभाव में अधिकांश वाहन खराब हो गए हैं वर्तमान में केवल 10 से 12 एम्बुलेंस ही किसी तरह सेवा दे रही हैं उन्होंने आरोप लगाया कि एम्बुलेंस चालकों को नियुक्त करने वाली आउटसोर्सिंग कंपनी ने भी कई महीनों से उनका मानदेय नहीं दिया है जिससे चालक आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं राजेश यादव ने कहा कि यह स्थिति बेहद चिंताजनक है और इसका सीधा असर गरीब मरीजों पर पड़ रहा है जो निजी एम्बुलेंस का खर्च उठाने में सक्षम नहीं हैं उन्होंने राज्य सरकार से मांग की कि सभी खराब एम्बुलेंसों की जल्द मरम्मत कर उन्हें पुन सेवा में लगाया जाए तथा चालकों का बकाया मानदेय तत्काल भुगतान कर नियमित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

# नशा मुक्त विकसित भारत अभियान की प्रतियोगिताओं में छात्राओं का शानदार प्रदर्शन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में मेरा युवा भारत माइ भारत गिरिडीह द्वारा "नशा मुक्त युवा विकसित भारत" अभियान के तहत गुरुवार को सर जे.सी. बोस बालिका उच्च विद्यालय में जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया प्रतियोगिता में आरके महिला महाविद्यालय की छात्राओं ने विभिन्न विधाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कई पुरस्कार अपने नाम किए भाषण पोस्टर निर्माण चित्रकला स्लोगन लेखन स्वरचित कविता पाठ एवं समूह नृत्य जैसी प्रतियोगिताओं में महाविद्यालय की छात्राओं ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया प्रतियोगिता में समूह नृत्य में आकृति



निशा मुनकी सीमा एवं सुशांति की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया वहीं स्वरचित कविता पाठ में कशिश ने द्वितीय स्थान और भाषण प्रतियोगिता में रूपा कुमारी ने तृतीय स्थान हासिल कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. के.एन. शर्मा ने सभी विजेता छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की उन्होंने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारने के साथ साथ सामाजिक जागरूकता बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

# परीक्षा में कथित धांधली के विरोध में छात्र संघ ने फूंका पुतला

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** जेपीएससी एवं जएसएससी भर्ती परीक्षाओं में कथित धांधली अनियमितताओं और अभ्यर्थियों के साथ हो रहे अन्याय के विरोध में गुरुवार को युवा आजसू एवं अखिल झारखंड छात्र संघ आजसू छात्र संघ ने गिरिडीह में जोरदार प्रदर्शन करते हुए राज्य सरकार का पुतला दहन किया कार्यक्रम का नेतृत्व आजसू छात्र संघ के जिला अध्यक्ष अक्षय यादव ने किया प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में छात्र युवा और संगठन के कार्यकर्ता शामिल हुए प्रदर्शनकारियों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए भर्ती परीक्षाओं को पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से कराने तथा कथित अनियमितताओं की निष्पक्ष जांच की मांग उठाई महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष प्रियंका शर्मा ने कहा कि भर्ती परीक्षाओं में लगातार




सामने आ रही कथित अनियमितताओं से लाखों युवाओं का भविष्य प्रभावित हो रहा है उन्होंने पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच कर दोषियों पर कठोर कार्रवाई करने और योग्य अभ्यर्थियों को न्याय दिलाने की मांग की वहीं युवा आजसू के जिला प्रभारी उत्कर्ष महतो ने राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि सरकार युवाओं के भविष्य की अनदेखी कर रही है। उन्होंने भर्ती प्रक्रिया में कथित गड़बड़ियों के साथ-साथ उसरी नदी से जुड़े मुद्दे को भी उठाते हुए सरकार की कार्यशैली पर सवाल खड़े किए आजसू छात्र संघ ने चेतावनी दी कि यदि छात्रों की मांगों की अनदेखी की गई तो संगठन चरणबद्ध तरीके से राज्यव्यापी आंदोलन को और तेज करेगा इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष सतीश यादव प्रिंस चौरसिया चंदन मंडल संजीत यादव जिला सचिव कुंदन चंद्रवंशी करण यादव सह सचिव सागर तिवारी दिलीप मंडल जिला सोशल मीडिया प्रभारी दिवाकर चंद्रवंशी संदीप दास सुभाष दास रोहित रजक सोनू यादव प्रिंशु गुप्ता रिशु कुमार आशीष सिंह कृष्ण सिंह छोटू यादव सुजीत कुमार मोमद अजीम अंसारी विष्णु देव आकाश राहुल विवेक सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## एक नजर

### बकरा गांव में नाले की समस्या पर पंचायत समिति में गूंजा मुद्दा

**गिरियक**। प्रखंड की चोरसुआ पंचायत के बकरा गांव स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय के पास वर्षों से बनी जलजमाव और नाले की निकासी की समस्या पंचायत समिति की बैठक में प्रमुखता से उठी। समिति सदस्यों ने बताया कि मुख्य मार्ग से सटे विद्यालय तक पहुंचने के लिए प्रतिदिन छात्रों को गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ता है, जिससे उनकी पढ़ाई प्रभावित हो रही है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि कई बार अधिकारियों ने स्थल निरीक्षण किया, लेकिन अब तक समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो सका।बैठक में समिति सदस्य सुनील कुमार ने मामले का शीघ्र समाधान करने की मांग करते हुए संबंधित अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से सहयोग की अपील की। ग्रामीणों का कहना है कि वार्ड संख्या 1 और 2 में जलनिकासी की स्थिति सबसे अधिक खराब है। सरकारी राशि से कुछ दूरी तक नाला निर्माण कराया गया, लेकिन निकासी स्थल पर अतिक्रमण होने से पानी का बहाव रुक गया है, जिससे सड़क और गलियों में हमेशा जलजमाव रहता है।प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेश कुमार एवं अधिकारी सत्री कुमार ने मामले को गंभीर बताते हुए संबंधित अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के समन्वय बनाकर शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया, ताकि छात्रों और ग्रामीणों को इस समस्या से राहत मिल सके।

### मोगलकुंआ पुल के पास धंसी सड़क की मरम्मत पूरी, आवागमन हुआ सुरक्षित

**बिहारशरीफ**। पटना-रांची मार्ग पर मोगलकुंआ पुल के निकट क्षतिग्रस्त हुई सड़क की मरम्मत का कार्य पूरा कर लिया गया है। सड़क धंसने की शिकायत मिलने के बाद पथ प्रमंडल, बिहारशरीफ ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मरम्मत कार्य संपन्न कराया।कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, बिहारशरीफ ने बताया कि बिहार-बख्तियारपुर (पटना-रांची रोड) पर मोगलकुंआ पुल के समीप सड़क का एक हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया था। शिकायत मिलते ही विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर आवश्यक मरम्मत कार्य कराया, जिससे मार्ग पर आवागमन अब पूरी तरह सुरक्षित हो गया है।जिला प्रशासन ने बताया कि आमजन की सुविधा और सुरक्षित यातायात सुनिश्चित करने के लिए प्राप्त शिकायतों पर प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई की जा रही है। साथ ही जिले के प्रमुख सड़क मार्गों की नियमित निगरानी भी की जा रही है, ताकि किसी भी प्रकार की समस्या का समय पर समाधान किया जा सके।

### इग्नू नालंदा कॉलेज ने विज्ञान के विद्यार्थियों के लिए खोले नए द्वार

**बिहारशरीफ**। विज्ञान में अगर उच्च शिक्षा ग्रहण करना है एवं रेगुलर मोड के किसी कॉलेज में प्रवेश नहीं मिला है तो जिले के प्रतिष्ठित नालंदा कॉलेज में इग्नू केंद्र में इस सत्र से प्रवेश लिया जा सकता है। इग्नू केंद्रीय कार्यालय एवं क्षेत्रीय कार्यालय पटना के द्वारा जारी पत्र के अनुसार नालंदा कॉलेज केंद्र में भूगोल, गणित, भौतिकी, रसायनशास्त्र, जूलॉजी, बॉटनी एवं जीयोलॉजी विषय में तीन वर्षीय स्नातक स्तर पर प्रवेश लेने की अनुमति प्रदान की है। दूरस्थ एवं ऑनलाइन शिक्षा के माध्यम से उच्च शिक्षा प्राप्त करने के इच्छुक विद्यार्थी अब इग्नू के आधिकारिक पोर्टल पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। नालंदा कॉलेज की प्राचार्या प्रो सुनीता सिन्हा ने इग्नू केंद्र के सभी सदस्यों को विशेषकर समन्वयक डॉ रतनेश अमन को बधाई देते हुए कहा कि यह केवल कॉलेज के लिए उपलब्धि की बात नहीं है बल्कि पूरे नालंदा जिला सहित आसपास के जिले जैसे शेखपुरा एवं नवादा के छात्र भी इससे लाभान्वित होंगे। उन्होंने अपील कि की जिनका प्रवेश अभी तक किसी कॉलेज में नहीं हुआ है उनके लिए विज्ञान के विषय में प्रवेश लेने का सुनहरा अवसर है। उन्होंने कॉलेज से हर संभव मदद का भरोसा दिया। इग्नू नालंदा कॉलेज के समन्वयक डॉ. रतनेश अमन ने इस उपलब्धि पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि नालंदा में विज्ञान विषय में उच्च शिक्षा की डिग्री प्राप्त करने की इच्छा बड़ी संख्या में छात्रों की होती है लेकिन जिले में नियमित कॉलेजों में विज्ञान की सीटें सीमित रहने के कारण बहुत सारे छात्र प्रवेश से वंचित रह जाते हैं। इग्नू के नालंदा कॉलेज केंद्र में विज्ञान के विषयों की पढ़ाई शुरू होने से वैसे छात्रों की समस्या दूर हो जाएगी। डॉ अमन ने बताया कि इंटर किए हुए कोई भी छात्र इसी सत्र में प्रवेश ले सकता है। छात्रों की सुविधा के लिए प्रवेश पोर्टल 16 अगस्त तक खुली रहेगी। जो भी विद्यार्थी प्रवेश लेना चाहते हैं वे ऑनलाइन माध्यम से प्रवेश ले सकते हैं एवं कोई भी जानकारी प्राप्त करने के लिए नालंदा कॉलेज में इग्नू कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं। ज्ञात हो कि इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय दुनिया का सबसे बड़ा मुक्त विश्वविद्यालय है जो दूरस्थ और ऑनलाइन माध्यम से स्नातक, स्नातकोत्तर, डिप्लोमा और प्रमाण पत्र पाठ्यक्रम प्रदान करता है। 1985 में स्थापित विश्वविद्यालय की खास बात इसके नियमित सत्र, कोर्सेज की बहुलता, लचीला कोर्स एवं परीक्षा पद्धति, उच्चस्तरीय कोर्स मेटेरियल एवं परीक्षा केंद्र चुनने की आजादी बहुत सारे विद्यार्थियों के लिए आकर्षण का कारण होती है।

### होम्योपैथिक चिकित्सक की पत्नी हिमानी सिन्हा के निधन पर शोक



**औरंगाबाद**। शहर के क्लब रोड स्थित प्राख्यात होम्योपैथिक चिकित्सक स्व. सतीश चन्द्र राय की बहु और होमियोपैथिक चिकित्सक अभिषेक सिन्हा की पत्नी हिमानी सिन्हा का हर्ट अटैक से मेडिकल कॉलेज जमुहार में इलाज के दौरान निधन हो गया। वे मदनपुर प्रखंड के बसतपुर गांव में शिक्षक के पद पर पदस्थापित थी। बता दें कि शिक्षिका हिमानी सिन्हा का पशु-पक्षी जीव-जंतुओं से विशेष लगाव था। उनके निधन पर पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह, डा. अनिल कुमार सिन्हा, डा. राजीव कुमार, प्रो. नीलम रानी, लोक अभियोजक अजय कुमार संतोष, ग्लोबल कायस्थ कान्फ्रेंस के अध्यक्ष डा. कमल किशोर, महासचिव अजय कुमार वर्मा, अजय कुमार श्रीवास्तव, महेंद्र प्रसाद, मधुसूदन प्रसाद सिन्हा, दीपक बलजोरी, राजू सिन्हा, राजेश सिन्हा, सूर्यकांत, आलोक रंजन, राकेश रंजन, आलोक कुमार सहित ने शोक जताया है। साथ ही परिजनों को ढांढस बंधाया है।

### न्याय तक संघर्ष होगा, उच्चतम न्यायालय की देख रेख में हो जांच : अकेला

**हसपुरा (औरंगाबाद)**। डिहरी -डालमिया नगर नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी बिमल कुमार के हत्यारों के सजा मिलने तक वैश्य चेतना समिति संघर्ष जारी रखेगा, उपरोक्त बाते वैश्य चेतना समिति के जिला संयोजक सह सुंडी वैश्य संगठन के प्रमंडलीय सह संयोजक विजय कुमार अकेला ने कहा। श्री अकेला ने कहा कि इस जघन्य हत्याकांड की जांच उच्चतम न्यायालय के देख रेख में गठित समिति करे। साथ ही साथ जो पोस्टमार्टम रिपोर्ट आया है, और ड्राइवर के शुरुआत में बदलते बयान के उपरांत उसका लाई डिक्टेटर जांच भी जरूरी हो गया है। वैश्य चेतना समिति द्वारा स्वयं भी इस मामले में केविएट दाखिल करेगी। साथ ही उनके श्राद्ध कर्म के उपरांत इस मुद्दे पर इस आन्दोलन को गति देने के लिए समिति की ओर से प्रदेश अध्यक्ष इंजीनियर सुंदर साहू के नेतृत्व में एक रूपरेखा पीड़ित परिवार के इच्छा के अनुरूप तय करेगी।

### सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**औरंगाबाद**। हाइड्रा वाहन और बाइक की टक्कर में एक युवक की मौत हो गई। घटना मदनपुर थाना क्षेत्र के शिवगंज बाजार की है। जहां बुधवार बुधवार की देर शाम में घटना घटित हुई। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम रिपोर्ट कराने के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। मृतक की पहचान थाना क्षेत्र के तेलडीहा निवासी लक्ष्मण तिवारी के 22 वर्षीय पुत्र चंदन कुमार तिवारी के रुप में की गई है। बताया जाता है कि युवक देर शाम शिवगंज बाजार के लिए आया था। जहां से कुछ सामग्रियां खरीद कर वापस घर लौट रहा था। इसी क्रम में वह हादसे का शिकार हो गया। इस घटना से मृतक के परिजनों में शोक व्याप्त है। स्थानीय लोगों ने मृतक के आश्रितों के लिए जिला प्रशासन से उचित मुआवजे की मांग की है।

# जेपीएससी-जेएसएससी छात्र आंदोलन को मिला देशभर का समर्थन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची**। जेपीएससी-जेएसएससी परीक्षा में कथित अनियमितताओं के विरोध में जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम में चल रहा छात्र आंदोलन 13वें दिन भी जारी रहा। आंदोलन अब केवल झारखंड तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि इसे देश के विभिन्न हिस्सों से भी नैतिक समर्थन मिलने लगा है। दरअसल, गुरुवार को धरना स्थल पर उत्तर प्रदेश, हरियाणा, महाराष्ट्र समेत कई राज्यों से सामाजिक कार्यकर्ता, छात्र हितों से जुड़े लोग और जनप्रतिनिधि पहुंचे। सभी ने आंदोलनरत छात्रों से मुलाकात कर उनकी मांगों का समर्थन किया और सरकार से जल्द समाधान निकालने की अपील की।

धरना स्थल पर दिल्ली के जंतर-मंतर परीक्षा सुधार आंदोलन के दौरान चर्चा में आए उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद निवासी मोहम्मद जुनैद भी पहुंचे। उन्होंने छात्रों से मुलाकात कर कहा कि जहां भी छात्र अपने अधिकारों और शिक्षा से जुड़े मुद्दों को लेकर शांतिपूर्ण आंदोलन करेंगे, वह उनके समर्थन में खड़े रहेंगे। उन्होंने कहा कि यह किसी सरकार के पक्ष या विपक्ष की लड़ाई नहीं बल्कि छात्रों के भविष्य का सवाल है।

इसी क्रम में हरियाणा के हिसार से पहुंचे 'तिरंगा मैन' राजेश हिंदुस्तानी ने भी आंदोलन का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि उन्होंने देश के कई आंदोलनों को देखा है लेकिन रांची में छात्र केवल अपने मूल मुद्दे पर डटे हुए हैं। उनके अनुसार यही इस आंदोलन की सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने छात्रों से अनुशासन बनाए रखने और लोकतांत्रिक तरीके से अपनी मांगों को आगे बढ़ाने की अपील की। धरना स्थल पर पद्मश्री सम्मान से सम्मानित पर्यावरणविद् यमुना टुडू, महाराष्ट्र से पहुंचे सामाजिक कार्यकर्ता और कलाकार रितेश राजवाड़ा, झारखंड बार एसोसिएशन के सचिव संजय विद्रोही और डुमरी विधायक जयराम महतो ने भी छात्रों से मुलाकात कर उनका मनोबल बढ़ाया। सभी ने एक स्वर में कहा कि छात्रों की मांगों पर सरकार को गंभीरता से विचार करना चाहिए। बार एसोसिएशन के सचिव संजय विद्रोही ने कहा कि जेपीएससी समेत प्रतियोगी परीक्षाओं में यदि किसी प्रकार की अनियमितता सामने आती है तो सरकार को त्वरित और प्रभावी कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि केवल जांच पर्याप्त नहीं है बल्कि ऐसे मामलों में दोषियों के खिलाफ कड़े कानून के तहत कार्रवाई सुनिश्चित होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसा नहीं होना चाहिए कि आरोपी कुछ समय बाद जमानत पर बाहर आकर फिर से प्रभावशाली पदों पर पहुंच जाए, इससे व्यवस्था पर सवाल उठते हैं और भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिलता है।

## जेएसएलपीएस में नई एचआर पॉलिसी, अतिरिक्त पदों पर रोजगार सृजन के साथ वेतन वृद्धि और सुविधाओं में इजाफा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची**। जेएसएलपीएस के अधीन काम करने वाले कर्मियों के लिए एक अच्छी खबर है। लंबे समय के इंतजार के बाद जेएसएलपीएस की नई मानव संसाधन व्यवस्था को ग्रामीण विकास विभाग ने हरी झंडी प्रदान कर दी है।राज्य की ग्रामीण विकास, ग्रामीण कार्य एवं पंचायती राज मंत्री दीपिका पांडेय सिंह की विशेष पहल के बाद ये संभव हुआ है। नई मानव संसाधन व्यवस्था लागू होने से जेएसएलपीएस में करीब 13 सौ अतिरिक्त पदों पर रोजगार के अवसर सृजित होंगे, ये कदम संस्था की कार्य क्षमता को बढ़ाने के साथ-साथ राज्य के बेरोजगार युवकों को रोजगार के अवसर प्रदान करने में मददगार साबित होगा। झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी की नई मानव संसाधन व्यवस्था पर गौर करें तो एल-5 से एल- 8 तक के कर्मचारियों के वेतन में 60 प्रतिशत तक का इजाफा किया गया है। नई व्यवस्था में कर्मचारियों के लैपटॉप और संचार भत्ते में भी वृद्धि की गई है, जो आज के बदलते हुए दौर के लिहाज से काम के लिए जरूरी है। इसके साथ ही पहली बार जेएसएलपीएस के कर्मियों को शिक्षा भत्ता के साथ व्यावसायिक विकास भत्ता मिलने जा रहा है। ये कदम कर्मचारियों के परिवार के शैक्षणिक विकास और उनके बौद्धिक ज्ञान के लिए लाभकारी सिद्ध होगा। वहीं जेएसएलपीएस के कर्मी अब प्रतिमाह स्वास्थ्य लाभ के मद में 01 हजार रुपये तक का दावा कर सकेंगे।

## धनबाद में पासपोर्ट सेवा हुई डिजिटल, ऑनलाइन होगा पुलिस सत्यापन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**धनबाद**। अगर आप पासपोर्ट बनवाने की सोच रहे हैं तो यह खबर आपके काम की है। धनबाद में अब पासपोर्ट सत्यापन की प्रक्रिया पूरी तरह डिजिटल और पेपरलेस हो गई है। दस्तावेजों की जांच से लेकर पुलिस वेरिफिकेशन तक अधिकांश काम अब ऑनलाइन माध्यम से होगा। इससे प्रक्रिया पहले की तुलना में अधिक तेज, पारदर्शी और सुविधाजनक बनने की उम्मीद है।




नई व्यवस्था के तहत पासपोर्ट सेवा केंद्र में दस्तावेजों की जांच पूरी होने के बाद अधिकारी डिजिटल सिग्नेचर के जरिए फाइल को प्रमाणित करेंगे। इसके बाद सत्यापन रिपोर्ट सीधे ऑनलाइन क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय को भेज दी जाएगी। रिपोर्ट तैयार होने पर आवेदक को भी इसकी सूचना डिजिटल माध्यम से मिल जाएगी।

सबसे बड़ा बदलाव पुलिस सत्यापन प्रक्रिया में किया गया है। अब संबंधित थाना ऑनलाइन पोर्टल के जरिए ही वेरिफिकेशन रिपोर्ट तैयार कर भेजेगा। इससे कागजी फाइलों पर निर्भरता लगभग खत्म हो जाएगी और पूरी प्रक्रिया में लगने वाला समय भी कम होगा। इस संबंध में धनबाद के एसएसपी प्रभात कुमार ने बताया कि यह नई व्यवस्था एक अगस्त से लागू कर दी गई है। उन्होंने कहा कि पहले पुलिस सत्यापन के करीब 1300 मामले लंबित थे, लेकिन ऑनलाइन प्रणाली शुरू होने के बाद यह संख्या घटकर लगभग 580 रह गई है। डिजिटल सिस्टम से पासपोर्ट विभाग और पुलिस के बीच समन्वय बेहतर हुआ है, जिससे कामकाज में तेजी आई है।

## एसआइआर के दौरान पलामू में 3.46 लाख अनॉमली वोटर्स

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मेदिनीनगर(पलामू)**। झारखंड में चल रही एसआईआर प्रक्रिया के क्रम में ड्राफ्ट मतदाता सूची जारी कर दी गई है। सेल्फ एन्यूमरेशन फॉर्म की प्रक्रिया पूरा करने के बाद पलामू में ड्राफ्ट मतदाता सूची जारी की गई है। इसी सूची में पलामू में 3,46,596 अनॉमली वोटर मिले हैं। दरअसल, अनॉमली का मतलब सेल्फ एन्यूमरेशन फॉर्म जमा होने के बाद नामों में कई तरह की विसंगतियों का मिलना है। पलामू में सेल्फ एन्यूमरेशन फॉर्म जमा होने के बाद 2,65,651 मतदाताओं को सूची से बाहर किया गया है। पलामू में एसआईआर की प्रक्रिया शुरू होने से पहले 17,64,947 मतदाता थे। ड्राफ्ट



मतदाता सूची जारी होने के बाद पलामू में 14,99,296 मतदाता ही रह गए हैं। इनमें 3,46,596 अनॉमली वोटर हैं। अनॉमली वोटरों को लेकर पलामू जिला प्रशासन ने तैयारी शुरू कर दी है। सभी को नोटिस जारी किए जा रहे हैं। नोटिस जारी होने के बाद सभी के दावों की सुनवाई का कार्यक्रम शुरू किया जाएगा। जिले में तैनात एक-एक अधिकारी 100 से 150 मामलों की सुनवाई करेंगे।

पलामू जिले में 8 एवं 9 अगस्त को दावा एवं आपत्ति प्राप्त करने के लिए पहले कैंप का आयोजन किया जाएगा। जिला प्रशासन ने 15 अगस्त को पूरे जिले में ग्राम सभा लगाने की योजना तैयार की है। 22 एवं 23 अगस्त को दावा एवं आपत्ति प्राप्त करने के लिए दूसरे कैंप का आयोजन किया जाएगा। पलामू डीसी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने बताया कि एएसडीडीएफ और अनॉमली की संख्या चुनौती वाली है। बड़े पैमाने पर नोटिस जारी किया जाना है और उनके दावों की सुनवाई की जानी है। चुनाव आयोग से भी निर्देश मिले हैं कि एक दिन में कम से कम 100 दावों की सुनवाई की जाएगी, बाद में यह संख्या 200 से भी अधिक हो सकती है।

## श्रावणी मेला में सुरक्षा के अभूतपूर्व इंतजाम, शहर से लेकर जंगलों तक तैनात हैं हजारों पुलिसकर्मी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**देवघर**। पूरे जिले में करीब 12 हजार पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है। पुलिस अधीक्षक प्रवीण पुष्कर ने राज्य भर से आए पुलिसकर्मियों को स्पष्ट निर्देश दिया है कि वे बेहतर पुलिसिंग के साथ मानवीय व्यवहार को भी प्राथमिकता दें, क्योंकि मेला क्षेत्र में आने वाले लोग अपराधी नहीं बल्कि श्रद्धालु हैं। एसपी ने कहा कि श्रद्धालु के आत्मसम्मान और सुरक्षा से किसी भी कीमत पर समझौता नहीं किया जाएगा। पुलिस का उद्देश्य केवल कानून व्यवस्था बनाए रखना नहीं, बल्कि श्रद्धालुओं को सुरक्षित और सम्मानजनक माहौल उपलब्ध कराना भी है। इस वर्ष सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत किया गया है। पुलिस के अनुसार, मिले कुछ इंटेलिजेंस इनपुट को देखते हुए मंदिर और मेला क्षेत्र की सुरक्षा के लिए अतिरिक्त सतर्कता बरती जा रही है। इसी कारण शहर



के साथ-साथ ग्रामीण और जंगली इलाकों में भी लगातार सघन गश्त कराई जा रही है।

एसपी प्रवीण पुष्कर ने बताया कि पूर्व की घटनाओं को ध्यान में रखते हुए इस वर्ष सुरक्षा के दायरे का विस्तार किया गया है। उन्होंने कहा कि विशेष सुरक्षा बलों की भी तैनाती की गई है, जो संदिग्ध गतिविधियों और मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को नुकसान पहुंचाने की आशंका वाले लोगों पर लगातार नजर रख रहे हैं। उन्होंने बताया कि शहरी क्षेत्रों में होटल, लॉज और किराए के मकानों की निगरानी आधुनिक तकनीक और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद से की जा रही है।

वहीं, असामाजिक या आतंक समर्थक तत्वों के जंगलों में शरण लेने की आशंका को देखते हुए ग्रामीण एवं वन क्षेत्रों में भी पुलिस और सुरक्षा बल लगातार गश्त कर रहे हैं। बता दें कि इस वर्ष देवघर के बैद्यनाथ धाम मंदिर के एक दानपेटी से पाकिस्तानी करेंसी मिलने के बाद देवघर और पूरे मंदिर परिसर को हाई अलर्ट पर रखने का निर्देश दिया गया है।

## संसद में गूंजा सिंहभूम का मुद्दा, सांसद जोबा माझी ने चिरिया खदान के पूर्ण संचालन की उठाई मांग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**चाईबासा**। सिंहभूम सांसद जोबा माझी ने गुरुवार को लोकसभा में नियम 377 के तहत पश्चिमी सिंहभूम जिले की सेल की मनोहरपुर लौह अयस्क खदान (चिरिया) के पूर्ण संचालन का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि खदान क्षेत्र के धोबिल, मेकलोलेन, अजीताबुरु और सुकरी-लुटूरूबुरु जैसे इलाकों में विशाल लौह अयस्क भंडार उपलब्ध हैं, लेकिन अधिकांश खनन पट्टों में वन एवं अन्य वैधानिक स्वीकृतियां लंबित होने के कारण खनन कार्य शुरू नहीं हो सका है।




**मनोहरपुर लौह अयस्क खदान का पूर्ण संचालन की मांग**

सांसद ने कहा कि मनोहरपुर लौह अयस्क खदान का पूर्ण संचालन होने से देश में लौह अयस्क उत्पादन बढ़ेगा और इस्पात उद्योग को पर्याप्त मात्रा में कच्चा माल उपलब्ध हो सकेगा। इससे आयात पर निर्भरता कम होगी तथा स्थानीय, विशेषकर जनजातीय समुदाय के लोगों के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। साथ ही क्षेत्र के आर्थिक विकास को भी गति मिलेगी। उन्होंने केंद्र सरकार से मैनेजमेंट प्लान फॉर सस्टेनेबल माइनिंग (एमपीएसएम) की शीघ्र समीक्षा कराने, लंबित वन एवं अन्य वैधानिक स्वीकृतियों का त्वरित निपटारा करने तथा वर्ष 1980 से पूर्व बाधित क्षेत्रों में वैज्ञानिक तरीके से खनन की अनुमति देने की मांग की। इसके अलावा उन्होंने अंतर-मंत्रालयी समिति गठित कर समयबद्ध कार्ययोजना तैयार करने की भी मांग की, ताकि मनोहरपुर लौह अयस्क खदान के सभी पट्टों का जल्द पूर्ण संचालन सुनिश्चित किया जा सके।

## रूठे मेघों ने बढ़ाई किसानों की चिंता, कचरे के पानी से हो रही धान की रोपाई

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**जमुई**। जिले में कमजोर मानसून और पर्याप्त बारिश नहीं होने से किसानों की चिंता बढ़ गई है। महिसौडी गांव के किसान गिरीश पासवान कहते हैं, "हर साल इस उम्मीद में धान का बिचड़ा तैयार करते हैं कि समय पर अच्छी बारिश होगी तो खेतों में रोपाई कर सकेंगे। अच्छी फसल होने पर परिवार के लिए सालभर का अनाज मिलेगा और कुछ उपज बेचकर महाजन का कर्ज भी चुका देंगे। यदि कुछ पैसे बचेंगे तो आगे के काम आएंगे।" गिरीश बताते हैं कि पिछले कई वर्षों से समय पर अच्छी बारिश नहीं हो रही है। इस बार भी मानसून की



बारिश अपेक्षित नहीं होने से उनकी मेहनत पर पानी फिरता नजर आ रहा है। उनका कहना है कि हर वर्ष कर्ज लेकर खेती करनी पड़ती है और कर्ज का बोझ लगातार बढ़ रहा है। पिछले पांच-छह वर्षों से बिचड़ा बचाने के लिए नाले का पानी जमा कर खेती करनी पड़ रही है। धान की अच्छी पैदावार के लिए बिचड़ा तैयार करने से लेकर रोपाई तक का उपयुक्त समय एक जून से 31 जुलाई माना जाता है। जून और जुलाई बीत चुके हैं तथा अगस्त का पहला सप्ताह चल रहा है। बारिश की कमी के कारण जिले की हजारों एकड़ कृषि भूमि अब भी परती पड़ी है। जिला मुख्यालय के वार्ड संख्या 12 (महिसौडी), हरनाहा, कल्याणपुर, नीमारंग, भछियार, हांसडीह और उझंडी समेत कई इलाकों में कुछ किसान शहर के कचरे और गंदगी से भरे बदबूदार पानी को खेतों में जमा कर धान के बिचड़ों की रोपाई करने को मजबूर हैं।

## भारत-नेपाल सीमा पर विवादित सुस्ता क्षेत्र में तनाव, निर्माण रोकने गई एसएसबी से उलझे नेपाली ग्रामीण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बगहा**। भारत-नेपाल सीमा पर स्थित विवादित सुस्ता क्षेत्र में भूमि अतिक्रमण और निर्माण कार्य को लेकर अचानक तनाव उत्पन्न हो गया। सशस्त्र सीमा बल की रामपुरवा जी कंपनी की टीम जब सूचना मिलने पर विवादित जमीन पर अवैध निर्माण रोकने पहुंची, तो नेपाल के सुस्ता गांव के 150 से 200 ग्रामीणों ने उनका जोरदार विरोध किया। एसएसबी की लिखित शिकायत पर वाल्मीकिनगर थाना पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। सहायक कमांडेंट के अनुसार, 2 अगस्त 2026 को सुबह करीब 11:40 बजे विवादित क्षेत्र में निर्माण कार्य की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंची गश्ती टीम ने दोनों देशों के बीच पूर्व से लागू यथास्थिति का हवाला देकर काम रोकने का प्रयास किया, जिस पर ग्रामीण उलझ गए। हालांकि, जवानों ने संयम बरतते हुए स्थिति को नियंत्रित कर लिया। गौरतलब है कि घटना से ठीक तीन दिन पहले, 31 जुलाई 2026 को भारत और नेपाल के सुरक्षा अधिकारियों के बीच संयुक्त बैठक हुई थी। इसमें अंतिम फैसला होने तक किसी भी नए निर्माण पर रोक और पूर्व स्थिति बनाए रखने पर सहमति बनी थी। इसके बावजूद नेपाली ग्रामीणों द्वारा बांध निर्माण शुरू करने से यह विवाद खड़ा हुआ।



**दक्षिण पूर्व रेलवे-निविदा**

**ई-निविदा सूचना सं.: ई-डीआरएम-इंजी-आद्रा-74-76-26, दिनांक 06.08.2026;** भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मंडल रेल प्रबंधक (इंजी.), दक्षिण पूर्व रेलवे, आद्रा द्वारा निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। **क्रमांक एवं निविदा सं.; कार्य का नाम; निविदा मूल्य** निम्नलिखित हैं: **(1) ई-डीआरएम-इंजी-आद्रा-74-26, दिनांक 06.08.2026,** बोकारो स्टील सिटी (बीकेएससी)-आद्रा मंडल में बोकारो स्टील सिटी में डेप्ट यार्ड में लाइन सं. 3 के बगल में दो पूरी लंबाई की लाइनों के प्रावधान का प्रस्ताव; रु. 6,19,86,713.64। **(2) ई-डीआरएम-इंजी-आद्रा-75-26, दिनांक 06.08.2026,** (1) आद्रा के आद्रा यार्ड में पीएम यार्ड के बगल में दो पूरी लंबाई की लाइनों का प्रावधान (2) आद्रा मंडल के चांडिल में लाइन सं. 6 एवं 7 के बीच एक नई लाइन का प्रावधान; रु. 7,99,52,919.54। **(3) ई-डीआरएम-इंजी-आद्रा-76-26, दिनांक 06.08.2026,** (1) अनारा में पीक्यूआरएस लाइन के बगल में एक नई लाइन का प्रावधान (2) छर्रा-आद्रा मंडल के छर्रा में वर्तमान इंजीनियरिंग साइडिंग का 300 मीटर से 750 मीटर तक विस्तार; रु. 4,86,47,976.14। **ई-निविदाओं के बंद होने की तारीख एवं समय:** प्रत्येक के लिए दिनांक 31.08.2026 को 15.00 बजे है। ऊपरोक्त ई-निविदाओं के विस्तृत विवरण के लिए कृपया वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं। (PR-579)

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना संख्या: एसजी.टेंडर/डीएसटीई/एसडीएएच/630, दिनांक: 05.08.2026।** वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, पूर्व रेलवे, सियालदह, डीआरएम बिल्डिंग, काइज़र स्ट्रीट, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **ई-निविदा संख्या: एसडीएसटीई/एसआईजी/टी/20/26-27/एसएफ। कार्य का नाम सहित उसका स्थान:** निम्नलिखित के सम्बन्ध में सिग्नलिंग कार्य- दमदम-कल्याणी- टीटीआर (एफएस+टीडब्ल्यूएस+डब्ल्यूसीएमएससी) - 40 सेट (1:12 - 20 सेट तथा 1:8.5 - 20 सेट) तथा सियालदह-कांकुड़गाछी रोड (डाउन 1)- टीआरआर (पी) - 0.279 टीकिमी। **निविदा मूल्य:** रु. 1,35,25,791.62। **जमा की जानेवाली बयाना राशि/बोली प्रतिभूति:** रु. 2,70,500। **निविदा दस्तावेज की कीमत:** शून्य। **कार्य पूरा करने की अवधि:** 06 महीना। **निविदा जमा शुरू होने की तारीख:** 18.08.2026। **निविदा जमा बंद होने की तारीख:** 01.09.2026 को दोपहर 2.00 बजे तक। **निविदा बोली खुलने की तारीख:** 01.09.2026 को दोपहर 2.30 बजे। **विवरण जहाँ उपलब्ध है: www.ireps.gov.in। तकनीकी पात्रता की शर्तें:** निविदादाता को जिस महीने में निविदा आमंत्रित की गई है उसके ठीक पहले वाले महीने के अंतिम दिन को समाप्त विगत 07 (सात) वर्षों के दौरान कार्य (यों) की निम्नलिखित श्रेणियों में से कोई भी एक कार्य को सफलतापूर्वक पूरा किया हुआ होना अथवा काफी हद तक पूरा किया हुआ होना चाहिए: (i) समरूप प्रकृति के तीन कार्य, जिसमें से प्रत्येक की कीमत निविदा के विज्ञापित मूल्य के कम से कम 30% की राशि के समान हो अथवा (ii) समरूप प्रकृति के दो कार्य, जिसमें से प्रत्येक की कीमत निविदा के विज्ञापित मूल्य के कम से कम 40% की राशि के समान हो अथवा (iii) समरूप प्रकृति का एक कार्य, जिसकी कीमत निविदा के विज्ञापित मूल्य के कम से कम 60% की राशि के समान हो। **वित्तीय पात्रता की शर्तें:** निविदादाता के पास वी/एन अथवा 'वी', जो भी कम हो, का न्यूनतम औसतन वार्षिक ठेकागत कारोबार अवश्य होना चाहिए; जहाँ वी = निविदा का विज्ञापित मूल्य करोड़ रुपये में, एन = कार्य संपादन हेतु निर्धारित वर्षों की संख्या, जिसके लिए बोलियां आमंत्रित की गई हैं। औसत वार्षिक ठेकागत कारोबार की गणना लेखा-परीक्षित तुलन पत्र के अनुसार विगत तीन वित्तीय वर्षों में "कुल ठेकागत भुगतान" के औसत के रूप में की जाएगी। तथापि, पिछले वर्ष का तुलन पत्र अभी तक तैयार/लेखा-परीक्षित ना होने के मामले में, औसत वार्षिक ठेकागत कारोबार की गणना के लिए पिछले चौथे वर्ष के लेखा-परीक्षित तुलन पत्र पर विचार किया जायेगा। निविदादाता को लेखा-परीक्षित तुलन पत्र द्वारा यथोचित समर्थित सनदी लेखापाल से प्राप्त प्रमाणपत्र/सनदी लेखापाल द्वारा यथोचित प्रमाणित लेखा-परीक्षित तुलन पत्र की प्रतियों के साथ जीसीसी 2022 के अनुलग्नक-VIबी (इंस्टेंट निविदा दस्तावेज की प्रपत्र-6) के अनुसार आवश्यक जानकारियां अवश्य जमा करनी होंगी। **जमा किये जाने वाले अन्य दस्तावेज:** निविदा दस्तावेज में उल्लिखित अनुसार। **समरूप प्रकृति का कार्य:** सिग्नल या टेलीकॉम केबल की ट्रेन्चिंग, बिछाने एवं जांच सम्मिलित कोई भी सिग्नल या दूरसंचार कार्य अथवा कोई भी अन्य विविध आउटडोर एस एंड टी कार्य। **द्रष्टव्य:** निविदादाता को निविदा प्रस्ताव के साथ निविदा दस्तावेज में उल्लिखित अनुसार पात्रता की शर्तों को पूरा करने के उनके/उसके दावे के समर्थन में दस्तावेज अवश्य जमा करना होगा। निविदादाता द्वारा जमा किये जाने वाले अनुशंसा पत्र के समर्थन में दस्तावेजों/प्रमाणपत्रों की प्रतियों के प्रत्येक पृष्ठ पर निविदादाता या निविदा देने वाली फर्म के अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा स्व-अभिप्रमाणन/डिजीटल रूप से हस्ताक्षर अवश्य होने चाहिए। स्व-सत्यापन में शामिल हैं हस्ताक्षर, मुहर एवं तारीख (प्रत्येक पृष्ठ पर)। (SDAH-170/2026-27)

निविदा सूचना वेबसाइट:www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway easternrailwayheadquarter

## किन्नर समाज ने दिखायी मानवता

# श्रमजीवी एक्सप्रेस में कराया प्रसव

### महिला जवानों और एंबुलेंस कर्मियों ने भी दिखाई तत्परता, प्रसूता और बच्चे स्वस्थ्य, बच्ची की हालत नाजूक



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ।** बिहारशरीफ रेलवे स्टेशन पर गुरुवार को मानवता की अनूठी मिसाल देखने को मिली। दिल्ली से अपने गांव लौट रही गर्भवती महिला ने श्रमजीवी एक्सप्रेस में पहले बेटे और बिहारशरीफ रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म पर दूसरी संतान के रूप में एक बच्ची को जन्म दिया।
इस कठिन घड़ी में किन्नर समाज, जीआरपी की महिला जवानों और एंबुलेंस कर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए प्रसूता और दोनों नवजातों की मदद की तथा उन्हें सुरक्षित प्रसव के बाद सदर अस्पताल पहुंचाया। डाक्टरों के अनुसार नवजात बच्ची की हालत गंभीर बनी हुई है, जबकि मां और नवजात बेटे की स्थिति सामान्य है।
बिहारशरीफ रेलवे स्टेशन पर गुरुवार को इंसानियत की ऐसी तस्वीर सामने आई, जिसकी हर ओर सराहना हो रही है।
अस्थावां थाना क्षेत्र के अमावा गांव निवासी दशरथ बिंद दिल्ली में मजदूरी कर अपनी गर्भवती पत्नी श्यामफूला देवी को लेकर श्रमजीवी एक्सप्रेस से अपने गांव लौट रहे थे।
यात्रा के दौरान अचानक महिला को प्रसव पीड़ा शुरू हो गई। ट्रेन में मौजूद किन्नरों की मदद से उसने पहले एक बेटे को जन्म दिया।
इसी बीच ट्रेन बिहारशरीफ रेलवे स्टेशन पहुंची। प्लेटफॉर्म पर उतरते ही महिला की प्रसव पीड़ा दोबारा तेज हो गई और उसने दूसरी संतान के रूप में एक बच्ची को जन्म दिया। इस दौरान स्टेशन पर मौजूद कई लोग मूकदर्शक बने रहे, लेकिन किन्नर समाज और जीआरपी की महिला जवानें तुरंत मदद के लिए आगे आईं। उन्होंने प्रसूता को संभाला, सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया और प्रसव कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।
एंबुलेंस पर ईएमटी (इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन) मोहम्मद असगर ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि श्रमजीवी एक्सप्रेस में एक महिला ने नवजात को जन्म दिया है। सूचना मिलते ही एंबुलेंस टीम बिहारशरीफ रेलवे स्टेशन पहुंची। तब तक महिला ट्रेन के अंदर एक बच्चे को जन्म दे चुकी थी।
स्टेशन पर उतरते ही उसे दोबारा प्रसव पीड़ा होने लगी। किन्नर समाज और जीआरपी की महिला जवानों ने महिला को प्लेटफॉर्म पर सुरक्षित उतारा। उस समय दूसरे नवजात का आधा शरीर बाहर निकल चुका था। ऐसे में मौके पर ही सुरक्षित प्रसव कराया गया। इसके बाद जच्चा और दोनों नवजातों को एंबुलेंस से बिहारशरीफ सदर अस्पताल पहुंचाया गया।
सदर अस्पताल में चिकित्सकों की निगरानी में तीनों का इलाज चल रहा है। डॉक्टरों के अनुसार नवजात बच्ची की हालत फिलहाल नाजुक बनी हुई है, जबकि मां और नवजात बेटे की स्थिति सामान्य है।
घटना के बाद किन्नर समाज, जीआरपी की महिला जवानों और एंबुलेंस टीम की संवेदनशीलता तथा त्वरित कार्रवाई की लोगों ने जमकर सराहना की।

## सर्पदंश से मासूम की मौत

**शिवाजीनगर।** प्रखंड के दहियार रन्ना पंचायत में जहरीले जीव के काटने से एक 5 वर्षीय मासूम की मौत हो गई। मृतक की पहचान रौनक कुमार, पिता संजीत कुमार, के रूप में हुई है। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया, जबकि पूरे गांव में शोक का माहौल है। बताया जाता है कि रौनक कुमार को किसी जहरीले जीव ने काट लिया था। परिजनों ने उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन उसकी हालत लगातार बिगड़ती गई और उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीणों की भीड़ घर पर जुट गई। घटना की जानकारी मिलते ही रविंद्र कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। थानाध्यक्ष रविंद्र कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला जहरीले जीव के काटने से मौत का प्रतीत होता है। हालांकि, मौत के वास्तविक कारणों की पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगी।

# अपहृत बच्चियां बरामद

### एक नालंदा की तथा दूसरी मुजफ्फरपुर की

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** मुजफ्फरपुर पुलिस की विशेष एसआईटी टीम ने तीन महीने पहले गायघाट थाना क्षेत्र से अपहृत एक बच्ची को भागलपुर जिले से सकुशल बरामद कर बड़ी सफलता हासिल की है। इस कार्रवाई के दौरान पुलिस ने नालंदा जिले से अपहृत एक अन्य बच्ची को भी सुरक्षित रेस्क्यू किया। दोनों बच्चियों की बरामदगी के बाद पुलिस अब पूरे गिरोह और मामले में शामिल आरोपियों की तलाश में जुटी है।
पुलिस के अनुसार, मुजफ्फरपुर जिले के गायघाट थाना क्षेत्र से तीन माह पहले अपहृत की गई बच्ची को भागलपुर जिले के इशीपुर बरहट थाना क्षेत्र के सिवानपुर गांव से सकुशल बरामद किया गया। छापेमारी के दौरान पुलिस को एक और बड़ी सफलता मिली, जब नालंदा जिले से अपहृत एक अन्य बच्ची भी वहां मिली, जिसे सुरक्षित रेस्क्यू कर लिया गया।
जानकारी के अनुसार, गायघाट थाना में 12 मई 2026 को बच्ची के लापता होने के संबंध में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कांतेश कुमार मिश्र के निर्देश पर ग्रामीण एसपी के अनुश्रवण और एसडीपीओ (पूर्वी) के नेतृत्व में एक विशेष एसआईटी टीम का गठन किया गया था। लगातार मानवीय और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर सूचना जुटाने के बाद पुलिस को बच्ची के भागलपुर जिले के सिवानपुर गांव में होने की सटीक जानकारी मिली। इसके बाद टीम ने वहां छापेमारी कर बच्ची को सकुशल बरामद कर लिया।
छापेमारी के दौरान पुलिस को नालंदा जिले से अपहृत एक अन्य बच्ची भी मिली। इसके बाद मुजफ्फरपुर पुलिस ने तत्काल नालंदा पुलिस से संपर्क कर मामले की जानकारी दी। दोनों बच्चियों को सुरक्षित संरक्षण में लिया गया है और आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की जा रही है।
एसडीपीओ (ईस्ट-1) आलय वत्स ने बताया कि घटना के बाद वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर विशेष टीम का गठन किया गया था। टीम ने लगातार मानवीय एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर जांच करते हुए बच्ची को सकुशल बरामद कर लिया। उन्होंने बताया कि कार्रवाई के दौरान नालंदा जिले की अपहृत बच्ची भी बरामद हुई है। पूरे मामले में शामिल आरोपियों की पहचान की जा रही है और उनके खिलाफ आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस पूरे नेटवर्क की भी जांच कर रही है।

# जवाबी फायरिंग में बदमाश को लगी गोली

### हथियार छीनकर भागने का आरोप

### पुलिस अभिरक्षा में चल रहा इलाज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिले में गुरुवार को पुलिस हिरासत से भागने की कोशिश के दौरान एक बदमाश पुलिस की जवाबी फायरिंग में घायल हो गया। आरोपी ने कथित तौर पर एक पुलिसकर्मी से हथियार छीनकर फायरिंग की थी, जिसके बाद पुलिस ने आत्मरक्षा में गोली चलाई। घायल आरोपी का इलाज पुलिस निगरानी में सदर अस्पताल में चल रहा है।
पुलिस अधीक्षक (एसपी) कपिल चौधरी ने बताया कि आरोपी सुमित चंद्रवंशी को दो दिन पहले गिरफ्तार किया गया था। पूछताछ के दौरान उसने बताया था कि उसने अपना हथियार मेदिनीनगर सदर थाना क्षेत्र के पोखराहा इलाके में छिपा रखा है। इसी बरामदगी के लिए पुलिस उसे मौके पर लेकर गई थी।
पुलिस के अनुसार, मौके पर पहुंचने के बाद आरोपी ने अचानक एक पुलिसकर्मी का हथियार छीन लिया और भागने का प्रयास किया। इस दौरान उसने पुलिस पर फायरिंग भी कर दी।
आरोपी की फायरिंग के बाद पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की। इस दौरान सुमित चंद्रवंशी के पैर में गोली लगी, जिससे वह घायल हो गया। पुलिस ने उसे तुरंत कब्जे में लेकर इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसका उपचार जारी है। एसपी कपिल चौधरी ने बताया कि घायल आरोपी पुलिस हिरासत में है और उसके खिलाफ आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस पूरे घटनाक्रम की जांच भी कर रही है।

# कांवरियों को ट्रक ने रौंदा, टेम्पो चालक की मौत

### कई इलाजरत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** भोलेनाथ को जलाभिषेक करने बरौनी से सुल्तानगंज जा रहे श्रद्धालुओं की यात्रा गुरुवार को साहेबपुर कमाल थाना क्षेत्र में दर्दनाक हादसे में बदल गई। बखड्डा ढाला और सनहा ढाला के बीच खराब हुए कांवरियों से लदे सीएनजी टेंपू को सड़क किनारे धक्का लगा रहे श्रद्धालुओं को पीछे से आए तेज रफ्तार ट्रक ने अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में टेंपू चालक बिहट निवासी कारी की इलाज के दौरान मौत हो गई, जबकि कई श्रद्धालु घायल हो गए।
जानकारी के अनुसार, बरौनी से कांवड़ियों को लेकर एक सीएनजी टेंपू सुल्तानगंज जा रहा था। रास्ते में बखड्डा ढाला और सनहा ढाला के बीच टेंपू में खराबी आ गई। इसके बाद चालक और उस पर सवार श्रद्धालु वाहन को सड़क किनारे करने के लिए धक्का लगा रहे थे।
इसी दौरान पीछे से तेज गति से आए ट्रक ने टेंपू और धक्का लगा रहे लोगों को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद घटनास्थल पर अफरातफरी मच गई और श्रद्धालुओं की चीख-पुकार गूंज उठी।सूचना मिलते ही साहेबपुर कमाल थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, साहेबपुर कमाल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने गंभीर रूप से घायल सभी लोगों को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल, बेगूसराय रेफर कर दिया। इलाज के दौरान टेंपू चालक बिहट निवासी कारी ने दम तोड़ दिया।
घायलों में वैशाली जिले के हाजीपुर निवासी अनीश साहनी (40), पिता राम पुकार साहनी, राम रतन राय (48), पिता महावीर राय तथा बरौनी निवासी विकास कुमार, पिता स्व. विनोद दास शामिल हैं। अन्य घायलों का भी इलाज चल रहा है। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## बार एसोसिएशन चुनाव की अधिसूचना जारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**आरा।** आरा बार एसोसिएशन चुनाव 2026-28 की प्रक्रिया शुरू हो गई है। मुख्य निर्वाची पदाधिकारी अधिवक्ता मनलाल सिंह ने गुरुवार को चुनाव की अधिसूचना जारी कर दी। अधिसूचना के अनुसार 8 से 13 अगस्त तक उम्मीदवार नामांकन पत्र दाखिल कर सकेंगे। 14 अगस्त को नामांकन पत्रों की जांच होगी।
निर्वाची पदाधिकारी ने बताया कि 17 अगस्त तक उम्मीदवार अपना नाम वापस ले सकेंगे। इसके बाद 18 अगस्त को अंतिम प्रत्याशियों की सूची प्रकाशित की जाएगी।
चुनाव को लेकर अधिवक्ताओं के बीच सरगर्मी तेज हो गई है और विभिन्न पदों के संभावित उम्मीदवारों ने अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं।
आरा बार एसोसिएशन का मतदान 29 अगस्त को सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक होगा। इसी दिन शाम 6 बजे से मतगणना शुरू की जाएगी। मतगणना पूरी होने के बाद चुनाव परिणाम की आधिकारिक घोषणा कर दी जाएगी। चुनाव को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराने की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं।

# स्वास्थ्य मंत्री पहुंचे इंदिरा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान

### परिजनों की सुनी शिकायतें, निदान का दिलाया भरोसा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** राजधानी पटना स्थित इंदिरा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान में गुरुवार को उस समय असहज स्थिति बन गई, जब बिहार के स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार नई स्वास्थ्य सुविधाओं के उद्घाटन के लिए पहुंचे। कार्यक्रम के दौरान अस्पताल में मौजूद मरीजों और उनके परिजनों ने मंत्री को घेर लिया और इलाज में हो रही देरी, लंबी कतारों तथा अस्पताल की व्यवस्थाओं को लेकर नाराजगी जताई। भीड़ बढ़ने पर सुरक्षाकर्मियों ने मंत्री को सुरक्षित बाहर निकाला।
मरीजों और उनके परिजनों ने आरोप लगाया कि अस्पताल में इलाज के लिए घंटों इंतजार करना पड़ता है, जिससे गंभीर मरीजों को भी परेशानी का सामना करना पड़ता है। कुछ लोगों ने आयुष्मान भारत योजना के तहत इलाज में अनियमितता का आरोप लगाते हुए कहा कि अस्पताल में दवाएं उपलब्ध होने के बावजूद उन्हें बाहर से दवा खरीदने के लिए कहा जाता है।शिकायतों के दौरान कुछ देर के लिए अफरातफरी जैसी स्थिति बन गई। सुरक्षा कर्मियों ने भीड़ को नियंत्रित किया, जबकि मंत्री ने मौके पर मौजूद लोगों की शिकायतें सुनीं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को अस्पताल की व्यवस्थाओं में सुधार करने और मरीजों की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। निशांत कुमार ने शिकायत करने वालों से कहा कि आपलोग निश्चिंत रहें, जल्दी ही आपकी समस्या का समाधान हो जाएगा। इससे पहले स्वास्थ्य मंत्री ने संस्थान में पांच नई स्वास्थ्य सुविधाओं का उद्घाटन किया। उन्होंने बताया कि पहली बार राज्य में एचआईवी, हेपेटाइटिस-बी और हेपेटाइटिस-सी संक्रमित मरीजों के लिए समर्पित (डेडिकेटेड) डायलिसिस सेवा शुरू की गई है। उन्होंने कहा कि अब तक ऐसे मरीजों के लिए अलग डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध नहीं थी, जिसके कारण उन्हें इलाज में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। निशांत कुमार ने कहा कि यह सुविधा राज्य के स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने बताया कि भविष्य में इस व्यवस्था का विस्तार अन्य सरकारी अस्पतालों में भी किया जाएगा, ताकि संक्रमित मरीजों को सुरक्षित और बेहतर इलाज उपलब्ध कराया जा सके।

# मगध प्रक्षेत्र से आइजी पद समाप्त करने का चल रहा विरोध

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**गयाजी।** बिहार की राजधानी पटना के बाद सूबे के महत्त्वपूर्ण मगध प्रमंडल मुख्यालय गयाजी से गृह विभाग आरक्षी शाखा द्वारा 29 जुलाई 2026 को प्रक्षेत्रिय व्यवस्था पुनर्गठन के तहत सात वर्ष पूर्व से मगध प्रक्षेत्र हेतु सृजित आईजी के पद को समाप्त कर डीआईजी पद करने से मगधवासियों में भयानक आक्रोश है। आईजी पद समाप्त करने के खिलाफ कॉंग्रेस पार्टी सहित मगध वासियों द्वारा गायाजी के गांधी मैदान के गेट नंबर 07 के समीप विशाल महाधरना आयोजित कर राज्य सरकार से इसे पुनः बहाल करने की मांग की है।
धरना कार्यक्रम में शामिल बिहार प्रदेश कॉंग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रतिनिधि विजय कुमार मिट्ठू, पूर्व विधायक मोहम्मद खान अली, जिला कॉंग्रेस उपाध्यक्ष युगल किशोर सिंह, बाबूलाल प्रसाद सिंह, राम प्रमोद सिंह, टिंकू गिरी, विद्या शर्मा, दामोदर गोस्वामी, शिव कुमार चौरसिया, सुनील कुमार पासवान, अर्जुन प्रसाद इंदल पासवान, मुन्ना मांझी, रंजीत सिंह, खिजीर हायात आदि ने कहा कि बिहार राज्य से झारखंड के विभाजन के उपरांत सूबे की राजधानी पटना के बाद राज्य के सबसे महत्वपूर्ण मगध प्रमंडल मुख्यालय गयाजी को जहां पूर्व के एकीकृत बिहार राज्य के दुसरी राजधानी रांची के तर्ज पर गयाजी को बिहार की दुसरी राजधानी बनाने की मांग वर्षो से जारी है, लेकिन राज्य सरकार मगध प्रक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक के जगह पुनः सात वर्षो बाद पुलिस उप महानिरीक्षक पद करने से मगध वासियों में यह बात चर्चा का विषय है कि मगध प्रक्षेत्र को प्रमोशन के बजाय और डीमोसन किया जा रहा है। नेताओं ने कहा कि मगध प्रक्षेत्र भौगोलिक दृष्टिकोण से पहाड़ों, जंगलों के साथ-साथ शुरू से नक्सल प्रभावित क्षेत्र होने के कारण पुलिस के आईजी पद होना नितांत आवश्यक है।
नेताओं ने कहा कि अभी कुछ महीने पहले बिहार के चर्चित आई पी एस विकास वैभव के मगध प्रक्षेत्र के आई जी बनने के बाद से मगध वासियों के पुलिसिया समस्यायों का त्वरित निदान के साथ-साथ आमजनों खास कर छात्र, युवाओ को काफी बेहतर महसूस कर रहे हैं, परंतु एका- एक अकारण आई जी पद समाप्त होने के पत्र जारी होने से लोगों में काफी मायूसी है।
नेताओं ने कहा कि मगध के लोगों को पहले की पुरानी बातें ताजा हो गया कि इसी प्रकार जब मगध के डीआईजी अरविंद पांडेय के बेहतरीन कार्यो से मगध के लोग काफी खुश थे, तब भी उनका प्रमोशन की कि चिट्ठी जारी कर उन्हें हटा दिया गया था, आज जब विकास वैभव जैसे आई जी के कार्यो से मगधवासी को न्याय मील रहा हैं, तो अब आईजी पद को ही समाप्त कर उन्हें हटाने की बातों से लोग अचंभित एवं शोचनीय मुद्रा में है कि आखिर बेहतर कार्य करने वालों को ऐसे क्यों हटाया जाता है। नेताओं ने राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री से अविलंब इस निर्णय को वापस लेने की मांग करते हुए ज्ञापन भेजने का काम किया है।

## नदी के किनारे से शव बरामद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शिवाजीनगर।** प्रखंड के परसा पंचायत अंतर्गत बोरज गांव स्थित करेह नदी के समीप मोईन जलभराव वाले क्षेत्र से गुरुवार को एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद होने से इलाके में सनसनी फैल गई। शव मिलने की सूचना फैलते ही आसपास के लोगों की भीड़ घटनास्थल पर जुट गई।
सूचना मिलते ही रविंद्र कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लिया और आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद शव को अपने कब्जे में ले लिया थानाध्यक्ष रविंद्र कुमार ने बताया कि बरामद शव की अब तक पहचान नहीं हो सकी है।
शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का स्पष्ट पता चल सकेगा पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर शव की पहचान कराने का प्रयास कर रही है। साथ ही मामले की विभिन्न पहलुओं से जांच की जा रही है। पुलिस का कहना है कि शव की पहचान होने और पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी घटना के बाद क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाओं का माहौल है।

# राष्ट्रीय जनता दल की सभी इकाईयां भंग

### जल्द शुरू होगी पुनर्गठन की प्रक्रिया

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव में हार के बाद राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) ने बिहार में बड़ा संगठनात्मक फैसला लिया है। प्रदेश अध्यक्ष मंगनी लाल मंडल ने आदेश जारी कर जिला, प्रखंड और पंचायत स्तर की सभी संगठनात्मक इकाइयों को तत्काल प्रभाव से भंग कर दिया है।
पार्टी ने केवल जिला और प्रखंड इकाइयों ही नहीं, बल्कि सभी प्रकोष्ठों की संगठनात्मक इकाइयों और अन्य संबद्ध समितियों को भी भंग कर दिया है। यह फैसला पूरे प्रदेश में तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है।आरजेडी के आदेश में कहा गया है कि सभी स्तरों पर नई समितियों के गठन की प्रक्रिया जल्द शुरू की जाएगी। नए पदाधिकारियों और संगठनात्मक ढांचे को तैयार करने के लिए आवश्यक कार्रवाई शीघ्र की जाएगी।
हाल के दिनों में पार्टी के भीतर मतभेद और बयानबाजी की खबरें लगातार सामने आ रही थीं। बांकीपुर उपचुनाव में हार के बाद कई नेताओं ने संगठन और नेतृत्व पर सवाल उठाए थे। ऐसे में इस फैसले को बड़े संगठनात्मक बदलाव के रूप में देखा जा रहा है।
सूत्रों के अनुसार, नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के नेतृत्व में पार्टी संगठन को नए सिरे से मजबूत करने की तैयारी कर रही है। आगामी चुनावों को ध्यान में रखते हुए सक्रिय और प्रभावी संगठन खड़ा करने पर जोर दिया जाएगा।
फिलहाल पार्टी ने पुनर्गठन की समय-सीमा घोषित नहीं की है। हालांकि, संगठन में व्यापक फेरबदल के बाद अब नए पदाधिकारियों और समितियों की घोषणा पर सभी की नजरें टिकी हैं।

# फरार आरोपित को गिरफ्तार करने गयी पुलिस टीम पर हमला

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हाजीपुर।** बेलसर थाना क्षेत्र के साईन गांव में बुधवार की देर रात आर्म्स एक्ट समेत अन्य मामलों में फरार चल रहे आरोपी को पकड़ने गई पुलिस टीम पर बदमाशों ने हमला कर दिया। इस हमले में कई पुलिसकर्मी घायल हो गए हैं।
मौके पर अफरातफरी मच गई। सभी घायलों का इलाज कराया जा रहा है। पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी है और मामले में प्राथमिकी दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।
जानकारी के अनुसार, बेलसर थाना पुलिस आर्म्स एक्ट व अन्य मामले में फरार अभियुक्त अमित कुमार उर्फ भूली राय के घर छापामारी करने साईन गांव पहुंची थी। पुलिस टीम जैसे ही कार्रवाई के लिए आगे बढ़ी, कुछ लोगों ने इसका विरोध शुरू कर दिया।
देखते ही देखते विरोध हिंसक हो गया और भीड़ ने पुलिस टीम पर हमला बोल दिया। अचानक हुए हमले से मौके पर अफरा-तफरी मच गई। हमले में कई पुलिसकर्मियों को चोटें आईं। घायल पुलिसकर्मियों को तत्काल इलाज के लिए भेजा गया है।
घटना के बाद पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित करते हुए आरोपी अमित कुमार उर्फ भूली राय को हिरासत में ले लिया है। उससे पूछताछ की जा रही है।
बेलसर थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार ने बताया कि पुलिस टीम पर हमला करने के मामले में प्राथमिकी दर्ज की जा रही है। हमले में शामिल अन्य लोगों की पहचान की जा रही है और उनकी गिरफ्तारी के लिए छापामारी की जा रही है। दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल की तैनाती कर दी गई है।

## दो बाइकों की ठोकर में एक गंभीर

एकमा (सारण)। थाना क्षेत्र के राजापुर टोला-खानपुर रोड स्थित राजापुर फैक्स गोदाम के समीप गुरुवार को दो बाइकों की आमने-सामने की टक्कर में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं दूसरा अज्ञात घायल युवक घायल अवस्था में अपनी बाइक लेकर मौके से फरार हो गया। घायल की पहचान राजापुर निवासी प्रमोद कुमार प्रसाद (41)के रूप में हुई है। दुर्घटना की सूचना मिलते ही एकमा सीएचसी की एंबुलेंस मौके पर पहुंची और राजापुर गांव निवासी एक घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, एकमा लाया गया। जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. गंगासागर विंदु ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया।

## फांसी लगाकर आत्महत्या

**हथौड़ी।** थाना क्षेत्र के बल्लीपुर वार्ड संख्या-5 में गुरुवार को एक महिला द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या किए जाने की घटना से पूरे गांव में शोक और सनसनी का माहौल है। मृतका की पहचान पूजा देवी 40 वर्ष पति काली मोहन चौधरी 45 वर्ष के रूप में हुई है। बताया जाता है कि पूजा ने अपने घर में फांसी लगाकर जान दे दी। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों और आसपास के लोगों की भीड़ मौके पर जुट गई।
सूचना तत्काल हथौड़ी थाना पुलिस को दी गई मृतका अपने पीछे चार छोटे-छोटे बच्चों को छोड़ गई हैं। इनमें भावना कुमारी 12 वर्ष रितिक कुमार 8 वर्ष महिमा कुमारी 5 वर्ष और ढाई वर्षीय रौनक कुमार शामिल हैं। मां की मौत के बाद बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना से पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है परिजनों के अनुसार, मृतका के पति काली मोहन चौधरी गांव में ही रहकर स्थानीय चौक पर एक दुकान चलाते हैं। घटना के समय पुलिस को सूचना मिलने पर हथौड़ी थाना की टीम मौके पर पहुंची।

# मानव तस्करी को ले छात्रों को किया गया जागरूक

### सतर्कता को बताया सबसे बड़ा बचाव

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**एकमा (सारण)।** अलख नारायण सिंह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, एकमा में गुरुवार को सारण जिला मानव व्यापार निरोधक इकाई की ओर से मानव तस्करी (ह्यूमन ट्रैफिकिंग) के प्रति छात्रों को जागरूक करने के उद्देश्य से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की प्रभारी प्रधानाध्यापिका सारिका द्विवेदी ने की।
मुख्य वक्ता के रूप में एकमा थानाध्यक्ष राम बालक यादव ने छात्रों को मानव तस्करी से बचाव के उपाय बताते हुए कहा कि सतर्कता और जागरूकता ही इस गंभीर अपराध की रोकथाम का सबसे प्रभावी माध्यम है। उन्होंने छात्रों से अपील की कि वे स्वयं जागरूक रहें तथा अपने परिवार और समाज के लोगों को भी इस विषय में जागरूक करें।
विशिष्ट अतिथि सारण जिला मानव व्यापार निरोधक इकाई के प्रभारी एवं पुलिस निरीक्षक विशाल आनंद ने मानव तस्करी के विभिन्न स्वरूपों, इसके कारणों, दुष्परिणामों और बचाव के उपायों की विस्तार से जानकारी दी।
उन्होंने बताया कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देना नागरिकों की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है।
कार्यक्रम में एकमा अंचल के पुलिस निरीक्षक किरण शंकर, बाल संरक्षण पुलिस पदाधिकारी आकाश कुमार तथा एकमा थाना की पुलिस दीदी एवं अवर निरीक्षक नंदनी कुमारी ने भी अपने विचार व्यक्त किए।
मंच संचालन विद्यालय के शिक्षक राजेश कुमार सिंह ने किया। उन्होंने मानव तस्करी के इतिहास एवं इसके सामाजिक प्रभावों पर संक्षिप्त प्रकाश डाला।
इस अवसर पर शिक्षक रंजन कुमार सिंह, मनोरमा कुमारी, पुष्पा कुमारी, सरिता शर्मा, ऋतुराज कुमार सिंह, सुरेश शर्मा, आफताब आलम सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# राजस्व कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं, लंबित मामलों का करें त्वरित निष्पादन : जायसवाल

## वीडियो कांफ्रेंसिंग से सभी जिलों की समीक्षा, ऑनलाइन सेवाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और समयबद्ध निष्पादन के दिए निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल की अध्यक्षता में गुरुवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राज्य के सभी अपर समाहर्ताओं, भूमि सुधार उप समाहर्ताओं (डीसीएलआर) एवं अंचलाधिकारियों के साथ राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभाग के सचिव जय सिंह ने विभाग की विभिन्न महत्वपूर्ण सेवाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान ऑनलाइन दाखिल-खारिज, परिमार्जन प्लस, ई-मापी, अभियान बसेरा-2, राजस्व महा-अभियान, जन शिकायत एवं सहयोग शिविरों में प्राप्त आवेदनों के निष्पादन तथा आरसीएमएस के अंतर्गत संचालित सभी न्यायालयों के कार्यों की स्थिति पर विस्तार से चर्चा की गई। लक्ष्य से पिछड़े जिलों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन के निर्देश दिए गए। बैठक को संबोधित करते हुए मंत्री ने कहा कि विभाग की सभी सेवाएं पूरी तरह ऑनलाइन संचालित की जा रही है। यदि किसी भी स्तर पर ऑफलाइन माध्यम से कार्यों के निष्पादन की शिकायत प्राप्त होती है तो संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि डिफेक्ट चेक की प्रक्रिया में तेजी लाई जाए तथा आरसीएमएस के अंतर्गत सभी वादों का निष्पादन 'फर्स्ट इन, फर्स्ट आउट' सिद्धांत के आधार पर सुनिश्चित किया जाए। जिन जिलों में डीसीएलआर स्तर पर मामले अंतिम निष्पादन की स्थिति में लंबित हैं, उन्हें एक सप्ताह के भीतर निष्पादित कर संबंधित वादों का समापन करने का निर्देश दिया गया। मंत्री ने कहा कि अभियान बसेरा-2 के अंतर्गत आगामी 15 अगस्त तक 30 हजार वासभूमिहीन परिवारों को बंदोबस्ती प्रमाण-पत्र उपलब्ध कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस लक्ष्य की समयबद्ध प्राप्ति के लिए सभी अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने यह भी बताया कि राजस्व कार्यों की प्रगति की अगली समीक्षा 15 दिनों के बाद की जाएगी। तब तक सभी जिलों को लंबित मामलों के निष्पादन की गति बढ़ाते हुए डिस्पोजल रेट में उल्लेखनीय सुधार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में विभाग की सचिव सीमा त्रिपाठी, अपर सचिव डॉ. महेंद्र पाल, अपर सचिव आजीव वत्सराज, संयुक्त सचिव श्री गिरधारी लाल, विशेष कार्य पदाधिकारी सुधा रानी, मणि भूषण किशोर, नवाजिश अख्तर, उप सचिव डॉ. सुनील कुमार, संजय कुमार सिंह, विशेष कार्य पदाधिकारी अनुपम प्रकाश, आईटी मैनेजर आनंद शंकर सहित विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# निर्धारित समय सीमा में योजनाओं का हो गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन : सचिव

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** सहकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के सचिव डॉ. आशीष कुमार भूटानी ने गुरुवार को राज्य में संचालित सहकारिता संबंधी योजनाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी योजनाओं का क्रियान्वयन निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि लाभार्थियों तक योजनाओं का वास्तविक लाभ पहुंचाने के लिए सतत मॉनिटरिंग, डिजिटलीकरण और विभागीय समन्वय को और मजबूत किया जाना चाहिए। शास्त्री नगर स्थित डी.एन.एस. क्षेत्रीय सहकारी प्रबंध संस्थान में आयोजित समीक्षा बैठक में डॉ. भूटानी ने कहा कि 'सहकारिता से समृद्धि' के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए जवाबदेही, पारदर्शिता और परिणामोन्मुख कार्यसंस्कृति को सर्वोच्च प्राथमिकता देनी होगी। उन्होंने बिहार में वेजफेड की स्थापना, बिहार राज्य सहकारिता नीति-2026 के क्रियान्वयन, नई सहकारी समितियों के गठन तथा सहकारी क्षेत्र में किए गए अन्य कार्यों की सराहना करते हुए राज्य को केंद्र सरकार की ओर से हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। बैठक में केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं की प्रगति, उपलब्धियों, चुनौतियों और भावी कार्ययोजना की विस्तृत समीक्षा की गई। नई बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (एम-पैक्स), डेयरी एवं मत्स्य सहकारी समितियों के गठन, पैक्सों के व्यावसायिक विविधीकरण, प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र, कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी), राष्ट्रीय सहकारी डाटाबेस, पैक्स कंप्यूटरीकरण, गोदाम निर्माण, खाद्यान्न अधिप्राप्ति, किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ), मधुक्रांति तथा प्रशिक्षण कार्यक्रमों की प्रगति पर विस्तार से चर्चा हुई। डॉ. भूटानी ने सहकारी बैंकों को नाबार्ड के तकनीकी सहयोग का अधिकतम लाभ उठाने, पैक्सों के माध्यम से अधिकाधिक किसान क्रेडिट कार्ड जारी करने तथा माइक्रो एटीएम के जरिए ग्रामीण क्षेत्रों में डोर-स्टेप बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

# 22 हजार आंगनबाड़ी सेविका एवं सहायिका की बहाली से मजबूत होगी आंगनबाड़ी व्यवस्था : डॉ श्वेता

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** गुरुवार को जनता दल यू प्रदेश कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में समाज कल्याण मंत्री डॉ श्वेता गुप्ता ने प्रदेश के विभिन्न जिलों से पहुंचे फरियादियों की समस्याएं गंभीरतापूर्वक सुनीं तथा उनके विधिसम्मत एवं त्वरित समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर पार्टी की प्रदेश महासचिव सह मुख्यालय प्रभारी अंजुम आरा भी उपस्थित रहीं। जनसुनवाई के उपरांत मीडिया से बातचीत करते हुए डॉ श्वेता गुप्ता ने कहा कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन की राशि अधिकांश लाभार्थियों के खातों में भेज दी गई है जिन कुछ लाभार्थियों के जीवन प्रमाणीकरण में तकनीकी अथवा अन्य कारणों से समस्या आने के कारण राशि हस्तांतरण प्रभावित हुआ है उनके मामलों की गंभीरता से समीक्षा की जा रही है। प्रत्येक मामले का सत्यापन कर सभी पात्र लाभार्थियों के खातों में शीघ्र राशि उपलब्ध करा दी जाएगी। उन्होंने कहा कि बिहार सरकार के मंत्रिमंडल ने आंगनबाड़ी सेविका एवं सहायिका के 22 हजार से अधिक पदों पर बहाली का महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। इससे आंगनबाड़ी व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होगी तथा महिलाओं एवं बच्चों तक पोषण, स्वास्थ्य एवं प्रारंभिक बाल विकास से जुड़ी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा सकेगा।

# समाज के लिए समर्पित था रामफल मंडल का जीवन : दामोदर रावत




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** परिवहन मंत्री दामोदर रावत ने कहा कि शहीद रामफल मंडल का जीवन समाज और प्रदेश के लिए समर्पित रहा है और उन्होंने आजीवन राज और अपने समाज के लिए काम किया। मंत्री दामोदर रावत कंकड़बाग टेंपो स्टैंड के पास अखिल भारतीय धानुका महासंघ की ओर से कुर्मी विकास परिषद सभागार में आयोजित स्वतंत्रता सेनानी शहीद रामफल मंडल की जयंती समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि शहीद रामफल मंडल के आदर्श पर चलकर ही धानुक समाज बिहार में कई तरह की बुलंदियों पर रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए अखिल भारतीय धानुका महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष जदयू नेता शंकर प्रसाद ने कहा कि शाहिद रामफल मंडल धानुक समाज के लिए आशा की किरण हैं और उन्हीं के पद चोन पर चलकर यह समाज बिहार के विकास में अपना योगदान दे रहा है।

# अब गांव में ही मिलेगा भविष्य : नालंदा का नया डेयरी प्लांट बनेगा हजारों सपनों का सहारा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना/नालंदा।** बिहार में लगभग 70 प्रतिशत आबादी प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से कृषि पर निर्भर है। ऐसे में बिहार में डेयरी का विकास किसानों की आय बढ़ाने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए बहुत जरूरी है। इसी सोच के साथ बिहार में डेयरी क्षेत्र लगातार नई ऊंचाइयों की ओर बढ़ रहा है। नए डेयरी प्लांट, आधुनिक सुविधाएं और किसानों के हित में उठाए जा रहे कदम दूध उत्पादन के साथ उनकी आमदनी भी बढ़ा रहे हैं। डेयरी विकास की यह नई रफ्तार रोजगार, आत्मनिर्भरता और समृद्ध बिहार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। गौरतलब है कि हाल ही में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने नालंदा जिले में प्रतिदिन 20 मीट्रिक टन क्षमता वाले दही एवं लस्सी प्लांट का शिलान्यास किया है। इस प्लांट की स्थापना से दुग्ध प्रसंस्करण को नई गति मिलेगी और डेयरी क्षेत्र को मजबूती मिलेगी। डेयरी उद्योग को केवल दूध उत्पादन तक सीमित न रखते हुए उसे बहुआयामी स्वरूप देने के उद्देश्य से कॉम्फेड द्वारा संचालित एचपीसीएल पेट्रोल पंप का भी शिलान्यास किया जाएगा। डेयरी परिसर के समीप पेट्रोल पंप स्थापित होने से दुग्ध परिवहन में लगे वाहनों को ईंधन के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा जिससे समय और परिवहन लागत दोनों में कमी आएगी। इसके साथ ही 'सुधा कैफेटेरिया' की भी शुरुआत की जाएगी। यह कैफेटेरिया स्थानीय लोगों, किसानों और राहगीरों के लिए एक सुविधाजनक केंद्र होगा जहां उन्हें ताजे, गुणवत्तापूर्ण और विश्वसनीय सुधा दुग्ध उत्पाद सीधे उपलब्ध हो सकेंगे। डेयरी क्षेत्र में हो रहे बड़े बदलाव, किसानों को मिलने वाले नए अवसर, डेयरी उद्योग के भविष्य और विकास की नई संभावनाओं के बारे में डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग के सचिव शीर्षत कपिल अशोक बताते हैं कि डेयरी सेक्टर का कंट्रीब्यूशन विकास और रोजगार सृजन के क्षेत्र में काफी बेहतर है। बिहार में दही का डिमांड काफी ज्यादा होने से दही का प्लांट काफी उपयोगी है। बिहार के अलावा इसको नॉर्थ ईस्ट, बंगाल और झारखंड में भी भेजा जाएगा। नया प्लांट शुरू होने से उपभोक्ताओं को उच्च गुणवत्ता वाले डेयरी प्रोडक्ट मिलेंगे और कॉम्फेड का व्यापारिक दायरा भी कई गुना बढ़ जाएगा। विशेषज्ञों के अनुसार कच्चा दूध जल्दी खराब हो जाता है, लेकिन जब उसे दही, लस्सी या अन्य उत्पादों में बदला जाता है तो न केवल उसकी शेल्फ लाइफ बढ़ती है बल्कि बाजार में उसकी कीमत भी बेहतर मिलती है।

# सभापति ने दीपक प्रकाश को दिलाई पद एवं गोपनीयता की शपथ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** बिहार विधान परिषद् के सभापति अवधेश नारायण सिंह ने बिहार विधान परिषद् के नवमनोनीत सदस्य दीपक प्रकाश को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह गरिमापूर्ण वातावरण में बिहार विधान परिषद वेश्म में संपन्न हुआ। राज्यपाल द्वारा निर्गत मनोनयन की अधिसूचना बिहार विधान परिषद् के प्रभारी सचिव शंकर कुमार ने पढ़ी। इस अवसर पर विधान परिषद के उपसभापति प्रो रामवचन राय, राज्यसभा सांसद एवं आरएलएम के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा, बिहार सरकार के मंत्री विजय कुमार सिन्हा लेशी सिंह, विशेष रूप से उपस्थित रहे। समारोह में बिहार विधान परिषद् के सदस्य संजीव कुमार सिंह, महेश्वर सिंह, जनक राम, विजय कुमार सिंह, डॉ प्रमोद कुमार, विधायक आलोक कुमार, बिहार विधान परिषद् के प्रभारी सचिव शंकर कुमार, उपसचिव मिथिलेश कुमार सहित परिषद् सचिवालय के अन्य पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। सभापति अवधेश नारायण सिंह ने दीपक प्रकाश को सदस्यता एवं गोपनीयता की शपथ ग्रहण करने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि दीपक प्रकाश सदन की गरिमा एवं मयार्दा को बनाए रखते हुए अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करेंगे।

# राजस्व सेवा के 20 पदाधिकारियों का स्थानांतरण

## नए पदस्थापन स्थल पर तत्काल योगदान देने का निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने राजस्व सेवा के अधीन अंचल अधिकारी, राजस्व अधिकारी एवं समकक्ष पदों पर कार्यरत 20 पदाधिकारियों का स्थानांतरण करते हुए उनकी नई पदस्थापना का आदेश जारी किया है। विभाग के मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल ने कहा कि सभी संबंधित पदाधिकारियों को बिना पारगमन अवधि का उपभोग किए अपने नए पदस्थापन स्थल पर तत्काल योगदान देने का निर्देश दिया गया है, ताकि राजस्व प्रशासन के कार्यों का संचालन निर्बाध रूप से जारी रहे और आम जनता को समयबद्ध सेवाएं उपलब्ध हो सकें। स्थानांतरित पदाधिकारियों में रवि प्रसाद पासवान को सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी, बंदोबस्त कार्यालय गया, पल्लवी कुमारी गुप्ता को अंचल अधिकारी चानन (लखीसराय), मृत्युंजय कुमार को अंचल अधिकारी सूर्यगढ़ा (लखीसराय), स्वतंत्र कुमार को सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी मधेपुरा, रोहन रंजन सिंह को अंचल अधिकारी पिपरिया (लखीसराय), प्रवीण अनुरंजन को सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी दरभंगा, पृथा अखौरी को अंचल अधिकारी वेन (नालंदा), चंदन कुमार को राजस्व अधिकारी-सह-कानूनगो लखीसराय, पवन कुमार साह को अंचल अधिकारी बख्तियारपुर (पटना), रवि रंजन को अंचल अधिकारी इसुआपुर (सारण), शैलेन्द्र कुमार यादव को अंचल अधिकारी बिस्फी (मधुबनी), वंदना कुमारी को सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी मधुबनी, रोहित कुमार को अंचल अधिकारी पुरनहिया (शिवहर), विजया कुमारी को सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी जहानाबाद, चंदन कुमार को सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी शिवहर, रजनी कुमारी को अंचल अधिकारी मटिहानी (बेगूसराय), श्रीमती गरिमा को सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी, भू-अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, शास्त्रीनगर (पटना), महेश कुमार को अंचल अधिकारी पालीगंज (पटना), सौरव कुमार को राजस्व अधिकारी-सह-कानूनगो, बंदोबस्त कार्यालय, शेखपुरा तथा सोनम राज को अंचल अधिकारी अरवल सदर के पद पर पदस्थापित किया गया है। मंत्री ने कहा कि नई पदस्थापनाओं से दाखिल-खारिज, भू-लगान, परिमार्जन, सीमांकन, बंदोबस्त तथा अन्य राजस्व संबंधी कार्यों के निष्पादन में और अधिक गति आएगी।

# 76 पात्र बीमित व्यक्तियों की हुई स्वास्थ्य जांच

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहटा (पटना)।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम चिकित्सा महाविद्यालय सह अस्पताल, बिहटा में हितलाभार्थियों के लिए एक विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर का सफल आयोजन किया गया। संस्थान के अधिष्ठाता द्वारा बताया गया कि नए श्रम संहिताओं के अनुपालन में 40 वर्ष से अधिक आयु के सभी बीमित श्रमिकों के लिए निःशुल्क वार्षिक स्वास्थ्य जांच किया जाना है। यह प्रावधान इस बात पर जोर देता है कि स्वस्थ कार्यबल राष्ट्रीय उत्पादकता के लिए आवश्यक है और निवारक स्वास्थ्य देखभाल को एक मौलिक अधिकार और आवश्यकता के रूप में मान्यता देता है। कार्यक्रम के दौरान 40 वर्ष से अधिक आयु के सभी बीमित श्रमिकों के लिए निःशुल्क सामान्य शारीरिक जांच, रक्तचाप, मधुमेह, ईसीजी, एक्स-रे इत्यादि की जांच और निदान उपचार संबंधित विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा किया गया।

# स्वास्थ्य मंत्री निशांत ने किया आइजीआइएमएस में आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं का लोकार्पण



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** पटना स्थित इंदिरा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान में स्वास्थ्य मंत्री निशांत ने आधुनिक स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए कमांड सेंटर, क्रिटिकल केयर प्ब्, नई डायलिसिस यूनिट, हर्बल गार्डन तथा मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर कॉम्प्लेक्स का उद्घाटन किया। इस अवसर पर निशांत ने कहा कि बिहार सरकार गुणवत्तापूर्ण एवं आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं आमजन तक पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। इन नई सुविधाओं के शुरू होने से गंभीर मरीजों को बेहतर उपचार मिलेगा, डायलिसिस सेवाओं का विस्तार होगा तथा अत्याधुनिक ऑपरेशन थिएटर के माध्यम से जटिल सर्जरी की क्षमता में भी उल्लेखनीय वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार के नेतृत्व में राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था को आधुनिक, सुलभ एवं जनोन्मुखी बनाने के लिए लगातार नए आयाम जोड़े जा रहे हैं। एनडीए सरकार का लक्ष्य है कि बिहार के लोगों को उच्चस्तरीय चिकित्सा सुविधाएं अपने ही राज्य में उपलब्ध हों।

# खनन विभाग में तैनात किए जाएंगे एक हजार खनन सिपाही : मंत्री

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार अवैध खनन की रोकथाम के लिए खान एवं भूतत्व विभाग के पास जल्द ही अपने सिपाही होंगे। उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग की तर्ज पर खनन सिपाही की भर्ती की जाएगी। फिलहाल एक हजार खनन सिपाही की भर्ती की जाएगी। इससे संबंधित प्रस्ताव को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इसके बाद इसे अमलीजामा पहनाने के लिए संबंधित भर्ती एजेंसी को भेजा जाएगा। ये बातें खान एवं भूतत्व विभाग के मंत्री प्रमोद कुमार ने विकास भवन सचिवालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान कही। उन्होंने कहा कि इस पहल से खनन में पारदर्शिता आएगी। अभी छापेमारी करने में स्थानीय पुलिस का सहयोग लेना पड़ता है। इससे उन पर अतिरिक्त बोझ पड़ता है। खनन महकमा के पास अपने सिपाही होने से छापेमारी और अवैध खनन में जुड़े वाहनों को जब्त करने में आसानी होगी। इससे विधि-व्यवस्था संभाल रही स्थानीय पुलिस का काम हल्का होगा। खनन की प्रक्रिया में पारदर्शिता आएगी। इन खनन सिपाहियों का समुचित तरीके से प्रशिक्षण कराया जाएगा और इससे जुड़े मानकों का भी निर्धारण किया जाएगा। मंत्री ने राज्य में पत्थर खनन को एक बड़ा उद्योग बताते हुए कहा कि नवादा जिले में पत्थर खनन के आठ खनन पट्टों के लिए निविदा प्रकाशित कर दी गई है। शेष जिलों औरंगाबाद, गया, शेखपुरा तथा बांका में पत्थर खनन पट्टों के लिए 15 अगस्त तक निविदाएं जारी कर दी जाएंगी। उन्होंने कहा कि इन पत्थर खनन इकाइयों के संचालन से राज्य में रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। साथ ही इससे सरकार के राजस्व में भी वृद्धि होगी। खनन पट्टों के आवंटन की प्रक्रिया शीघ्र पूरी की जाएगी तथा पट्टे पांच वर्ष की अवधि के लिए दिए जाएंगे। मंत्री ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा राज्य के गया और रोहतास जिलों में मैग्नेटाइट, वैनेडियम और ग्लॉकोनाइट खनिज ब्लॉकों की नीलामी की जा रही है।

# कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी का शैक्षणिक परिभ्रमण 9 अगस्त को, छात्र करेंगे पटना का शैक्षणिक भ्रमण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**जन्दाहा (वैशाली)।** कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी, जन्दाहा (वैशाली) द्वारा विद्यार्थियों के ज्ञान एवं व्यावहारिक अनुभव को समृद्ध करने के उद्देश्य से 09 अगस्त 2026 (रविवार) को 'शैक्षणिक परिभ्रमण' का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर एकेडमी के छात्र-छात्राएं जन्दाहा से पटना के लिए शैक्षणिक भ्रमण पर रवाना होंगे। इस परिभ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीकों, नवाचारों एवं शैक्षणिक वातावरण से परिचित कराया जाएगा जिससे उनमें नई सोच, रचनात्मकता तथा तकनीकी ज्ञान का विकास हो सके। एकेडमी के निदेशक डॉ. आनन्द रंजन झा ने कहा कि कक्षा में प्राप्त ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक अनुभव भी विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक है। ऐसे शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, जिज्ञासा एवं सीखने की नई ऊर्जा का संचार करते हैं। उन्होंने बताया कि यह परिभ्रमण विद्यार्थियों के लिए ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक साबित होगा तथा उन्हें भविष्य की नई संभावनाओं से परिचित कराएगा।

# संगठन सृजन अभियान के बाद पंचायत और वार्ड तक कांग्रेस की मजबूती ही अगला लक्ष्य: प्रदेश प्रभारी कृष्णा अल्लावारू

## स्थानीय जनहित के मुद्दे पर मुखर होकर जिलाध्यक्ष करें कार्य: प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** बिहार प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, सदाकत आश्रम में बिहार कांग्रेस के जिलाध्यक्षों की मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन प्रदेश कांग्रेस प्रभारी कृष्णा अल्लावारू और अध्यक्ष राजेश राम की मौजूदगी में संपन्न हुई। बैठक को सम्बोधित करते हुए बिहार कांग्रेस के प्रभारी कृष्णा अल्लावारू ने कहा कि संगठन सृजन अभियान के व्यापक क्रियान्वयन के तहत प्रखंड कांग्रेस कमिटी का कार्य अपने अतिम चरण में है और अब मंडल अध्यक्षों की नियुक्ति की पहल शुरू हो चुकी है जिसके बाद पंचायत और वार्ड में कांग्रेस की मजबूती हमारा अगला लक्ष्य रहेगा। जिलों में सभी प्रखंड अध्यक्षों के साथ आवश्यक रूप से मासिक बैठक के साथ प्रखंड और पंचायतों में छोटे समूहों के साथ संवाद का कार्यक्रम आवश्यक रूप से संचालित करने का निर्देश भी दिया गया। हर घर कांग्रेस का झंडा और चलो पंचायत चलो वार्ड कार्यक्रम को लेकर भी आवश्यक निर्देश प्रदेश कांग्रेस प्रभारी ने जिलाध्यक्षों को दिया। इस अवसर पर बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि कांग्रेस पार्टी सांगठनिक मजबूती के लिए प्रतिबद्ध है और साथ ही अपने भू सम्पदाओं को संरक्षित, उचित रख रखाव और संवर्धन करने की ओर भी मजबूती से कदम उठा रही है। ऐसे में जिलाध्यक्षों को स्थानीय जनहित के मुद्दों पर मुखर होकर आन्दोलन और प्रदर्शन कर जनता के हर सुख दुःख में कदम से कदम मिलकर चलना है।

# दानापुर मंडल की मंडल रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति की तृतीय बैठक संपन्न



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** दानापुर मंडल रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति की तृतीय बैठक आज मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, दानापुर के सभागार में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मंडल रेल प्रबंधक, दानापुर विनोद कुमार ने की। बैठक में अपर मंडल रेल प्रबंधक (परिचालन) वीरेन्द्र कुमार एवं अपर मंडल रेल प्रबंधक (इन्फ्रा.) राजीव कुमार सहित सभी अधिकारीगण एवं डीआरयूसीसी के सदस्यगण उपस्थित रहे। बैठक का संचालन वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक अभिनव सिद्धार्थ ने सभी सदस्यों का स्वागत करने के उपरांत, पावर प्रजेंटेशन के माध्यम से यात्री सुविधा की दिशा में मंडल में चल रहे कार्यों को विस्तारपूर्वक प्रस्तुत किए।

# गुरु रविदास जी के 650वें जयंती वर्ष पर आज से शुरू होगा 'समरसता संकल्प अभियान'

## मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी सहित भाजपा के वरिष्ठ नेताओं की रहेगी गरिमामयी उपस्थिति

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** संत शिरोमणि गुरु रविदास जी के 650वें जयंती वर्ष के पावन अवसर पर उनके सामाजिक समरसता, समानता एवं बंधुत्व के अमर संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से आयोजित 'समरसता संकल्प अभियान' के शुभारंभ समारोह की तैयारियों को शुक्रवार को होने वाले कार्यक्रम से पूर्व अंतिम रूप दिया गया। कार्यक्रम 7 अगस्त 2026 को प्रातः 11 बजे पटना स्थित ज्ञान भवन में आयोजित होगा। इस महत्वपूर्ण आयोजन में बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी, राज्य सरकार के कई मंत्री, विधायक, विधान पार्षद तथा विभिन्न क्षेत्रों के गणमान्य लोग शामिल होंगे। कार्यक्रम के माध्यम से संत शिरोमणि गुरु रविदास जी के समरस समाज, सामाजिक न्याय और समानता के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया जाएगा। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर गुरुवार को ज्ञान भवन में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में आयोजन की व्यवस्थाओं, अतिथियों के स्वागत, मंच संचालन, जिला स्तर की भागीदारी तथा अभियान के आगामी कार्यक्रमों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस समारोह के दौरान उपस्थित सभी 52 संगठनात्मक जिला अध्यक्षों को वाराणसी से लाए गए पवित्र कलश सौंपे जाएंगे। इन कलशों के माध्यम से पूरे प्रदेश में समरसता संकल्प अभियान को गांव-गांव और घर-घर तक पहुंचाने का अभियान चलाया जाएगा। बैठक में विधान पार्षद एवं उप सचेतक जनक राम, भाजपा के प्रदेश महामंत्री एवं कार्यक्रम के संयोजक राजेश झा, विधायक एवं भाजपा अनुसूचित मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सुजीत पासवान, प्रदेश मंत्री सरला रजक, प्रदेश मीडिया सह प्रभारी अमित प्रकाश बबलू, आयोग के सदस्य सुग्रीव रविदास, सह कोषाध्यक्ष अंकुर गुप्ता सहित कार्यक्रम व्यवस्था में जुटे भाजपा प्रदेश प्रकोष्ठ , मोर्चा एवं पार्टी के सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# राज्य के सभी सरकारी विद्यालयों में शनिवार को 1 बजे तक होगी पढ़ाई : मंत्री

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** राज्य के सभी सरकारी विद्यालयों में शनिवार को हाफ-डे लागू कर दिया गया है। शिक्षा विभाग द्वारा इसकी अधिसूचना जारी कर दी गई है। इसकी जानकारी देते हुए शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने कहा कि कई विधायक, शिक्षक नेता और शिक्षकों द्वारा लगातार शनिवार को हाफ-डे करने की मांग की जा रही थी। शिक्षकों की समस्याओं को देखते हुए सभी सरकारी विद्यालयों में शनिवार को हाफ-डे लागू कर दिया गया है। शिक्षा मंत्री गुरुवार को विकास भवन स्थित मदन मोहन सभागार में आयोजित प्रेसवार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने भी पिछले दिनों मुंगेर में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान शनिवार को हाफ-डे करने की ओर इशारा किए थे। इसको देखते हुए सरकारी विद्यालयों के संचालन अवधि में आंशिक संशोधन करते हुए शनिवार को सुबह 9.30 से दोपहर 1 बजे तक विद्यालय संचालन का समय निर्धारित किया गया है। माध्यमिक और उच्च माध्यमिक विद्यालयों में शनिवार को 1 बजे तक अध्यापन कार्य होंगे एवं शनिवार को पूर्व निर्धारित अन्य गतिविधि संचालित की जाएगी।

नवबिहार टाइम्स
बोकारो, शुक्रवार 07 अगस्त 2026

# संपादकीय

## योजनाएं कई, फिर भी स्कूल छोड़ रहीं बेटियां, 9वीं-10वीं में सबसे ज्यादा ड्रॉपआउट

सरकारी आंकड़ों के अनुसार, पिछले साल लद्दाख में माध्यमिक स्तर पर लड़कियों के स्कूल छोड़ने की दर सबसे अधिक 15.6 फीसदी दर्ज की गई। शिक्षा किसी भी देश के आर्थिक और सामाजिक विकास का आधार स्तंभ होती है। यह भी जरूरी है कि शिक्षा में अमीर-गरीब, जाति, धर्म, क्षेत्र या लिंग के आधार पर भेदभाव नहीं होना चाहिए ताकि सबको सामान अवसर मिल सके। यह सच है कि भारत के शिक्षित समाज में पिछले कुछ दशकों से महिलाओं की भागीदारी बढ़ी है लेकिन चुनौतियां अभी बरकरार हैं।हाल ही में संसद में दी गई जानकारी के मुताबिक, साल 2025-26 में देश भर में नौवीं और दसवीं कक्षा के स्तर पर लड़कियों के स्कूल छोड़ने की दर 8 फीसदी रही जो अन्य कक्षाओं के मुकाबले सबसे अधिक है। यह हाल तब है जब सरकार की ओर से कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ और समग्र शिक्षा अभियान जैसे कार्यक्रम एवं योजनाएं शुरू की गई हैं। सवाल है कि जब सबको शिक्षा के समान और सुलभ अवसर मुहैया कराने की नीतियां लागू की जाती हैं तो लक्ष्य को पूरा करने की प्रतिबद्धता बीच रास्ते में ही दम क्यों तोड़ देती है?इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि जब एक महिला शिक्षित होती है तो इसका प्रकाश पूरे परिवार को आलोकित करता है। योग्यता की बात की जाए तो देश में हर साल स्कूली बोर्ड परीक्षाओं में लड़कियां अव्वल रहती हैं। इसके बावजूद अगर उन्हें किसी कारणवश माध्यमिक स्तर पर ही स्कूल छोड़ने को विवश होना पड़े तो इसे व्यवस्था की नाकामी नहीं तो और क्या कहा जाएगा।सरकारी आंकड़ों के अनुसार, पिछले साल लद्दाख में माध्यमिक स्तर पर लड़कियों के स्कूल छोड़ने की दर सबसे अधिक 15.6 फीसदी दर्ज की गई। इसके बाद असम और कर्नाटक का स्थान है जहां यह दर 13.9 फीसदी रही। इसके पीछे कई कारण बताए गए हैं जिनमें लड़कियों का घरेलू कार्यों और आर्थिक मामलों में परिवार का सहयोग करने के लिए स्कूल छोड़ देना या फिर माता-पिता का उनकी आगे की शिक्षा को जरूरी न समझना भी शामिल है। अहम सवाल यही है कि क्या सरकार की ओर से इन कारणों को समझने और उनका समाधान करने का ईमानदारी से प्रयास किया जाएगा ताकि कोई भी लड़की आर्थिक या पारिवारिक समस्याओं की वजह से शिक्षा से वंचित न रहे? जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में हुए लक्षित आतंकी हमले में दो प्रवासी मजदूरों की मौत ने एक बार फिर यही सवाल उठाया है कि आतंकवाद पर काबू पाने के लिए की जा रही तमाम कवायदों का क्या हासिल है और आज भी अक्सर यह बेलगाम क्यों दिखता है।

# पीओके की पुकार और दुनिया की जिम्मेदारी

(ललित गर्ग )

पाकिस्तान स्वयं को लोकतांत्रिक राष्ट्र कहता है, लेकिन उसके व्यवहार में लोकतंत्र की मूल भावना बार-बार प्रश्नों के घेरे में आ जाती है। लोकतंत्र का अर्थ केवल चुनाव करवा देना नहीं है, बल्कि असहमति का सम्मान करना, नागरिक अधिकारों की रक्षा करना और सत्ता की आलोचना को स्वीकार करना भी है।

पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में इन दिनों जो परिस्थितियां निर्मित हो रही हैं, वे केवल एक चुनावी प्रक्रिया की कहानी नहीं हैं, बल्कि लोकतंत्र, मानवाधिकार और जनविश्वास के गहरे संकट की दास्तान हैं। किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था की वास्तविक शक्ति निष्पक्ष चुनाव, नागरिक स्वतंत्रता और शासन की जवाबदेही में निहित होती है, लेकिन जब चुनाव भय, हिंसा, प्रशासनिक दबाव और धांधली के आरोपों से घिर जाएँ, तब लोकतंत्र का स्वरूप विकृत हो जाता है। आज पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर की स्थिति इसी कठोर वास्तविकता की ओर संकेत करती है। वहाँ के लोगों का आक्रोश केवल चुनावी अनियमितताओं तक सीमित नहीं है, बल्कि वर्षों से चली आ रही आर्थिक उपेक्षा, राजनीतिक भेदभाव और नागरिक अधिकारों की अनदेखी के विरुद्ध भी है। यही कारण है कि वहाँ का असंतोष अब स्थानीय मुद्दा न रहकर अंतरराष्ट्रीय चिंता का विषय बनता जा रहा है। लोकतंत्र केवल मतपेटियों तक सीमित नहीं होता। लोकतंत्र का अर्थ है कि प्रत्येक नागरिक बिना किसी भय, दबाव या प्रलोभन के अपनी इच्छा व्यक्त कर सके और उसकी अभिव्यक्ति का सम्मान हो। यदि किसी क्षेत्र में चुनाव पहले से तय परिणामों का माध्यम बन जाएँ, यदि सत्ता का पूरा तंत्र एक दल विशेष के पक्ष में खड़ा दिखाई दे, यदि विरोध की आवाज को बलपूर्वक दबाया जाए और शांतिपूर्ण प्रदर्शन करने वालों पर कठोर कार्रवाई हो, तो उसे लोकतंत्र नहीं कहा जा सकता। पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में समय-समय पर ऐसे आरोप सामने आते रहे हैं कि चुनावी प्रक्रिया पूरी तरह स्वतंत्र और निष्पक्ष नहीं है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि सत्ता का प्रभाव प्रशासन और चुनावी व्यवस्था पर स्पष्ट दिखाई देता है। यदि जनता के मन में यह विश्वास ही समाप्त हो जाए कि उसका मत परिवर्तन ला सकता है, तो लोकतंत्र का सबसे महत्वपूर्ण आधार ही समाप्त हो जाता है।

पाकिस्तान स्वयं को लोकतांत्रिक राष्ट्र कहता है, लेकिन उसके व्यवहार में लोकतंत्र की मूल भावना बार-बार प्रश्नों के घेरे में आ जाती है। लोकतंत्र का अर्थ केवल चुनाव करवा देना नहीं है, बल्कि असहमति का सम्मान करना, नागरिक अधिकारों की रक्षा करना और सत्ता की आलोचना को स्वीकार करना भी है। यदि विरोध करने वालों को राष्ट्रविरोधी या व्यवस्था विरोधी बताकर दबाने का प्रयास किया जाए, यदि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता सीमित कर दी जाए और यदि प्रशासन जनता के बजाय सत्ता के हितों की रक्षा करता दिखाई दे, तो लोकतांत्रिक मूल्यों की विश्वसनीयता स्वतः समाप्त होने लगती है। पाकिस्तान की यही दोहरी नीति आज उसके लोकतांत्रिक दावों पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े करती है। पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर के लोगों की सबसे बड़ी पीड़ा केवल राजनीतिक नहीं, बल्कि आर्थिक भी है। प्राकृतिक संसाधनों से समृद्ध होने के बावजूद वहाँ का सामान्य नागरिक मूलभूत सुविधाओं के लिए संघर्ष कर रहा है। बिजली संकट, महँगाई, बेरोजगारी, आवश्यक वस्तुओं की कमी और विकास की धीमी गति ने जनजीवन को अत्यंत कठिन बना दिया है। यह विडंबना है कि जिन नदियों से ऊर्जा उत्पन्न होती है, उसी क्षेत्र के लोग लंबे समय तक बिजली कटौती झेलने को विवश हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि उनके संसाधनों का उपयोग तो किया जाता है, लेकिन उनके विकास के लिए अपेक्षित निवेश नहीं किया जाता। ऐसी स्थिति में जनता के भीतर असंतोष का बढ़ना स्वाभाविक है।

लोकतांत्रिक शासन की सबसे बड़ी कसौटी यह होती है कि वह संकट के समय जनता के साथ किस प्रकार खड़ा रहता है। यदि जनता की शिकायतों का समाधान संवाद से करने के बजाय दमन से किया जाए, तो यह शासन की कमजोरी का प्रमाण होता है। पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में विरोध प्रदर्शनों और असंतोष के प्रति जिस प्रकार का रवैया अपनाए जाने के आरोप लगते रहे हैं, वे

**लोकतांत्रिक शासन की सबसे बड़ी कसौटी यह होती है कि वह संकट के समय जनता के साथ किस प्रकार खड़ा रहता है। यदि जनता की शिकायतों का समाधान संवाद से करने के बजाय दमन से किया जाए, तो यह शासन की कमजोरी का प्रमाण होता है। पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में विरोध प्रदर्शनों और असंतोष के प्रति जिस प्रकार का रवैया अपनाए जाने के आरोप लगते रहे हैं, वे चिंता पैदा करते हैं। लोकतंत्र का उत्तर हिंसा नहीं, बल्कि संवाद होता है। दुर्भाग्य से जब शासन संवाद छोड़कर शक्ति प्रदर्शन का मार्ग अपनाता है, तब जनता और व्यवस्था के बीच विश्वास की खाई और गहरी हो जाती है।**

चिंता पैदा करते हैं। लोकतंत्र का उत्तर हिंसा नहीं, बल्कि संवाद होता है। दुर्भाग्य से जब शासन संवाद छोड़कर शक्ति प्रदर्शन का मार्ग अपनाता है, तब जनता और व्यवस्था के बीच विश्वास की खाई और गहरी हो जाती है। विश्व समुदाय के सामने भी यह एक गंभीर नैतिक प्रश्न है। यदि लोकतंत्र और मानवाधिकार वास्तव में सार्वभौमिक मूल्य हैं, तो उनका संरक्षण केवल कुछ चुनिंदा क्षेत्रों तक सीमित नहीं होना चाहिए। अंतरराष्ट्रीय संस्थाएँ और महाशक्तियाँ अनेक अवसरों पर दुनिया के विभिन्न हिस्सों में मानवाधिकारों और लोकतंत्र की रक्षा की बात करती हैं। यदि यही सिद्धांत सार्वभौमिक हैं, तो पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में उठ रहे प्रश्नों की भी निष्पक्ष समीक्षा होनी चाहिए। मानवाधिकारों का मूल्य भौगोलिक सीमाओं से निर्धारित नहीं होता। जहाँ भी नागरिकों की स्वतंत्रता और सम्मान प्रभावित होता है, वहाँ वैश्विक समुदाय की नैतिक जिम्मेदारी बनती है कि वह स्थिति पर गंभीरता से ध्यान दे।

भारत ने हाल की घटनाओं के संदर्भ में अंतरराष्ट्रीय समुदाय का ध्यान पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर की स्थिति की ओर आकर्षित किया है और वहाँ नागरिकों के अधिकारों की रक्षा तथा दमन रोकने की आवश्यकता पर बल दिया है। इस प्रकार की अपील को केवल कूटनीतिक दृष्टि से नहीं, बल्कि मानवीय दृष्टिकोण से भी देखा जाना चाहिए। यदि किसी क्षेत्र में चुनावी प्रक्रिया पर लगातार प्रश्न उठ रहे हों, यदि नागरिक असुरक्षा और अविश्वास के वातावरण में जी रहे हों और यदि उनके मौलिक अधिकार प्रभावित हो रहे हों, तो विश्व समुदाय की निष्क्रियता भविष्य के लिए और भी गंभीर संकट उत्पन्न कर सकती है। पाकिस्तान की लोकतांत्रिक नीतियों का सबसे बड़ा विरोधाभास यह है कि एक ओर वह अंतरराष्ट्रीय मंचों पर लोकतंत्र, न्याय और जनाधिकारों की बात करता है, वहीं दूसरी ओर अपने नियंत्रण वाले क्षेत्रों में उन्हीं मूल्यों को व्यवहार में उतारने में विफल दिखाई देता है। लोकतंत्र की विश्वसनीयता केवल भाषणों से नहीं, बल्कि शासन की कार्यशैली से सिद्ध होती है। यदि नागरिक स्वयं को उपेक्षित, असुरक्षित और असहाय महसूस करें, तो लोकतंत्र का दावा खोखला प्रतीत होने लगता है। लोकतंत्र का वास्तविक अर्थ सत्ता परिवर्तन की संभावना, स्वतंत्र संस्थाएँ, निष्पक्ष प्रशासन और नागरिकों की गरिमा की रक्षा है। यदि ये तत्व अनुपस्थित हों, तो चुनाव केवल औपचारिक प्रक्रिया बनकर रह जाते हैं।

आज आवश्यकता इस बात की है कि पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में चुनाव पूरी तरह शांतिपूर्ण, स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी वातावरण में संपन्न हों। मतदाता बिना किसी भय या दबाव के अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें, राजनीतिक दल समान अवसर प्राप्त करें और चुनावी प्रक्रिया पर जनता का विश्वास पुनर्स्थापित हो। यह केवल उस क्षेत्र के लोगों के हित में नहीं, बल्कि पूरे दक्षिण एशिया में स्थिरता और शांति के लिए भी आवश्यक है। विश्व की महाशक्तियों और अंतरराष्ट्रीय संगठनों को यह समझना होगा कि लोकतंत्र की रक्षा केवल वक्तव्यों से नहीं होती। जहाँ लोकतांत्रिक संस्थाएँ कमजोर पड़ती हैं, वहाँ समय रहते निष्पक्ष निगरानी, संवाद और मानवाधिकारों के संरक्षण के लिए रचनात्मक प्रयास आवश्यक होते हैं। यदि दुनिया ऐसे मामलों में मौन रहती है, तो लोकतंत्र के सार्वभौमिक मूल्यों की विश्वसनीयता भी कमजोर पड़ती है।



पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर की वर्तमान परिस्थितियाँ दुनिया के लिए एक चेतावनी हैं कि चुनाव केवल सत्ता प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि जनता के विश्वास की सबसे बड़ी परीक्षा होते हैं। यदि यह विश्वास टूट जाता है, तो असंतोष, अस्थिरता और संघर्ष की परिस्थितियाँ जन्म लेती हैं। आज आवश्यकता किसी राजनीतिक पक्ष का समर्थन करने की नहीं, बल्कि लोकतंत्र, न्याय, पारदर्शिता और मानवाधिकारों की रक्षा करने की है। अंतरराष्ट्रीय समुदाय को निष्पक्ष दृष्टि से स्थिति का आकलन करते हुए यह सुनिश्चित करने का प्रयास करना चाहिए कि वहाँ के नागरिकों को वही अधिकार और सम्मान मिले, जो किसी भी लोकतांत्रिक समाज के नागरिकों का स्वाभाविक अधिकार है। दुनिया की आँखें अब इस ओर खुलनी चाहिए, क्योंकि जहाँ लोकतंत्र कमजोर होता है, वहाँ अंततः पूरी मानवता की नैतिक शक्ति भी कमजोर पड़ती है। लेखक,

# भाषा केवल शब्दों का संसार नहीं, किसी समाज की संस्कृति, स्मृतियों और पहचान का आधार है

(मोनिका भाम्भू कलाना)

मनुष्य ने किसी समय ध्वनि संकेतों से स्वयं को अभिव्यक्त करना सीखा होगा, जिससे भाषा बनी होगी। भाषा और मनुष्य के बीच संबंधों के कई सिरे हैं। यह सीधा और इकहरा संबंध नहीं है।

भाषा केवल सामाजिक जुड़ाव और विचारों की अभिव्यक्ति तक सीमित नहीं होकर मनुष्य की सांस्कृतिक पहचान का अनिवार्य अंग होती है। किसी जन समुदाय की संस्कृति का सर्वाधिक जीवंत और मूर्त रूप उसकी भाषा में ही मिलता है। किसी संस्कृति का अतीत मिथकों के साथ-साथ उसकी भाषा की अवधारणाओं में भी ध्वनित होता है।

भाषा के माध्यम से हम केवल अपने विचारों को व्यक्त नहीं करते, बल्कि हम उसमें स्वयं को व्यक्त करते हैं। सच यह है कि भाषा के बिना मनुष्य कुछ भी नहीं है। पशु और देवता के बीच मनुष्य ही एक ऐसा प्राणी है, जो अपना अन्वेषण स्वयं करता है। भाषा उसके इस आत्म-अन्वेषण का औजार है। यह मनुष्य के शरीर का अदृश्य अंग है, दृष्टि है। सच यह है कि भाषा चाहे किसी भी रूप में अभिव्यक्त हो, उसके बिना मनुष्य में कोई आत्मदृष्टि नहीं बन सकती।भाषा केवल संप्रेषण का माध्यम भर नहीं होती, वह संस्कृति की वाहक होती है। किसी संस्कृति के बिखर जाने पर भी उसका सत्य उसकी भाषा में जीवित रहता है।

मनुष्य के विकास के दौरान प्रत्येक भाषा की विशिष्ट संरचना बनती है, लेकिन एक बार अस्तित्व ग्रहण करके वह मनुष्य की अंतःप्रक्रियाओं को प्रभावित करने लगती है। भाषा केवल किसी समाज के सांसारिक प्रयोजनों को साधने का माध्यम भर नहीं होती, बल्कि समाज के अंदरूनी स्वभाव, उसके संवेदन तंत्र और चरित्र को भी निर्धारित करती है।

प्रत्येक भाषा की अपनी दृष्टि होती है, जिसके सहारे वह दुनिया को देखती-परखती है। भाषा हमारी संस्कृति का, हमारी अस्मिता का महत्त्वपूर्ण अंग है। संस्कृति के जो बिंब, मिथक, रूपक और विशिष्ट प्रतीक होते हैं, वे सब उसकी भाषा से ही उसके साहित्य में स्थान पाते हैं।

भाषाओं के अपने मिथकीय स्रोत उनकी दुनिया और उनकी संरचना को प्रभावित करते हैं। इसलिए एक ही दुनिया में होते हुए भी हर भाषा की अपनी अलग दुनिया होती है और अपना भूगोल होता है।

प्रत्येक भाषा संस्कृति-सापेक्ष होती है। संस्कृति का दर्शन उसकी भाषा से छनकर आता है। इस तरह भाषा, संस्कृति के दर्शन को उजागर करने वाली खिड़की है। यह एक माध्यम मात्र न होकर स्वायत्त शक्ति का एक साधन है।

किसी समाज और संस्कृति की धार्मिक संवेदनाएं, विश्वास, आस्था और मिथकीय चेतना उसकी भाषा में अपने स्मृति-चिह्न छोड़ती हैं। किसी संस्कृति की पहचान उसके यथार्थ तक सीमित न होकर उसके स्वप्नों तक विस्तृत होती है। इसलिए संस्कृति की बुनावट में भाषा का महत्त्वपूर्ण योग रहता है। संस्कृति के स्वप्न उसकी स्मृतियों द्वारा निर्धारित होते हैं।

हमें इस पर ध्यान देने की जरूरत है कि भाषा के प्रश्न को महज साहित्य-सृजन का प्रश्न मानकर नहीं टाला जा सकता। वह हमारी सांस्कृतिक मनीषा की बुनावट से जुड़ा है। हमारे संस्कार और हमारी स्मृतियां उसी से आकार ग्रहण करती हैं।

आज जब शब्द पर अनेक साधनों से आक्रमण किया जा रहा है, राजनीति, सिनेमा, विज्ञापन और प्रचार द्वारा उसके आत्यंतिक चरित्र को भ्रष्ट किया जा रहा हो, अनेक साधनों और माध्यमों से उसे कुंद किया जा रहा हो, वहां अपनी भाषा के प्रति प्रतिबद्धता केवल साहित्यिक मूल्य नहीं, बल्कि एक सामाजिक मूल्य भी होनी चाहिए।

अन्य सामाजिक प्रतिबद्धताएं और मूल्य किसी काम के नहीं रहेंगे, अगर हम अपनी भाषा के प्रति संवेदनशील रुख नहीं अपनाएंगे। साहित्यकार अनेक माध्यमों से दूषित हुए शब्द को फिर से सार्थकता प्रदान करने की कोशिश करते हैं, लेकिन कोई भाषा केवल साहित्य और साहित्यकारों के लिए ही नहीं, बल्कि संस्कृति, समाज और स्वयं मनुष्य की अस्मिता के लिए भी बहुत जरूरी होती है।

किसी समाज की संस्कृति जीवित ही नहीं रह सकती, अगर उसकी भाषा मृत हो जाती है। अगर हमारे अतीत का सब कुछ मर-मिट जाए, लेकिन भाषा बची रहे, तब भी एक समाज के सदस्य आपस में संवाद कर सकते हैं। वे अवचेतन रूप में अपने अतीत से जुड़े रहते हैं और अतीत अदृश्य रूप में उनके वर्तमान में प्रवाहित होता रहता है।

किसी देश की संस्कृति ऐतिहासिक झंझावातों द्वारा क्षत-विक्षत भले ही हो जाए, उसका सत्य उसी भाषा में बचा रहता है। इस तरह भाषा भीतर के सत्य और बाहर के यथार्थ के बीच सेतु का काम करती है। आज तकनीक और संचार साधनों के बढ़ने के साथ जिस अनुपात में भाषा को भ्रष्ट करने के साधन बढ़े हैं, शब्द और अर्थ में अंतराल होता जा रहा है।

# बिहार- प्रशांत किशोर की जीत के सियासी मायने चौंकाने वाले

(कमलेश पांडे )

**दूसरा बड़ा संदेश यह कि, जनसुराज पार्टी की नई जीत जहाँ भाजपा नीत एनडीए के लिए इस अकल्पनीय पराजय के बाद संगठन और रणनीति की समीक्षा का गहरा अवसर पैदा करता है। वाकई प्रशांत किशोर की जीत भाजपा के लिए स्पष्ट चेतावनी भी है, क्योंकि बांकीपुर जैसी भाजपा की पारंपरिक सीट का उसके हाथ से एक झटके में निकल जाने से यह साफ संकेत मिलता है कि चुनाव जीतने के लिए केवल संगठनात्मक मजबूती ही पर्याप्त नहीं है; बल्कि स्थानीय मुद्दे, उम्मीदवार, सामाजिक समीकरण और मतदाता की अपेक्षाएं भी निर्णायक हो सकते हैं।**

बांकीपुर उपचुनाव का सबसे बड़ा संदेश यह है कि, बिहार की राजनीति अब केवल एनडीए बनाम महागठबंधन की दोध्रुवीय प्रतिस्पर्धा तक सीमित नहीं रह सकती, बल्कि जन सुराज ने स्वयं को एक संभावित तीसरे विकल्प के रूप में स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया है। जन सुराज पार्टी के संस्थापक व मशहूर चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर ने बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव में सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार नीरज कुमार को लगभग 19 हजार वोटों से तगड़ी शिकस्त देकर न केवल चुनाव जीता, बल्कि राजनीतिक पंडितों को भी चौंका दिया। प्रशांत किशोर की यह जीत केवल एक सीट की जीत नहीं मानी जा रही, बल्कि बिहार की राजनीति में एक महत्वपूर्ण संकेत के रूप में देखी जा रही है। ऐसा इसलिए कि प्रशांत किशोर ने भाजपा के तीन दशक से अधिक पुराने गढ़ में अकल्पनीय जीत दर्ज की है और अपनी जन सुराज पार्टी को पहली बड़ी चुनावी सफलता दिलाई है। हालांकि, एक उपचुनाव के परिणाम के आधार पर पूरे राज्य के चुनाव के जनादेश का संकेत मान लेना एक बड़ी सियासी गलतफहमी होगी। फिर भी, उनकी यह जीत कई कारणों से महत्वपूर्ण मानी जा रही है, क्योंकि जन सुराज पार्टी के सुप्रीमो प्रशांत किशोर ने बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव में भाजपा उम्मीदवार नीरज कुमार को 18,953 वोटों के भारी अंतर से हराया है। लिहाजा, बांकीपुर उपचुनाव का सबसे बड़ा संदेश यह है कि, बिहार की राजनीति अब केवल एनडीए बनाम महागठबंधन की दोध्रुवीय प्रतिस्पर्धा तक सीमित नहीं रह सकती, बल्कि जन सुराज ने स्वयं को एक संभावित तीसरे विकल्प के रूप में स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया है। दूसरा बड़ा संदेश यह कि, जनसुराज पार्टी की नई जीत जहाँ भाजपा नीत एनडीए के लिए इस अकल्पनीय पराजय के बाद संगठन और रणनीति की समीक्षा का गहरा अवसर पैदा करता है। वाकई प्रशांत किशोर की जीत भाजपा के लिए स्पष्ट चेतावनी भी है, क्योंकि बांकीपुर जैसी भाजपा की पारंपरिक सीट का उसके हाथ से एक झटके में निकल जाने से यह साफ संकेत मिलता है कि चुनाव जीतने के लिए केवल संगठनात्मक मजबूती ही पर्याप्त नहीं है; बल्कि स्थानीय मुद्दे, उम्मीदवार, सामाजिक समीकरण और मतदाता की अपेक्षाएं भी निर्णायक हो सकते हैं। तीसरा बड़ा संदेश यह कि, इस अकल्पनीय जीत से जन सुराज पार्टी को राजनीतिक वैधता मिली है। अब जन सुराज को केवल एक अभियान नहीं, बल्कि चुनाव जीतने में सक्षम राजनीतिक दल के रूप में देखा जाएगा। वाकई जिस चुनौती भरे सियासी परिदृश्य में प्रशांत किशोर ने अपनी जीत का परचम लहराया है और भाजपा के लंबे समय से सुरक्षित माने जाने वाले बांकीपुर के गढ़ में 30 साल बाद ही सही, पर सेंध लगा डाली है; वह नवोदित पार्टी के लिए एक अहम उपलब्धि है। इससे भाजपा का मनोबल टूटने के पुष्ट संकेत मिले हैं। चौथा बड़ा संदेश यह कि, जन सुराज पार्टी की पहली चुनावी जीत का सेहरा खुद पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर के सिर पर ही बंधा है और वो अपना पहला चुनाव लड़कर ही विधायक बनकर विधान सभा पहुंच चुके हैं, जिससे बिहार की राजनीति में नई हलचल पैदा करने के उनके मिशन को काफी बल मिला है। यही वजह है कि प्रशांत किशोर की नई भूमिका की चर्चा अब शुरू हो चुकी है, क्योंकि चुनावी रणनीतिकार से विधायक बनने के बाद उन्हें विधानसभा के भीतर अपनी राजनीति और वैकल्पिक नीतियों को सीधे प्रस्तुत करने का अवसर मिलेगा। पांचवां बड़ा संदेश यह कि, जहाँ तक 2026 में हुए बांकीपुर बिहार विधानसभा उप चुनाव के मनोवैज्ञानिक प्रभाव की बात है तो यह परिणाम जन सुराज पार्टी के कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाएगा और आगामी चुनावों में उम्मीदवारों व समर्थकों को आकर्षित कर सकता है। चूंकि वर्ष 2025 के विधानसभा चुनावों में शुरुआती धमाल मचाने के बाद प्रशांत किशोर की रणछोड़ रणनीतिकार और बुजदिल राजनेता वाली जो छवि बनी थी, अब उससे उन्हें मुक्ति मिली है और वह एक जुझारू राजनेता के रूप में उभरे हैं। छठा बड़ा संदेश यह कि, जन सुराज पार्टी और प्रशांत किशोर के इस सियासी उभार से एक नई युवा और शहरी राजनीति के संकेत मिले हैं, क्योंकि चुनाव प्रचार में रोजगार, शिक्षा और सुशासन जैसे मुद्दों पर विशेष जोर दिया गया। इस प्रकार यदि यह रुझान अन्य क्षेत्रों में भी दिखता है, तो इससे बिहार की चुनावी राजनीति में मुद्दा-आधारित प्रतिस्पर्धा और मजबूत हो सकती है। सातवां बड़ा संदेश यह कि, विपक्षी राजनीति भी अब एक नई करवट लेगी। उसे एक नया सकारात्मक विकल्प मिलेगा। बांकीपुर उपचुनाव में जिस तरह से राजद नीत महागठबंधन का वोट बैंक जनसुराज की ओर यकायक शिफ्ट हुआ, यह उसके समक्ष भी अपने जनाधार को मजबूत बनाए रखने की एक तगड़ी चुनौती समुपस्थित करता है। इससे राजद और महागठबंधन के सामने भी अब एक नई चुनौती खड़ी होगी, क्योंकि यदि जन सुराज पार्टी आगे भी विपक्षी मतदाताओं को अपनी ओर आकर्षित करती है, तो इससे राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के लिए विपक्ष का निर्विवाद केंद्र बने रहना कठिन हो सकता है। ऐसा इसलिए भी कि बांकीपुर में राजद तीसरे स्थान पर रही। आठवां बड़ा संदेश यह कि, बिहार जैसे राजनीतिक रूप से संवेदनशील प्रांत में भाजपा की यह पराजय उसके नेताओं की आपसी रस्साकशी का निराशाजनक परिणाम तो है ही, लेकिन उलजुलूल समीकरणों को साधने की उसकी राजनीतिक फितरत, और इसके चक्कर में बिगड़ैल बोलों पर बरती गई रणनीतिक खामोशी का यह साइड इफ़ेक्ट्स भी समझा जा सकता है। यह घटनाक्रम पुनः भाजपा को खुली नसीहत देता है कि यदि बनावटी ओबीसी राजनीति के चक्कर में वह अपनी मूल राजनीतिक सवर्ण सियासी पूंजी भी न गंवा बैठे, जो कि कांग्रेस की ऐसी ही क्षुद्र सियासत से आजिज आकर भाजपा की ओर 1990 के दशक में शिफ्ट हुआ था, और अब विकल्प मिलते ही भाजपा की क्षुद्र सियासी चाल को भी नया राजनीतिक पाठ पढ़ाने पर आमादा दिखता है। नवां बड़ा संदेश यह कि, बिहार में सत्ता मिलते ही नवभाजपाइयों यानी राजद से भाजपा में आए नागमणि जैसे सामाजिक विषधर नेताओं ने राष्ट्रवाद और हिंदुत्व को धत्ता बताकर बैकवर्ड-फॉरवर्ड की जो लोहियावादी सियासत परवान चढ़ानी चाही, उसका साइड इफेक्ट्स भी । बांकीपुर उपचुनाव में दिखा है। क्योंकि भरत तिवारी एनकाउंटर को जातिवादी नजरिए से देखना और वैसी ही गोलबंदी को परोक्ष शह देकर बैकफुट पर लौटने से सवर्णों के बीच गलत संदेश गया है। इसलिए भाजपा के ओबीसी-दलित नेताओं को धुर सवर्ण विरोधी मानसिकता से बचना होगा, अन्यथा प्रतिक्रिया वश सवर्ण यदि ओबीसी की राजद और दलितों की लोजपा रामविलास को सियासी शह दे देंगे तो भाजपा के ओबीसी-दलित नेता न घर के रहेंगे, न घाट के। दसवां बड़ा राजनीतिक संदेश और स्वाभाविक सवाल यह है कि भाजपा के पैराशूट राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन द्वारा खाली की गई इस प्रतिष्ठित सीट पर बीजेपी चुनाव कैसे और क्यों हारी? क्या इसके पीछे भी उसकी कोई बड़ी रणनीति है या फिर अपने बड़े नेताओं के खिलाफ हुई भितरघात की वजह से भाजपा को यह शर्मनाक पराजय झेलनी पड़ी। चूंकि ऐसा माना जाता है कि कोई भी सत्ताधारी पार्टी प्रायः उपचुनाव नहीं हारती है, इसलिए यदि भाजपा हारी है तो इससे भी कई बड़े सवाल उपजते हैं। सबसे बड़ा सवाल यह कि क्या बांकीपुर में हुई चुनावी हार भाजपा उम्मीदवार नीरज कुमार की हार नहीं, बल्कि राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, पूर्वमुख्यमंत्री नीतीश कुमार, और बड़बोले केंद्रीय मंत्री गण चिराग पासवान, जीतनराम मांझी और उपेंद्र कुशवाहा की संयुक्त हार है, क्योंकि सबने एक दूसरे के साथ सियासी घात-प्रतिघात किया है, ताकि सूबाई राजनीति में गठबंधन साथियों की प्रासंगिकता बनी रहे।

# आजमनगर में चार दिवसीय फुटबॉल लीग का आगाज

## डीएम ने किया उद्घाटन, फिर विद्यालय पहुंच बच्चों की ली क्लास

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**आजमनगर (कटिहार)।** जिला फुटबॉल एसोसिएशन की ओर से चार दिवसीय फुटबॉल लीग प्रतियोगिता का शुभारंभ आजमनगर थाना मैदान में हुआ। प्रतियोगिता का विधिवत उद्घाटन जिलाधिकारी आशुतोष द्विवेदी ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर बारसोई के एसडीएम राजू कुमार के अलावे आलमपुर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि मोहम्मद इजहार आलम सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित रहे। जिला फुटबॉल लीग का आयोजन अब तक जिला मुख्यालय में होता रहा है, लेकिन आजादी के बाद पहली बार इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता की मेजबानी स्पोर्ट्स क्लब आजमनगर द्वारा थाना मैदान को मिली है।





आयोजन को लेकर स्थानीय खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों में खासा उत्साह देखने को मिला। आयोजकों में कंचन केसरी ने बताया कि चार दिवसीय इस लीग में जिले की विभिन्न टीमों के खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 30 खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। जिन्हें पटना स्थित मोइनुल हक स्टेडियम में आयोजित प्रतियोगिताओं में खेलने का अवसर मिलेगा। फुटबॉल टूर्नामेंट के उद्घाटन के बाद जिलाधिकारी ने आरके उच्च विद्यालय आजमनगर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था का जायजा लिया तथा कक्षा में पहुंचकर विद्यार्थियों से संवाद किया। इस दौरान जिलाधिकारी स्वयं बच्चों को पढ़ाते हुए भी नजर आए। उन्होंने विद्यार्थियों से पढ़ाई से जुड़े सवाल पूछे और मन लगाकर अध्ययन करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही विद्यालय प्रबंधन को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं बेहतर शैक्षणिक वातावरण सुनिश्चित करने के आवश्यक निर्देश दिए। मौके पर प्रधानाचार्य तेज नारायण बोसाक मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# बाबू वीर कुंवर सिंह सेवा परिषद कटिहार की कमिटी का विस्तार : विकास सिंह

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** शहर के एक निजी होटल के प्रशाल हॉल में बाबू वीर कुंवर सिंह सेवा परिषद कटिहार की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता परिषद के मुख्य संरक्षक पंकज सिंह ने की। बैठक में स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त की तैयारी और कमेटी के विस्तार को लेकर चर्चा की गई। जिसमें सर्वसम्मति से कमेटी की घोषणा की गई। श्री सिंह ने बताया कि नई कमेटी में अध्यक्ष विकास सिंह के अलावा सचिव नितेश कुमार सिंह उर्फ निक्कू सिंह, कोषाध्यक्ष पद के लिए राज किशोर सिंह, नगर अध्यक्ष पद के लिए मौसम कुमार सिंह युवा अध्यक्ष सागर सिंह शेट्ठी, सचिव आनंद सिंह सहित उपाध्यक्ष पद के लिए जितेंद्र सिंह, लालमोहन सिंह, बिप्लब सिंह,विनोद सिंह, सुनील सिंह को मनोनीत किया गया। संगठन सचिव के लिए राधा रमन सिंह,नवीन सिंह,विवेक सिंह उर्फ ज्वाला सिंह, मुन्ना सिंह,अभिषेक सिंह तथा संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए मुख्य संरक्षक, संरक्षक, मार्गदर्शक मंडल कमेटी का भी गठन किया ।जिसमें अभिभावकों को जिम्मेदारी दी गई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि बाबू वीर कुंवर सिंह सेवा परिषद कटिहार को प्रखंड स्तर से पंचायत स्तर से सामाजिक कार्यों में मुख्य भूमिका निभाने की कोशिश करेंगी। बैठक में अभिभावकों में पंकज सिंह, रंजन सिंह, अमरेश सिंह, अरविंद सिंह अधिवक्ता, एसपी सिंह समरेंद्र कुणाल प्रदेश महासचिव, संजय



सिंह प्रदेश सचिव, शैलू सिंह, सुबोध सिंह करणी सेना के अध्यक्ष सत्यम समदर्शी, महाराणा प्रताप सेवा परिषद के संयोजक कुमार गौरव, अभिषेक सिंह अनिकेत सिंह राजवाड़, राधा रमन सिंह, भूषण सिंह, जवाहर सिंह, बृज किशोर सिंह, विनय सिंह, माधव सिंह चंचल सिंह, अनिल सिंह, भास्कर सिंह, मुन्ना सिंह नवीन सिंह, गिरीश सिंह, कन्हैया सिंह,शिव शंकर सिंह, अमर सिंह सुमन कुमार सिंह,करण कुमार मुख्य रूप से उपस्थित रहे। परिषद के अध्यक्ष विकास सिंह ने बैठक में उपस्थित के लिए परिषद के अभिभावकों एवं परिषद के एक-एक सदस्य के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया।

# डीएस कॉलेज में व्याप्त समस्याओं को लेकर अभाविप ने प्राचार्य को सौंपा ज्ञापन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कटिहार इकाई की ओर से दर्शन साह महाविद्यालय के प्रधानाचार्य को महाविद्यालय की विभिन्न समस्याओं के संबंध में एक ज्ञापन सौंपा गया है। कॉलेज अध्यक्ष प्रणव यादव के नेतृत्व में सौंपे गए इस ज्ञापन में महाविद्यालय में व्याप्त जनसमस्याओं और कमियों की ओर ध्यान आकृष्ट कराया गया है। अभाविप ने मांग की है कि पिछले कई वर्षों से कॉलेज भवन का रंग-रोगन नहीं हुआ है, इसलिए भवन की पुताई कराई जाए और सुरक्षा गार्ड की समुचित व्यवस्था की जाए। इसके साथ ही कॉलेज कैंपस की बाउंड्री वॉल का निर्माण कराने,गर्ल्स कॉमन रूम में छात्राओं के



बैठने के लिए पर्याप्त बेंच-कुर्सियों की व्यवस्था करने और परिसर में जगह-जगह विद्यार्थियों के बैठने हेतु सीमेंटेड सीटों की व्यवस्था करने की बात कही गई है। ज्ञापन में अध्यापकों और अध्यापिकाओं के निर्धारित समय पर न आने की समस्या पर सख्ती दिखाने, परिसर में छात्रों के लिए आरओ या वाटर कूलर के जरिए शुद्ध पेयजल की व्यवस्था करने और सुरक्षा व अनुशासन के लिए संपूर्ण परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगाने की मांग भी शामिल है।छात्र संगठन ने कॉलेज के कमरा संख्या दो और तीन की अत्यंत जर्जर स्थिति का हवाला देते हुए उनकी जल्द से जल्द मरम्मत कराने, पुस्तकालय में सीबीसीएस पाठ्यक्रम की नवीनतम पुस्तकें उपलब्ध कराने और सभी छात्र-छात्राओं के लिए पहचान पत्र अनिवार्य करने की मांग की है। इसके अलावा सभी प्रायोगिक संकायों में सुसज्जित प्रयोगशाला, व्यवस्थित साइकिल व बाइक स्टैंड और सभी क्लास रूम में पर्याप्त पंखों की व्यवस्था कराने पर भी जोर दिया गया है। अभाविप ने छात्र हित को ध्यान में रखते हुए इन सभी समस्याओं का शीघ्र अति शीघ्र समाधान करने की मांग की है। इस दौरान प्रदेश सहमंत्री विनय सिंह, कॉलेज उपाध्यक्ष शिवम यादव, प्रदेश कार्यकारिणी सत्यम कुमार, रोहन पासवान, विशाल सिंह पंकज कुमार यादव, शिव यादव समेत कई अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### मनिहारी में आज सोलर मेला

**मनिहारी/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत 7 अगस्त को मनिहारी प्रखंड सभागार में सुबह 10 बजे से सोलर मेले का आयोजन होगा। मेले में कटिहार नगर निगम क्षेत्र और मनिहारी प्रखंड के बिजली उपभोक्ताओं को योजना की विस्तृत जानकारी दी जाएगी तथा ऑनलाइन आवेदन भी लिए जाएंगे। विद्युत विभाग के अनुसार, योजना का उद्देश्य आवासीय भवनों पर रूफटॉप सोलर संयंत्र लगाकर उपभोक्ताओं को बिजली उत्पादन के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाना है। मेले में पीएम सूर्य घर पोर्टल पर आवेदन अधिकृत वेंडर के चयन तथा जन समर्थ पोर्टल के जरिए ऋण आवेदन की प्रक्रिया की भी जानकारी दी जाएगी। योजना के तहत एक किलोवाट सोलर संयंत्र पर 30 हजार रुपये, दो किलोवाट पर 60 हजार रुपये तथा तीन किलोवाट क्षमता तक 78 हजार रुपये की सरकारी सब्सिडी मिलेगी। साथ ही 5.75 से 7 प्रतिशत वार्षिक ब्याज दर पर बैंक ऋण की सुविधा भी उपलब्ध है। विद्युत कार्यपालक अभियंता ने अधिक से अधिक उपभोक्ताओं से मेले में पहुंचकर योजना का लाभ उठाने की अपील की है।

### बरारी में अवैध आशा हॉस्पिटल सील

**बरारी/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** नगर पंचायत के जागेश्वर उच्च विद्यालय के समीप कई वर्षों से अवैध रूप से संचालित किये जा रहे आशा हॉस्पिटल पर प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम ने छापेमारी कर अस्पताल को सील कर दिया। कार्रवाई के बाद पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। जबकि प्रशासन मामले की विस्तृत जांच में जुट गया है। गुप्त सूचना के आधार पर बरारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. मुसर्रफ हुसैन, बीडीओ धीरेन्द्र कुमार धीरज, सीओ मनीष



कुमार, डॉ. यूडी सिन्हा तथा एसआई अमित कुमार और अमन कुमार के नेतृत्व में टीम ने अस्पताल परिसर में छापा मारा। जांच के दौरान अस्पताल में प्रसव पीड़िता ट्विंकल कुमारी भर्ती मिली। जिसे तत्काल बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल कटिहार भेज दिया गया। डॉ. मुसर्रफ हुसैन ने बताया कि प्रारंभिक जांच में अस्पताल संचालन से संबंधित आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जा सके। अस्पताल के लंबे समय से बिना वैध अनुमति संचालित होने की सूचना मिली थी। जिसके बाद तत्काल प्रभाव से उसे सील कर दिया गया। प्रशासनिक अधिकारियों ने बताया कि अवैध रूप से स्वास्थ्य संस्थान संचालित करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। अस्पताल संचालक के लाइसेंस, पंजीकरण और अन्य अभिलेखों की जांच की जा रही है। चार-पांच दिन पूर्व अवैध निजी नर्सिंग होम में जच्चा-बच्चा की मौत के बाद स्वास्थ्य विभाग लगातार ऐसे संस्थानों पर कार्रवाई कर रहा है।

### सालमारी कर्बला मैदान तालाब में तब्दील लोगों की परेशानी बढी

**सालमारी/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** इन दिनों मानसून की लगातार हो रही मूसलाधार बारिश के कारण सालमारी का कर्बला मैदान तालाब में तब्दील हो गया है। सालमारी मर्चेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष गोपाल अग्रवाल ने बताया कि जल निकासी की उचित व्यवस्था नहीं होने के वार्ड 4 और 5 के लोग इस समस्या से जूझ रहे है साथ ही नाला के अभाव में यहां हमेशा जल जमाव की स्थिति बनी रहती है। जिस के कारण इस क्षेत्र के लोगों का घर से बाहर निकलना



कठिन हो गया है। बताया जाता है की इस वार्ड में नाला का निर्माण नहीं किये जाने से वार्ड के लोगों को वर्षा के दिनों में अपने घरों से निकलना मुश्किल हो जाता है। कर्बला मैदान में पानी जमा हो जाने की वजह से यह झील में तब्दील हो जाता है। यहां जल निकासी की व्यवस्था नहीं होने के कारण यहां के लोगों को सालमारी बाजार सहित अन्य जगहों में आने-जाने के लिए परेशानी उठानी पड़ती है। ज्ञात हो की इसी जगह सालमारी बाजार की एक प्रमुख निजी स्कूल भी संचालित होता है। इस विद्यालय में छोटे-छोटे बच्चे भी पढ़ने आने और जाने का कार्य करते हैं। जिसकी वजह से उन्हें भी आने-जाने एवं पढाई में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है। जिसकी वजह से विद्यालय प्रबंधन को स्कूल तक प्रत्येक वर्ष इस समस्या से बंद करनी पड़ती है।सालमारी पंचायत के मुखिया, इस वार्ड के सदस्य से कई बार लोगों ने यहां नाला निर्माण करवाने की मांग की गई है।इसके बाद भी यहां इस समस्या से निदान दिलाने को लेकर पहल नहीं किए जाने से इस क्षेत्र के लोगों में आक्रोश व्याप्त है।यहां की स्थिति वर्षा के दिनों में दयनीय हो जाती है। इस समस्या से निजात दिलाने के लिए पूर्व एसडीओ से मर्चेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष गोपाल अग्रवाल, सचिव जावेद आलम, विद्यालय के प्रबंधक आशुतोष मुखर्जी ने लिखित देकर इस समस्या से निजात दिलाने को लेकर पहल करने की मांग की थी।पर स्थिति जस की तस बनी हुई है।

### फूलहरा पंचायत सचिव का स्थानांतरण

**मनसाही/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड क्षेत्र के फूलहारा पंचायत के पंचायत सचिव का स्थानांतरण हो गया। इस कड़ी में तीन पंचायत का कार्य देख रहे पंचायत सचिव सचिंद्र कुमार झा को फुलहरा पंचायत का भी चार्ज दिया गया। प्रत्येक पंचायत में एक पंचायत सचिव का होना जरूरी होता हैं। जिससे की पंचायत का विकास हो। लेकिन एक ही पंचायत सचिव का एक पंचायत में योगदान, दूसरे पंचायत का प्रभार,फिर तीसरे पंचायत का प्रभार,अब चौथा पंचायत का प्रभार पंचायत सचिव सचिन्द्र कुमार झा को मिल गया हैं। पंचायत सचिव सचिन्द्र कुमार झा सर्वप्रथम योगदान साहेबनगर पंचायत भवन में किए। उसके बाद भेड़मारा, इनके बाद कुरेठा, इनके बाद अब फुलहरा पंचायत का प्रभार मिल गया हैं। एक ही पंचायत सचिव चार-चार पंचायत का कार्य देखने से जहां कर्मी को मानसिक परेशानी होता हैं,साथ ही शारीरिक परेशानी अलग ही होती हैं। बिहार सरकार एक ही कर्मी से कई तरह के कार्य लेते हैं। इस कड़ी में एक ही पंचायत सचिव से कई पंचायत का कार्य ले रहे हैं। बिहार सरकार अविलंब सभी पंचायत भवन में पंचायत सचिव का नियुक्ति करें। जिससे पंचायत का विकास हो सके।

# आंगनबाड़ी केंद्रों पर माताओं को छह माह तक केवल स्तनपान का दिया संदेश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर 1 से 7 अगस्त तक विश्व स्तनपान सप्ताह मनाया जा रहा है। इस दौरान धात्री महिलाओं को नवजात शिशुओं के जन्म के एक घंटे के भीतर पहला पीला दूध कोलोस्ट्रम पिलाने तथा अगले छह माह तक केवल स्तनपान कराने के लिए जागरूक किया जा रहा है।आईसीडीएस की जिला कार्यक्रम पदाधिकारी कुमारी पूर्णिमा ने बताया कि माँ का दूध शिशु का पहला टीका है, जो उसे कुपोषण, डायरिया और निमोनिया जैसी गंभीर बीमारियों से बचाता है। उन्होंने कहा कि छह माह तक शिशु को पानी, शहद, घुट्टी या



अन्य दूध नहीं देना चाहिए तथा इसके बाद दो वर्ष तक ऊपरी आहार के साथ स्तनपान जारी रखना चाहिए। राष्ट्रीय पोषण अभियान के जिला समन्वयक अनमोल गुप्ता ने बताया कि स्तनपान कराने वाली माताओं में कई बीमारियों का खतरा कम होता है। उन्होंने कहा कि नियमित स्तनपान से माँ और शिशु दोनों का स्वास्थ्य बेहतर रहता है।

# दलहनी फसलों की उन्नत खेती के लिए किसानों को दिया प्रशिक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण आत्मा की ओर से संयुक्त कृषि भवन के सभागार में गुरुवार को दलहनी फसलों की उन्नत खेती एवं प्रबंधन विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला कृषि पदाधिकारी -सह -परियोजना निदेशक आत्मा राजीव कुमार, उप निदेशक कृषि अभियंत्रण प्रमोद कुमार, सहायक निदेशक पौधा संरक्षण जय किशन कुमार, उप परियोजना निदेशक शशिकांत झा तथा कृषि विज्ञान केंद्र की वैज्ञानिक संजू कुमारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। प्रशिक्षण में जिले के सभी 16



प्रखंडों के किसान एवं कृषि समन्वयकों ने भाग लिया। जिला कृषि पदाधिकारी राजीव कुमार ने किसानों को दलहनी फसलों की वैज्ञानिक खेती की पूरी प्रक्रिया से अवगत कराया। उन्होंने खेत की तैयारी, उन्नत किस्मों का चयन, बीज उपचार, वैज्ञानिक विधि से बुवाई, खरपतवार नियंत्रण, संतुलित पोषक तत्व प्रबंधन, कीट एवं रोग नियंत्रण तथा कटाई के बाद सुरक्षित भंडारण और मूल्य संवर्धन की जानकारी दी। प्रशिक्षण के दौरान विशेषज्ञों ने ट्राइकोडर्मा के उपयोग, फेरोमोन ट्रैप, मृदा जांच, जैव उर्वरक राइजोबियम तथा कीट प्रबंधन के वैज्ञानिक उपायों पर विस्तार से चर्चा की। उप परियोजना निदेशक शशिकांत झा ने किसानों को एफपीओ एवं किसान समूहों से जुड़कर सामूहिक विपणन के लाभ बताए।अंत में किसानों से आधुनिक तकनीकों को अपनाकर दलहनी फसलों का उत्पादन बढ़ाने का आह्वान किया गया।

# बंध्याकरण शिविर में नौ महिलाओं का सफल ऑपरेशन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनिहारी (कटिहार)।** स्वास्थ्य विभाग के निदेर्शानुसार मनिहारी अनुमंडलीय अस्पताल में गुरुवार को आयोजित साप्ताहिक बंध्याकरण शिविर में नौ महिलाओं का सफलतापूर्वक बंध्याकरण ऑपरेशन किया गया। ऑपरेशन अस्पताल के सर्जन डॉ. ऐश्वर्य सिंह की देखरेख में संपन्न हुआ। अनुमंडलीय अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ. ब्रजेश नंदन ने बताया कि सरकार की जनसंख्या नियंत्रण नीति के तहत प्रत्येक सप्ताह एक दिन बंध्याकरण शिविर आयोजित किया जाता है। इस योजना के अंतर्गत इच्छुक महिलाओं



का निःशुल्क ऑपरेशन किया जाता है। ताकि परिवार नियोजन को बढ़ावा मिल सके और मातृ-शिशु स्वास्थ्य में सुधार हो। उन्होंने बताया कि ऑपरेशन के बाद सरकार द्वारा निर्धारित प्रोत्साहन राशि लाभार्थी महिला,आशा कार्यकर्ता तथा मरीज के अटेंडेंट को भी नियमानुसार उपलब्ध कराई जाती है। इससे अधिक से अधिक महिलाओं को परिवार नियोजन कार्यक्रम से जुड़ने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। डॉ. ऐश्वर्य सिंह ने बताया कि अगस्त माह के प्रथम सप्ताह के शिविर में कुल नौ महिलाओं का सफलतापूर्वक ऑपरेशन किया गया। अस्पताल प्रशासन ने योग्य एवं इच्छुक महिलाओं से परिवार नियोजन सेवाओं का लाभ उठाने की अपील की है। साथ ही कहा कि सुरक्षित एवं स्वस्थ परिवार के निर्माण में बंध्याकरण जैसी स्थायी परिवार नियोजन सेवाएं महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

# किसानों में मचा हाहाकार, 266 का यूरिया 450 में बेच रहे हैं खाद दुकानदार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनसाही (कटिहार)।** प्रखंड क्षेत्र में इन दिनों खाद दामों में काफी वृद्धि हो रहा हैं 266 रुपए का यूरिया दुकानदार 450 रुपए में बेच रहे हैं। इस बाबत स्थानीय मनसाही प्रखंड के किसान मुनीलाल यादव,अंजन मंडल,शंभू मंडल,राहुल आनंद,संतोष कुमार मंडल,मोहन ऋषि, प्रमोद ऋषि,सुभाष यादव आदि ने बताया कि खरीफ की खेती में इन दिनों हम सभी किसान अपने अपने खेतों में अगहनी धान की खेती किए हैं। अभी खेतों में डीएपी, पोटाश,यूरिया की काफी जरूरत हैं। हम सभी किसान विभिन्न चौक चौराहे से खाद ऊंचे दामों में खरीद कर अपने खेतों में छिड़काव कर रहे हैं। विभिन्न खाद दुकानदार 266 रुपए वाले यूरिया का बोरा 450 रुपए में दे रहे हैं। वहीं 1350 रुपए वाला डीएपी 1800 रुपए में दे रहे हैं । वहीं 1350 रुपए वाला पोटाश 2200 रुपए में दे रहे हैं। किसानों ने बताया कि दुकानदार काफी ऊंचे दामों पर खाद बेच रहे हैं। इन दुकानदारों को प्रशासन से कोई डर नहीं हैं। वहीं खुलेआम प्रशासन की मिली भगत से ही खाद दुकानदार सस्ते दामों में खाद खरीद कर ऊंचे दामों में बेच रहे हैं।

# सरकारी कार्यालयों का नियमों को ताक पर रखकर किया जा रहा संचालन

## प्रखंड क्षेत्र से बाहर में पदाधिकारी व कर्मचारियों का निवास

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कदवा (कटिहार) ।** प्रखंड मुख्यालय स्थित विभिन्न रहा है। पदाधिकारियों व कर्मचारियों के निर्धारिय समय का पालन नहीं करते हैं। जब मन हुआ आ गये और मन हुआ निकल लिये। इससे आम लोगों को अपना काम कराने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। लोगों की शिकायत पर गुरुवार को सुबह 10:20 बजे से 11 बजे प्रखंड, अंचल, बाल विकास परियोजना, आरटीपीएस आदि कार्यालयों का भ्रमण में लोगों की शिकायत सही पाई गई।प्रखंड सांख्यिकी पदाधिकारी समीर कुमार तथा प्रखंड समन्वयक को छोड़कर कोई पदाधिकारी कार्यालय नहीं पहुंचे थे। अधिकतर कर्मचारी भी ड्यूटी से गायब मिले।जबकि प्रखंड मुख्यालय में आमजनों की खासी तादाद पदाधिकारी व कर्मचारियों के आने का इंतजार कर रही थी। लोगों ने बताया कि पदाधिकारियों व कर्मचारियों का आने-जाने का कोई टाइम नहीं है। यह स्थिति प्रत्येक दिन की है। एक




काम के लिए कई दिनों तक प्रखंड,अंचल एवं अन्य कार्यालय का चक्कर लगाना पड़ता है।अगर गलती से लेट होने की बात कह दिये तो उनका बिफरना तय है।सरकारी कार्यालयों में पदाधिकारियों व कर्मचारियों को सुबह 10 बजे आने का समय तय है, लेकिन विशेष अवसरों के सिवाय पदाधिकारी,कर्मचारी समय पर कार्यालय नहीं आते हैं। इस दिशा में एसडीओ व अन्य वरीय पदाधिकारियों द्वारा भी कभी औचक निरीक्षण भी नहीं किया जाता है। इसके कारण पदाधिकारी व कर्मचारी अपने मर्जी से आते-जाते हैं। यही नहीं जनप्रतिनिधियों को भी इससे कोई लेना देना नही है। सुबह 10:24 बजे आरटीपीएस कार्यालय में कोई कर्मचारी मौजूद नही था। कार्यालय का ताला खुला, लेकिन गेट बंद। विभिन्न कामों से आये लोग खिड़की खुलने का इंतजार कर रहे थे। काउंटर खुलने का इंतजार कर रहे लोगों में महिलाए और बुजूर्ग भी शामिल थे। 10:30 बजे तक प्रखंड आपूर्ति कार्यालय में ताला लटका रहा था। पदाधिकारी से लेकर कर्मचारी तक गायब थे।लोगों ने बताया कि महीने में 15 दिन इस कार्यालय का ताला नही खुलता है। जिसके कारण राशन वितरण में होने वाली गड़बड़ी की शिकायत करने से वंचित रह जाते हैं। इस बाबत प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी का रटा-रटाया जवाब मिलता है कि निरीक्षण में निकले हैं। दूसरी तरफ सीडीपीओ कार्यालय भी 10:37 बजे खुला तो था। लेकिन सिर्फ आपरेटर नंदकिशोर पासवान उपस्थित थे। सीडीपीओ, एलएस एवं अन्य कर्मचारी अनुपस्थित मिले। ऐसे में प्रखंड क्षेत्र के आंगनबाड़ी केंद्रों के संचालन को लेकर भी सहज अंदाज लग सकता है।प्रखंड विकास पदाधिकारी का कार्यालय खुला मिला। लेकिन साहब गायब। प्रखंड कार्यालय में प्रधान सहायक तथा प्रखंड नजारत कक्ष में भी ताला लटका हुआ था। कर्मचारी भी नदारद थे। यही स्थिति 10:45 बजे तक रही।लोग कर्मियों की खोज में यहां-वहां चक्कर लगा रहे थे।सरकार कर्मचारियों व पदाधिकारियों के प्रत्येक माह वेतन मद में लाखों रुपये खर्च कर रही है।लेकिन आमजनों को इसका लाभ नहीं मिलना बड़ा सवाल तो है।लेकिन एक भी कर्मचारी समय पर नही पहुंचे, तो इसे क्या कहा जायेगा।बताया जाता है कि बीडीओ प्रेम कुमार व राजस्व कर्मचारी को छोड़कर किसी भी पदाधिकारी या कर्मचारी का आवासन मुख्यालय तो क्या प्रखंड क्षेत्र में भी नहीं है। इसी कारण देर से आना और जल्दी चले जाना मजबूरी भी है।जिसका खामियाजा प्रखंड क्षेत्र की जनता भुगतने को लाचार हैं।लोगों ने कहा कि जिला पदाधिकारी सहित अन्य जिलास्तरीय वरीय पदाधिकारियों के औचक निरीक्षण से हीं पदाधिकारियों एवं कर्मियों की कार्यशैली बदल सकती है।लोगों ने जनप्रतिनिधियों को भी इस स्थिति के लिए जिम्मेवार बताया है।

# सोने के भाव 48 घंटे में 5750 चढ़े, चांदी ने लगाई 11000 की छलांग

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पिछले 48 घंटों में सोने-चांदी के दाम में भारी तेजी देखने को मिली है। एमसीएक्स पर सोना बुधवार रात साढ़े 11 बजे के करीब 148650 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। जबकि, चांदी 227490 रुपये प्रति किलो पर बंद होने में कामयाब रही। इससे पहले सोमवार रात सोना 142900 रुपये पर बंद हुआ था। यानी 48 घंटे में सोने के भाव 5750 रुपये चढ़ गए। वहीं, चांदी इस अवधि में 216506 रुपये प्रति किलो से 227590 रुपये पर पहुंच गई। यानी चांदी ने 11084 रुपये की छलांग लगा चुकी है।



### फिर भी ऑल टाइम हाई से सस्ते हैं सोना-चांदी

एमसीएक्स के आंकड़ों के अनुसार, 29 जनवरी को सोना 1,93,096 रुपये के रिकॉर्ड हाई पर था और तब से लेकर अब तक 44446 रुपये तक सस्ता हो चुका है। वहीं, एमसीएक्स सिल्वर का ऑल टाइम हाई 4,20,048 रुपये है और यह 192458 रुपये सस्ता हो चुका है।

**इंटरनेशल मार्केट में भी उछाल:** सोने के भाव में एक प्रतिशत से अधिक का इजाफा हुआ और यह 4,300 डॉलर प्रति औंस के स्तर को पार कर गया। एक दिन पहले ही इसमें 4.1 फीसदी की मजबूती आई थी, जो तीन फरवरी के बाद की सबसे तेज रफ्तार है। सिंगापुर में सुबह साढ़े नौ बजे सोना 1 फीसदी चढ़कर 4,287.95 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था। चांदी 0.2 फीसदी बढ़कर 62.19 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गई, जबकि पिछले सत्र में इसमें 4 फीसदी से अधिक की तेजी आई थी।

ईरान-ओमान समझौते से बनी उम्मीदः हाल के दिनों में सोने की कीमतों में जबरदस्त तेजी देखने को मिली है। पिछले छह महीनों में यह सबसे बड़ी बढ़त है, जिसकी मुख्य वजह होर्मुज को फिर से खोलने को लेकर बनी सकारात्मक संभावनाएं हैं। इस खबर ने तेल की बढ़ती कीमतों से पैदा हुए दबाव को कम कर दिया है, जिससे फेडरल रिजर्व पर ब्याज दरें बढ़ाने का दबाव भी घटा है।

ट्रंप का बयान और अमेरिका-ईरान वार्ताः अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि ईरान के साथ बातचीत जारी है और वे देखेंगे कि आगे क्या होता है। उन्होंने युद्ध के बजाय समझौते के जरिए मामले को सुलझाने की प्राथमिकता जताई। इससे पहले उन्होंने कहा था कि अमेरिकी समयानुसार बुधवार तक कोई समझौता संभव है। बाजार पर असर और ब्याज दरों की उम्मीदेंः पांच महीने से चल रहे संघर्ष में सुलह की संभावनाओं ने बाजार की धारणा बदल दी है। अब निवेशकों को इस साल के अंत तक केवल एक बार ब्याज दर बढ़ने की उम्मीद है, जबकि पिछले हफ्ते तक दो बार बढ़ोतरी की संभावना जताई जा रही थी। गोल्ड जैसी कीमती धातुओं के लिए ब्याज दरों में कमी सकारात्मक संकेत है, क्योंकि इन पर कोई ब्याज नहीं मिलता। फरवरी के अंत में अमेरिका-ईरान युद्ध शुरू होने के बाद से सोने की कीमत लगभग पांचवें हिस्से तक गिर गई थी।

## संक्षिप्त समाचार

### आर्बिट्रेज फंड के निवेशकों के लिए एक हैरान करने वाली खबर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आर्बिट्रेज फंड के निवेशकों के लिए एक हैरान करने वाली खबर आई। उनके पोर्टफोलियो की नेट असेट वैल्यू एक ही दिन में औसतन 0.46 प्रतिशत बढ़ गई। अगर सालाना हिसाब से देखें, तो यह 167 प्रतिशत का रिटर्न बैठता है। अब सवाल यह है कि ऐसे फंड्स में इतना बड़ा उछाल कैसे आया, जो साल भर में मुश्किल से 7 प्रतिशत या दिन का महज 0.02 प्रतिशत रिटर्न देते हैं दरअसल, यह सब नैशनल स्टॉक एक्सचेंज द्वारा स्टॉक्स के लिए शुरू किए गए क्लोजिंग ऑक्शन सेशन के पहले ही दिन हुआ। फंड मैनेजर्स का कहना है कि नए सिस्टम की शुरुआती अड़चनों की वजह से के आंकड़ों में यह असामान्य बदलाव दिखा है। ष्ठस्क्रम्यूचुअल फंड के फंड मैनेजर कैवल्य नडकर्णी ने को बताया कि आर्बिट्रेज फंड्स के लिए सिस्टम ने सौदे पूरे करने और हेजिंग (जोखिम कम करने की प्रक्रिया) में कुछ चुनौतियां पैदा कर दी हैं। आर्बिट्रेज रणनीति में आमतौर पर कैश मार्केट और डेरिवेटिव मार्केट में एक साथ विपरीत पोजीशन ली जाती है। नडकर्णी ने बताया कि चूंकि कैश मार्केट 3:15 बजे बंद हो जाता है, जबकि इक्विटी डेरिवेटिव मार्केट 3:40 बजे तक चलता रहता है। इसलिए दोनों तरफ एक साथ पोजीशन बनाना और जोखिम को मैनेज करना अब ज्यादा चुनौतीपूर्ण हो गया है। फंड मैनेजर्स ने निवेशकों को चेतावनी दी है कि वे बिना किसी जोखिम के मोटा मुनाफा कमाने के लालच में आर्बिट्रेज फंड्स में ट्रेडिंग न करें। एक्सपर्ट का कहना है कि शॉर्ट टर्म में एनएवी के उतार-चढ़ाव को अलग से नहीं देखना चाहिए। सोमवार को जो बढ़त दिखी, वह काफी हद तक वैल्यूएशन का असर है। जैसे ही कैश और फ्यूचर्स की कीमतें सामान्य होंगी, यह बढ़त किसी भी समय वापस कम हो सकती है। एमएफ के प्रेसिडेंट भावेश जैन ने बताया कि आर्बिट्रेज का फायदा पहले से तय होता है और पूरा रिटर्न एक्सपायरी वाले दिन ही मिलता है। लेकिन इस बीच, रोजमर्रा के आधार पर काफी उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है। नए नियमों से शुरुआती दिनों में वोलैटिलिटी बढ़ेगी। जैन ने सलाह दी कि इस उतार-चढ़ाव से बचने के लिए निवेशकों को आर्बिट्रेज फंड्स में अपना निवेश कम से कम 6 महीने के लिए रखना चाहिए, जबकि पहले यह अवधि 3 महीने की हुआ करती थी। नए क्लोजिंग ऑक्शन सेशन के कारण आर्बिट्रेज फंड्स के में अचानक 0.46 प्रतिशत की बढ़त दिखी। एक्सपर्ट्स के मुताबिक, यह मुनाफा 'वैल्यूएशन इफेक्ट' है और कीमतों के सामान्य होते ही यह घट सकता है। निवेशकों को सलाह दी गई है कि वे आर्बिट्रेज फंड्स में होल्डिंग पीरियड को 3 महीने से बढ़ाकर 6 महीने कर दें। नया सिस्टम अभी शुरुआती दौर में है, ह्रस्थ पर इसका कुल टर्नओवर में योगदान मात्र 2.2 प्रतिशत है।

### 8वें वेतन आयोग से पहले डीए में 3 प्रतिशत का इजाफा तय, 63 प्रतिशत होगा महंगाई भत्ता

**नईदिल्ली, एजेंसी।** केंद्र सरकार के एक करोड़ से अधिक कर्मचारियों और पेंशनर्स के लिए जुलाई 2026 में महंगाई भत्ते में बढ़ोतरी का रास्ता साफ हो गया है। लेबर ब्यूरो ने जून 2026 का डेटा जारी कर दिया है, जिसके बाद अब जुलाई में होने वाली रिवीजन की गणना पूरी हो चुकी है। लेटेस्ट आंकड़ों के अनुसार, केंद्रीय कर्मचारियों को 3 प्रतिशत की बढ़ोतरी मिल सकती है, जिसके बाद 60 प्रतिशत से बढ़कर 63 प्रतिशत हो जाएगा। जुलाई 2026 की यह रिवीजन 7वें वेतन आयोग के तहत आखिरी बड़ी बढ़ोतरी हो सकती है। हालांकि सरकार ने 8वें वेतन आयोग का गठन कर दिया है, लेकिन उसकी सिफारिशें आने में अभी समय है। जब तक नया सैलरी स्ट्रक्चर लागू नहीं होती, तब तक सभी रिवीजन मौजूदा 7वें वेतन आयोग के तहत ही होंगे। श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले लेबर ब्यूरो ने जून 2026 का कंज्यूमर प्राइस इंडेक्स फॉर इंडस्ट्रियल वर्कर्स जारी कर दिया है। यह आंकड़ा 151.9 दर्ज किया गया है, जो मई 2026 के 150.8 से अधिक है।

## मुकेश अंबानी ने जितना जिंदगीभर कमाया, एलन मस्क ने उससे ज्यादा एक दिन में गंवाया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दुनिया के सबसे बड़े रईस एलन मस्क की नेटवर्थ में बुधवार को भारी गिरावट देखने को मिली। उनकी कंपनी स्पेसएक्स के शेयरों में बुधवार को 13.61 प्रतिशत गिरावट आई जबकि टेस्ला का शेयर भी 1.77 प्रतिशत लुढ़क गया। ब्लूमबर्ग बिलिनेयर इंडेक्स के मुताबिक इससे मस्क की नेटवर्थ में 89.6 अरब डॉलर की गिरावट आई। यह रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी की नेटवर्थ 85.7 अरब डॉलर से ज्यादा है। इसके साथ ही मस्क की नेटवर्थ 687 अरब डॉलर रह गई है। इस साल उनकी नेटवर्थ 68.1 अरब डॉलर की तेजी आई है। बुधवार को दुनिया के 10 टॉप रईसों में से 8 की नेटवर्थ में गिरावट आई। मस्क के बाद सबसे ज्यादा नुकसान लैरी पेज को हुआ। गूगल के कोफाउंडर की नेटवर्थ 11.5 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ 309 अरब डॉलर रह गई। उनके जोड़ीदार सर्गेई ब्रिन को 10.5 अरब डॉलर की चपत लगी। वह 288 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ दुनिया के अमीरों की लिस्ट में चौथे नंबर पर खिसक गए। ऐमजॉन के फाउंडर जेफ बेजोस 292 अरब डॉलर की तेजी के साथ अब तीसरे नंबर पर आ गए हैं। कमाई करने वाले माइकल डेल 239 अरब डॉलर के साथ पांचवें नंबर पर हैं। मार्क जकरबर्ग (210 अरब) इस लिस्ट में छठे, लैरी एलिसन (.197 अरब) सातवें, जेंसन हुआंग (.182 अरब) आठवें, स्टीव बालमर (.171 अरब) नौवें और बर्नार्ड आरनॉल्ट (.163 अरब) दसवें नंबर पर हैं।

## सरकार ने चुपचाप कमा लिए 31,522 करोड़, बाजार को नहीं लगने दी हवा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सरकार ने देश की सबसे बड़ी बीमा कंपनी एलआईसी में 6.5 फीसदी हिस्सेदारी बेचकर 31,522 करोड़ रुपये कमा लिए। यह बात किसी से नहीं छिपी थी कि सरकार इस कंपनी में हिस्सेदारी बेचने जा रही है। सेबी के नियमों के मुताबिक सरकार को कंपनी में पब्लिक शेयरहोल्डिंग बढ़ानी है। लेकिन सरकार ने जिस तरह इस काम को अंजाम दिया, उससे बाजार हैरान रह गया। यह देश का अब तक का सबसे बड़ा ऑफर फॉर सेल था और सरकार ने अंतिम क्षणों तक किसी को भी इसकी भनक नहीं लगने दी। ब्लूमबर्ग




की एक रिपोर्ट के मुताबिक आखिरी घंटों तक जानकारी को गुप्त रखने और तेजी से काम करने की वजह से सरकार में शुरुआती योजना से दोगुने से ज्यादा शेयर बेच पाई। सूत्रों के मुताबिक सरकारी विनिवेश विभाग के अधिकारियों ने लॉन्च डेट को गुप्त रखा ताकि ट्रेडर बिक्री से पहले पोजीशन न ले सकें और सरकार के शेयर बेचने से पहले स्टॉक की कीमत कम न कर सकें। यहां तक कि डील पर सरकार को सलाह देने वाले बैंकों को भी अलग-अलग समय पर बताया गया। एक बैंक को तो सोमवार को स्टॉक एक्सचेंज को जानकारी देने से कुछ समय पहले ही इस फैसले के बारे में पता चला। विनिवेश विभाग के प्रतिनिधि ने इस पर टिप्पणी के अनुरोध का कोई जवाब नहीं दिया। एक सूत्र ने बताया कि बिक्री शुरू होने से कुछ घंटे पहले डील पर सलाह देने वाले चार बैंकरों में से एक को बिना वजह बताए नई दिल्ली में विनिवेश विभाग के ऑफिस बुलाया गया। वहां अधिकारियों ने बताया कि एलआईसी में हिस्सेदारी की बिक्री उसी शाम शुरू होगी और बैंकर से एक्सचेंज फाइलिंग तैयार करने को कहा। केवल कोर टीम को ही पता था, बाकी सलाहकारों को मार्केट बंद होने के बाद इसमें शामिल किया गया।

### बैंकों ने लगी ली फीस

सूत्रों ने बताया कि यह डील इसलिए भी खास थी क्योंकि किसी भी सलाहकार ने एडवाइजरी फीस नहीं ली। रिक्वेस्ट-फॉर-प्रपोजल प्रोसेस के दौरान एक इन्वेस्टमेंट बैंक मुफ्त में काम करने को तैयार हो गया। इसके बाद चारों बैंकों ने फीस नहीं लेने का फैसला किया। भारत में इन्वेस्टमेंट बैंक अक्सर सरकार से जुड़ी डील में नाममात्र फीस लेते हैं। इतना ही नहीं ओएफएस के समय का चुनाव भी बहुत सोच-समझकर किया गया था। ज्यादातर मार्केट प्लेयर्स को उम्मीद थी कि गुरुवार को एलआईसी के तिमाही नतीजों की घोषणा के बाद ही शेयरों की बिक्री होगी। लेकिन सरकार ने इसे पहले ही कर दिया।

## दो भाइयों को खोया, पढ़ाई छूटी, जमीन गिरवी रखनी पड़ी... आज फलों की खेती से लाखों की कमाई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अगर मेहनत, सही तकनीक और नई सोच के साथ खेती की जाए तो किसान खेती से भी अच्छा कारोबार खड़ा कर सकते हैं। ओडिशा के देवगढ़ जिले के रतनापाली गांव के किसान उपेंद्र कुमार प्रधान ने इसे साबित कर दिखाया है। कभी आर्थिक तंगी के कारण पढ़ाई छोड़ने वाले उपेंद्र आज अमरूद और आम की खेती से करीब 17 लाख रुपये का सालाना टर्नओवर हासिल कर रहे हैं। उनके अमरूद खरीदने के लिए झारखंड और छत्तीसगढ़ तक से ग्राहक आते हैं।

उपेंद्र का जन्म किसान परिवार में हुआ था। साल 2004 और 2007 में बीमारी के कारण उन्होंने अपने दोनों बड़े भाइयों को खो दिया। इलाज के खर्च के लिए उनके पिता हिमाद्री प्रधान को दो एकड़ धान की जमीन महज 25 हजार रुपये में गिरवी रखनी पड़ी। परिवार की आर्थिक स्थिति इतनी खराब हो गई कि उपेंद्र को बारकोट कॉलेज से प्लस-टू की पढ़ाई बीच में ही छोड़नी पड़ी।

साल 2017 में उपेंद्र के बचपन के दोस्त और सेना में कार्यरत टिकेश्वर प्रधान ने उन्हें फल की खेती करने की सलाह दी। उन्होंने देश के दूसरे हिस्सों में सफल फल किसानों की कहानियां उपेंद्र को बताईं। दोस्त की सलाह पर उपेंद्र ने जोखिम उठाया और अमरूद और आम की खेती शुरू कर दी। उन्होंने शुरुआत में करीब 3 लाख रुपये लगाए। यह पैसा उन्होंने लगभग 15 एकड़ जमीन पर उगाए



गए धान की बिक्री से धीरे-धीरे बचाया था। शुरुआत में उन्होंने 1.2 एकड़ जमीन पर अमरूद और आम के पौधे लगाए।

**221 रुपये में खरीदा अमरूद का पौधा:** उपेंद्र ने साल 2017 में छत्तीसगढ़ के रायपुर से ड्डह्रक्रबिही किस्म के 250 अमरूद के पौधे खरीदे। परिवहन समेत एक पौधे की कीमत करीब 221 रुपये थी। इसके अलावा उन्होंने लेंगड़ा, दशहरी, हिमसागर और अम्रपाली किस्मों के 130 आम के पौधे भी खरीदे। अमरूद के पौधों में करीब छह महीने में फल आने लगे। शुरुआत में उन्होंने इन्हें स्थानीय बाजार में 30 से 35 रुपये प्रति किलो के भाव पर बेचा। इससे उन्हें सालाना करीब 2 से 2.5 लाख रुपये का कारोबार होने लगा। समय के साथ उपेंद्र का कारोबार बढ़ता गया। साल 2020 में अमरूद से उनका सालाना टर्नओवर करीब 3.5 लाख रुपये था। आज वह अमरूद से करीब 12 लाख रुपये और आम से 1.5 से 2 लाख रुपये सालाना कमाते हैं।

## निर्यात के नाम पर माल खरीद पाएंगी ई-कॉमर्स कंपनियां, दिखाना होगा पक्का एक्सपोर्ट ऑर्डर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सरकार ने इनवेंटरी आधारित ई-कॉमर्स एक्सपोर्ट फ्रेमवर्क बुधवार को नोटिफाई कर दिया। सरकार ने 23 जुलाई को केवल एक्सपोर्ट के लिए इनवेंटरी आधारित ई-कॉमर्स मॉडल में फॉरेन डायरेक्ट इनवेस्टमेंट की इजाजत दी थी। विदेशी हिस्सेदारी वाली ई-कॉमर्स कंपनियां भारत में इनवेंटरी बना सकेंगी, लेकिन ऐसे माल को भारतीय बाजार में नहीं बेचा जाएगा।

डीजीएफटी के नोटिफिकेशन के मुताबिक विदेशी हिस्सेदारी वाली ऐसी ई-कॉमर्स कंपनियां केवल कन्फर्म हो चुके एक्सपोर्ट ऑर्डर के लिए भारत में माल खरीद सकेंगी। देश के खुदरा कारोबारियों की यह चिंता दूर करने की कोशिश की गई है कि ये कंपनियां निर्यात के नाम पर माल खरीदकर भारतीय बाजार में ही बेच सकती हैं।

विदेशी निवेश वाली ई-कॉमर्स कंपनियों को ऑनलाइन माध्यम से केवल निर्यात के लिए माल का भंडारण करने के मकसद से सरकार के साथ



'एक्सपोर्टर-ऑन-रिकॉर्ड' के रूप में पंजीकरण कराना होगा। पात्र ई-कॉमर्स कंपनियां पंजीकृत ईओआर के माध्यम से केवल निर्यात के लिए भंडारण आधारित परिचालन कर सकेंगी। ईओआर पुष्टि किए गए विदेशी ऑर्डर के आधार पर भारतीय सेलर-ऑन-रिकॉर्ड से भारत में निर्मित वस्तुओं की खरीद कर सकेंगे।

वाणिज्य मंत्रालय ने कहा कि पंजीकृत ईओआर के माध्यम से भारतीय विक्रेता विदेशी बाजारों तक पहुंच बना सकेंगे, जबकि निर्यात दस्तावेज, सीमा शुल्क औपचारिकताएं, गंतव्य देश के नियामकीय अनुपालन, उत्पाद परीक्षण एवं प्रमाणन, पैकेजिंग, लेबल, आपूर्ति, लॉजिस्टिक और रिवर्स लॉजिस्टिक जैसी जिम्मेदारियां ईओआर निभाएगा। अधिसूचना के अनुसार, ईओआर वह यूनिट होगी जिसके पास वैध आयात-निर्यात कोड (आईईसी) और माल एवं सेवा कर पहचान संख्या (जीएसटीआईएन) होगी तथा जो डीजीएफटी के साथ इस ढांचे के तहत पंजीकृत होगी। वह निर्यात के उद्देश्य से एक या अधिक भारतीय विक्रेताओं से सामान खरीद सकेगी।

अधिसूचना में कहा गया, 'ऐसे परिचालन के लिए अलग कानूनी इकाई गठित करनी होगी। ईओआर के रूप में पंजीकरण या संशोधन के समय संबंधित इकाई को अपनी शेयरधारिता संरचना तथा ई-कॉमर्स कंपनी के साथ स्वामित्व या नियंत्रण संबंधी जानकारी देनी होगी।'

## रेलवे बोर्ड की जोनल रेलवे की तीखी चिट्ठी, आरएसी पैसेंजर्स के साथ भेदभाव बर्दास्त नहीं

**नई दिल्ली, एजेंसी।** रेल मंत्रालय ने साल 2009 में ही आरएसी या रिजर्वेशन अगेंस्ट कैंसिलेशन टिकटधारी पैसेंजर्स को अलग अलग बेडरोल देने का आदेश पारित कर दिया है। इसके बावजूद रोज की यात्रा में इस नियम को ढंग से लागू नहीं किया जा रहा है। इस वजह से शिकायतें आती हैं और सोशल मीडिया पर रेलवे की बेइज्जती भी होती है। अब रेलवे बोर्ड से सभी जोनल रेलवे को एक तीखी चिट्ठी लिखी है। इसमें कहा गया है कि आरएसी पैसेंजर्स के साथ कोई भेदभाव बर्दाश्त नहीं होगा।

रेलवे बोर्ड से बीते 4 अगस्त को रेलवे के सभी जोनल रेलवे के जीएम के नाम एक तीखी चिट्ठी भेजी गई है। इसमें बताया गया है कि बार बार पत्र भेजे जाने के बावजूद अभी भी एसी डिब्बों के आरएसी पैसेंजर्स को अलग अलग बेडरोल नहीं दिया जा रहा है। इसलिए ताकीद की जा रही है कि इस प्रावधान का सख्ती से पालन करें।

रेलवे बोर्ड से 23.09.2009 को इस बारे में एक सर्कुलर जारी किया गया था। उसमें बताया गया था कि दो पैसेंजर्स एक ही बेडरोल नहीं बल्कि अलग-अलग बेडरोल मिलेगा। उल्लेखनीय है कि एक




बेडरोल में एक कंबल, एक तकिया, तकिये का एक कवर, दो चादरें और एक हैंड टॉवेल होता है।

**कई बार लिखी जा चुकी है चिट्ठी:** रेलवे बोर्ड के ताजा पत्र में बताया गया है कि इस बारे में सभी जोनल रेलवे को 16.11.2016, 12.12.2017 और 18.12.2023 को भी पत्र लिखा है। लेकिन अब भी एक साइड लोअर बर्थ पर बुक दो आरएसी पैसेंजर्स को अलग-अलग बेडरोल उपलब्ध कराने के बजाय एक ही बेडरोल दिया जा रहा है। इससे रेलवे की शिकायत होती है। कई बार सोशल मीडिया पर भी रेलवे की आलोचना होती है। कभी-कभी तो कोई यात्री कंज्यूमर फोरम भी पहुंच जाता है।

**क्या होता है आरएसी:** रेलवे ने रिजर्व डिब्बों में अधिक से अधिक पैसेंजर्स को अकोमोडेट करने के लिए रिजर्वेशन अगेंस्ट कैंसिलेशन या की व्यवस्था की है। इसमें रिजर्व डिब्बे के कुछ साइड लोअर बर्थ पर दो पैसेंजर्स की बुकिंग की जाती है। इसका उद्देश्य यही है कि कोई बर्थ पर पैसेंजर नहीं आए तो उसका आवंटन आरएसी पैसेंजर को कर दिया जाए।

## लड़का ठीक लगता है..., अनिल अग्रवाल ने सुनाई 2003 की कहानी, कैसे वाजपेयी की मदद से वेदांता ने रचा इतिहास

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वेदांता ग्रुप के चेयरमैन अनिल अग्रवाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर साल 2003 की एक ऐतिहासिक याद साझा की है। उन्होंने लंदन स्टॉक एक्सचेंज (रुस्थ) पर वेदांता की लिस्टिंग के संघर्ष और भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी के साथ हुई अपनी उस अहम मुलाकात का जिक्र किया, जिसने उनकी और उनकी कंपनी की किस्मत बदल दी थी।

सीमा पार लिस्टिंग के कड़े नियम

अनिल अग्रवाल ने अपनी पोस्ट में लिखा है कि उन्हें उस दौर में अक्सर लगता था कि भारतीय कंपनियों और बिजनेस को उनकी सही वैल्यू और ग्रोथ के मुताबिक पहचान नहीं मिल रही है। इसी सोच के साथ उन्होंने वेदांता को लंदन स्टॉक एक्सचेंज पर लिस्ट कराने का फैसला किया। हालांकि, उस समय भारत में विदेशी मुद्रा और सीमा पार लिस्टिंग से जुड़े नियम काफी सख्त थे। रुस्थ की ओर से भी लिस्टिंग के लिए भारत सरकार से नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट जरूरी था।

एनओसी के लिए दिल्ली पहुंचे अनिल अग्रवाल

अग्रवाल ने बताया कि एनओसी हासिल करने के लिए वह दिल्ली गए और कई अधिकारियों से मुलाकात की। कई दिनों की बातचीत और प्रयासों के बाद उन्हें तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी से व्यक्तिगत रूप से अपनी बात रखने का मौका मिला। उन्होंने बताया कि वाजपेयी ने



उनकी पूरी बात ध्यान से सुनी, समझी और मुड़कर तत्कालीन वित्त मंत्री जसवंत सिंह से जो कहा, वो मैं कभी नहीं भूलूंगा, 'लड़का ठीक लगता है। हमें इसकी मदद करनी चाहिए, देश में फॉरेन एक्सचेंज (विदेशी मुद्रा) आएगा।'

अनिल अग्रवाल के मुताबिक, भारत सरकार से एनओसी मिलने के बाद वह इसे लेकर वापस लंदन गए। इसके बाद वेदांता की रुस्थ में लिस्टिंग हुई। उन्होंने इसे अपने जीवन और कंपनी के सफर का बेहद यादगार अनुभव बताया।

अग्रवाल ने कहा कि पहली भारतीय कंपनी वेदांता का लंदन स्टॉक एक्सचेंज पर लिस्ट होना किसी भारतीय कंपनी के लिए एक बड़ी उपलब्धि थी। इसके बाद कंपनी ने स्न्ञ्जस्थ 100 इंडेक्स में भी जगह बनाई। उन्होंने लोगों से अपने जीवन में उठाए गए ऐसे जोखिमों के बारे में भी बताने को कहा, जिन्होंने उनकी दिशा बदल दी हो। उन्होंने कहा कि ऐसी कहानियां दूसरों के लिए प्रेरणा बन सकती हैं।

# बिजली विभाग की सर्वे टीम पर हमला

- लोगों ने चलाये लाठी-डंडे और लात-घूंसे
- कई कर्मचारी घायल, प्राथमिकी दर्ज
- इंजीनियर के गले से लाखों का चेन झपटा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरवाअड्डा।** बरवाअड्डा थाना अंतर्गत परस बनिया नवडीहा गांव सरकारी बिजली परियोजना के सर्वे का काम कर रही टीम पर कुछ गांव के ही अज्ञात असामाजिक तत्वों ने जानलेवा हमला कर दिया। हमले में एक इंजीनियर सहित करीब नौ कर्मचारी घायल हो गए।

जानकारी के अनुसार, झारखंड ऊर्जा संचरण निगम लिमिटेड के आदेश पर लुमिनो इंडस्ट्रीज लिमिटेड की ओर से 132 केवी मैथन-बिनोद बिहारी चौक संचरण लाइन परियोजना के अंतर्गत चेक सर्वे का काम चल रहा था। जब कर्मचारी परस बनिया में सर्वे का काम कर रहे थे, तभी कुछ उपद्रवियों मौके पर पहुंच कर कर्मचारियों के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी और लाठी-डंडों व घूंसे-लातों से हमला कर दिया।

आरोप है कि मारपीट के दौरान बदमाशों ने कंपनी के इंजीनियर उपेंद्र राज के गले से लगभग 3.75 लाख रुपये मूल्य की सोने की चेन भी झपट ली। हमले में अशोक महतो (30), ब्रह्मदेव कुमार (30), नजिमुल हुदा (40), उपेंद्र राज (30) के अलावा सर्वे एजेंसी के 4 अन्य कर्मचारी घायल हो गए।

घटना के बाद लुमिनो इंडस्ट्रीज लिमिटेड के डिप्टी मैनेजर अहसन जलील ने बरवाअड्डा थाने में आवेदन दे कर में सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने, मारपीट, लूटपाट और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है ।

# अदाणी फाउंडेशन ने यातायात पुलिसकर्मियों के बीच छातों का किया वितरण





नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रांची।** गुरुवार को रांची स्थित पुलिस अधीक्षक (यातायात) कार्यालय परिसर में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान अदाणी फाउंडेशन ने सिटीजन फाउंडेशन के सहयोग से यातायात पुलिसकर्मियों के बीच छातों का वितरण किया।

इस पहल का उद्देश्य बारिश के मौसम में खुले में ड्यूटी करने वाले यातायात पुलिसकर्मियों को आवश्यक सहयोग प्रदान करना है, ताकि वे विपरीत मौसम में भी अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन सुचारु रूप से कर सकें।

कार्यक्रम में यातायात पुलिस उपाधीक्षक रामाकांत रजक, अदाणी पावर झारखंड के हेड कॉरपोरेट अफेयर्स संजीव शेखर, वरीय प्रबंधक रणवीर सिंह, सिटीजन फाउंडेशन की ओर से हेमंत तिर्की सहित बड़ी संख्या में यातायात पुलिसकर्मी उपस्थित थे।

इस अवसर पर यातायात पुलिस उपाधीक्षक रामाकांत रजक ने इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि बारिश के मौसम में खुले में ड्यूटी करने वाले पुलिसकर्मियों के लिए यह सहयोग काफी उपयोगी साबित होगा और उन्हें अपने कार्य के दौरान सुविधा मिलेगी।

वहीं अदाणी पावर झारखंड के हेड कॉरपोरेट अफेयर्स संजीव शेखर ने कहा कि अदाणी समूह समाज के विभिन्न वर्गों के हित में निरंतर कार्य करता रहा है।

उन्होंने कहा कि समूह आगे भी ऐसे जनहित एवं सामाजिक सरोकार से जुड़े कार्यक्रमों के माध्यम से समाज की सेवा के लिए प्रतिबद्ध रहेगा।

# ईंटखोरी मंदिर में विकसित होगी फूलों की बागवानी

## ताजे फूलों से होगी माता की पूजा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**चतरा।** धार्मिक एवं ऐतिहासिक नगरी इटखोरी स्थित प्रसिद्ध मां भद्रकाली मंदिर परिसर में अब वृक्ष भी श्रद्धालुओं को प्रभु श्रीराम का संदेश देंगे। मंदिर परिसर में मौजूद हजारों पेड़ों पर आकर्षक ढंग से जय श्री राम अंकित करने का अभियान शुरू किया गया है।

मंदिर परिसर में पीपल, कदम, बेल, आम और आंवला समेत विभिन्न प्रजातियों के लगभग 5,000 से अधिक पेड़ हैं। आने वाले दिनों में इन सभी वृक्षों पर राम नाम लिखा नजर आएगा।

यह कार्य मंदिर परिसर में संचालित अनवरत कीर्तन सेवा समिति के तत्वावधान में किया जा रहा है। समिति का मानना है कि पेड़ों पर अंकित राम नाम श्रद्धालुओं को अध्यात्म से जोड़ने के साथ-साथ परिसर के धार्मिक व सकारात्मक वातावरण को और अधिक समृद्ध करेगा।

प्रतिदिन बड़ी संख्या में मां भद्रकाली के दर्शन-पूजन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं के लिए परिसर में प्रवेश करते ही यह पहल विशेष आकर्षण का केंद्र बनेगी।

कीर्तन सेवा समिति की योजना केवल पेड़ों पर राम नाम लिखने तक सीमित नहीं है। समिति द्वारा मंदिर परिसर में फलदार पौधों और अलग-अलग प्रजातियों के फूलों की एक आकर्षक बागवानी भी विकसित की जाएगी।

इन पौधों से मिलने वाले ताजे फूलों का उपयोग प्रतिदिन मां भद्रकाली के श्रृंगार और पूजा-अर्चना में होगा। इस पहल का मुख्य उद्देश्य मंदिर आने वाले भक्तों को आध्यात्मिक अनुभूति कराने के साथ-साथ प्रकृति एवं पर्यावरण संरक्षण का सशक्त संदेश देना है।

# छापेमारी में नकली दूध फैक्टरी का उद्भेदन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रांची।** राजधानी के गुदड़ी चौक में कथित तौर पर केमिकल और पानी मिलाकर नकली दूध तैयार किए जाने का मामला सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग हरकत में आ गया है। इस मिलावट का वीडियो इंटरनेट मीडिया में वायरल होने के बाद मामले को गंभीरता से लेते हुए रांची के सिविल सर्जन डॉ. अमरेश प्रसाद ने दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का निर्देश दिया है।

इसके लिए एक विशेष टीम गठित की गई है, जो संबंधित प्रतिष्ठान पर छापेमारी कर जांच कर रही है। प्राथमिक जानकारी के अनुसार, गुदड़ी चौक स्थित एक प्रतिष्ठान में कथित रूप से केमिकल, पानी और अन्य पदार्थों की मिलावट कर दूध तैयार किया जा रहा था।

आशंका है कि इस दूध की आपूर्ति राजधानी के विभिन्न इलाकों में की जा रही थी। मामला सामने आने के बाद आम लोगों में भी चिंता बढ़ गई है। सिविल सर्जन ने कहा कि खाद्य पदार्थों में मिलावट गंभीर और कानूनन दंडनीय अपराध है।

## वायरल वीडियो के आधार पर की गयी कार्रवाई

यदि जांच में आरोप सही पाए जाते हैं तो संबंधित प्रतिष्ठान और उसके संचालक के खिलाफ खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। खाद्य सुरक्षा पदाधिकारियों को पूरे मामले की गहन जांच करने का निर्देश दिया गया है।उन्होंने बताया कि खाद्य सुरक्षा विभाग लगातार बाजार की निगरानी कर रहा है और मिलावटी खाद्य पदार्थों के कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए समय-समय पर अभियान चलाया जाता है। किसी भी तरह की मिलावट आम लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ है, जिसे किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।स्वास्थ्य विभाग ने लोगों से भी अपील की है कि यदि कहीं दूध या अन्य खाद्य पदार्थों में मिलावट की आशंका हो या कोई संदिग्ध गतिविधि दिखाई दे तो इसकी सूचना तुरंत प्रशासन या खाद्य सुरक्षा विभाग को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके। रांची के रातू रोड दुर्गा मंदिर क्षेत्र में गुरुवार सुबह खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने मिलावटी और नकली खाद्य पदार्थों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। गुप्त सूचना के आधार पर विभाग की टीम ने रातु रोड स्थित मां डेयरी में औचक छापेमारी कर भारी मात्रा में नकली पनीर की खेप बरामद की है।

खाद्य सुरक्षा विभाग को लंबे समय से शिकायत मिल रही थी कि दुर्गा मंदिर के आसपास स्थित कुछ डेयरियों में रसायन और मिलावटी सामग्रियों का उपयोग कर नकली पनीर तैयार किया जा रहा है और उसे बाजार में बेचा जा रहा है। सूचना मिलते ही गुरुवार की सुबह अधिकारियों की टीम ने रातु रोड स्थित डेयरी में दबिश दी।

छापेमारी के दौरान डेयरी परिसर से भारी मात्रा में तैयार नकली पनीर के साथ-साथ उसे बनाने में इस्तेमाल होने वाले संदिग्ध पाम ऑयल, केमिकल और पाउडर बरामद किए गए हैं। शुरूआती जांच में पनीर की गुणवत्ता बेहद खराब पाई गई है, जो मानव स्वास्थ्य के लिए बेहद हानिकारक साबित हो सकती है।

## राज्यसभा में जदयू का बड़ा दांव

**पटना।** जदयू के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद संजय कुमार झा ने गुरुवार को राज्यसभा में बिहार की दीर्घकालिक जल सुरक्षा का महत्वपूर्ण मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि भारत और बांग्लादेश के बीच वर्ष 1996 में हुआ फरक्का जल समझौता 12 दिसंबर 2026 को समाप्त हो रहा है। उन्होंने केंद्र सरकार से मांग की कि इस समझौते का नवीकरण नहीं किया जाए। इसके बजाय बिहार सहित गंगा बेसिन पर निर्भर सभी राज्यों की वर्ष 2050 की जल आवश्यकताओं का वैज्ञानिक आकलन कर नई व्यवस्था बनाई जाए।

# छात्र-छात्राओं के लिए अलग होगी शौचालय की व्यवस्था

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**धनबाद।** सरकारी स्कूलों में अब छात्राओं के लिए अलग शौचालय होगा। अभी भी अधिकतर स्कूलों में कामन शौचालय है। छात्राओं की सुरक्षा एवं स्वच्छता के मद्देनजर अब इसमें बदलाव किया जा रहा है। सर्वोच्च न्यायालय (डा.जया ठाकुर बनाम भारत सरकार एवं अन्य) में दिए गए ऐतिहासिक निर्देशों के अंतर्गत धनबाद समेत राज्य के सभी विद्यालयों में माहवारी स्वच्छता प्रबंधन (मेंस्टुल हाइजीन मैनेजमेंट - एमएचएम) और बाल सुरक्षा व्यवस्था को कड़ाई से लागू करने का आदेश जारी किया गया है।

राज्य परियोजना निदेशक शशि रंजन ने राज्य के सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियों एवं जिला शिक्षा अधीक्षकों को पत्र जारी कर त्वरित अनुपालन का निर्देश दिया है। इसमें सबसे महत्वपूर्ण है कि शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के सभी विद्यालयों में छात्राओं के लिए पर्याप्त रोशनी, निजता यानी प्राइवेसी, फ्लश-पानी तथा साबुन-हैंडवाश की सुविधा से युक्त पृथक शौचालय का निर्माण व रखरखाव सुनिश्चित करना है।

धनबाद में 1734 प्राथमिक एवं मध्य विद्यालय, 148 हाई स्कूल, छह कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय, तीन झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय, दो माडल स्कूल और तीन सीएम स्कूल आफ एक्सीलेंस संचालित हैं। यहां अध्ययनरत छात्राओं की संख्या दो लाख से अधिक है।

विद्यालयों में माहवारी स्वच्छता एवं सुरक्षा के प्रति जागरूकता और आपात स्थिति में सहायता के लिए एमएचएम लैब कार्नर विकसित किया जाएगा। यहां सैनिटरी पैड एवं आवश्यक जानकारी उपलब्ध रहेगी। इस्तेमाल किए गए सैनिटरी नैपकिन के सुरक्षित एवं पर्यावरण-अनुकूल निस्तारण के लिए मैन्युअल इंसिनेरेटर की व्यवस्था अनिवार्य रूप से की जाएगी।

इसके साथ ही छात्राओं से गोपनीय सुझाव व शिकायतें प्राप्त करने के लिए कंप्लेन बाक्स स्थापित किया जाएगा।

# आपसी विवाद में फरसा से हमलाकर युवक की हत्या

## हत्यारोपित महज दो घंटे में गिरफ्तार



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हजारीबाग।** इचाक थाना क्षेत्र के सिझुवा बिरहोर टोला में आपसी विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया। विवाद के दौरान फरसा से किए गए हमले में 25 वर्षीय युवक सुनील बिरहोर की मौत हो गई। घटना के बाद गांव में दहशत और मातम का माहौल है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए वारदात के महज दो घंटे के भीतर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया।मृतक की पहचान सिझुवा बिरहोर टोला निवासी सुनील बिरहोर (25), पिता बुधन बिरहोर के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, बुधवार देर रात करीब एक बजे गांव में किसी बात को लेकर सुनील बिरहोर और विजय बिरहोर के बीच विवाद हो गया।

देखते ही देखते कहासुनी हिंसक झड़प में बदल गई। इसी दौरान विजय बिरहोर, पिता राजकुमार बिरहोर, ने कथित रूप से फरसा से सुनील के सिर पर वार कर दिया। गंभीर चोट लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

घटना की सूचना मिलते ही इचाक थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ घटनास्थल पहुंचे और मामले की जांच शुरू की। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए रात करीब दो बजे छापेमारी कर आरोपित विजय बिरहोर को गिरफ्तार कर लिया।

इसके बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया गया।

घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय जनप्रतिनिधि उप प्रमुख सत्येंद्र कुमार और मुखिया रंजीत मेहता भी मौके पर पहुंचे। थाना प्रभारी के साथ जेएसआई नंदकिशोर दास, सुनील शर्मा सहित पुलिस टीम देर रात से ही गांव में कैंप कर स्थिति पर नजर रखे हुए है।

इधर, हजारीबाग के पुलिस अधीक्षक अमन कुमार ने बताया कि हत्या के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपित को दो घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त फरसा भी बरामद कर लिया है। मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। गांव में स्थिति सामान्य है और एहतियात के तौर पर पुलिस की निगरानी जारी है।

## जलसहियाओं को 29 माह से भुगतान नहीं

**साहिबगंज।** सरकारें बदलीं, नियमों में बदलाव हुआ, पर प्रभावित जिले की करीब सात सौ जलसहिया हो गईं। वर्ष 2019 में रघुवर सरकार के जाने के बाद सत्ता में आई हेमंत सरकार ने जलसहिया को मिलने वाली प्रोत्साहन राशि को मानदेय में रूपांतरित कर दिया।

प्रारंभिक दौर में सभी जलसहिया को प्रतिमाह एक हजार रुपये प्रोत्साहन राशि मिलती थी। लेकिन आंदोलन के बाद नवंबर 2024 में इसे बढ़ाकर प्रतिमाह दो हजार रुपये कर दिया गया। इसी बीच जिले की करीब 1100 जलसहिया को मार्च 2019 से अगस्त 2021 के बीच कुल 29 माह की प्रोत्साहन राशि नहीं मिली। इसकी मांग को लेकर जलसहिया लगातार आवाज उठाती रही हैं।

राज्य सरकार ने पिछले साल इस मद में कुछ राशि उपलब्ध करायी थी जिसमें 400 जलसहिया को भुगतान हुआ। अब भी करीब 700 जलसहिया का मानदेय बाकी है। इस राशि के लिए लगातार कार्यालय का चक्कर लगा रही हैं। जलसहिया का कहना है राशि विभाग में पड़ी हुई है लेकिन भुगतान नहीं किया जा रहा है।

## छात्रों के आंदोलन को ले राहुल गांधी की चुप्पी पर

# बाल विकास मंत्री ने लगायी दोहरे चरित्र का आरोप



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** केंद्रीय महिला व बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने झारखंड में जेपीएससी-जेएसएससी की भर्तियों में धांधली को लेकर लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को आईना दिखाया है। उन्होंने कहा है-झारखंड के लाखों छात्र-युवा आंदोलन कर रहे हैं और राहुल गांधी मौन धारण किए हुए हैं। यह दोहरा आचरण दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय है।

कोडरा की सांसद और केंद्रीय मंत्री ने सवाल उठाया कि राहुल गांधी और आइएनडीआइ गठबंधन के वे नेता, जो देशभर में ठएएळ पेपर लीक को लेकर आंदोलन कर रहे थे और अब भी लोकसभा में हंगामा कर रहे हैं, आज झारखंड के लाखों युवाओं के आंदोलन पर मौन क्यों हैं?

मंत्री ने पूछा है-क्या छात्रों का दर्द भी राज्य और सरकार देखकर तय किया जाएगा। छात्रों को बरगलाने की राजनीति करने वाले राहुल गांधी का झारखंड के छात्रों के प्रति यह दोहरा आचरण दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय है।

केंद्रीय ने झारखंड में जेपीएससी, जेएसएससी और अन्य भर्ती परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं के विरोध में आंदोलनरत छात्रों के प्रति गहरी चिंता व्यक्त करते हुए राज्य सरकार से तत्काल संवेदनशील और निर्णायक पहल करने की मांग की है।उन्होंने बुधवार को प्रेस बयान जारी कर कहा कि झारखंड के लाखों छात्र-छात्राएं कई दिनों से अपने भविष्य और न्यायपूर्ण अधिकारों की मांग को लेकर शांतिपूर्ण आंदोलन कर रहे हैं। यह केवल भर्ती परीक्षा का मुद्दा नहीं, बल्कि युवाओं के विश्वास, उनके परिश्रम और उनके भविष्य से जुड़ा प्रश्न है।

आज चार छात्र भूख हड़ताल पर बैठे हैं और हजारों छात्र न्याय की मांग को लेकर आंदोलनरत हैं, लेकिन हेमंत सरकार की संवेदनहीनता चिंताजनक है। न कोई सार्थक पहल हो रही है और न ही कोई जिम्मेदार प्रतिनिधि छात्रों से संवाद करने पहुंच रहा है।

केंद्रीय मंत्री ने राज्य सरकार से जेपीएससी, जेएसएससी तथा अन्य सभी विवादित भर्ती प्रक्रियाओं की सीबीआइ से निष्पक्ष जांच कराने की मांग की। कहा कि प्रतिबंधित एजेंसी टीडीपीएल की ओर से आयोजित सभी भर्ती परीक्षाओं को तत्काल निरस्त कर पारदर्शी व निष्पक्ष प्रक्रिया के तहत पुनः आयोजित किया जाए।

## बांधकर प्रेमी जोड़े की पिटाई

बिहार के मुजफ्फरपुर जिले से मानवाधिकार और कानून व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़ा करने वाला मामला सामने आया है। सकरा थाना क्षेत्र में एक कथित प्रेमी जोड़े को ग्रामीणों ने पकड़कर पेड़ से बांध दिया, उनकी पिटाई की और बाद में पंचायत के कथित फैसले के तहत दोनों की शादी करा दी।

# बिहार के बैंक लूटेरों का पुलिस ने जारी की तस्वीर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गोड्डा।** झारखंड के गोड्डा जिले की पुलिस ने बिहार के कुछ जिलों में बैंक लूट की घटनाओं में शामिल एक गिरोह के चार अपराधियों की तस्वीर सार्वजनिक कर आम जनता से सहयोग की अपील की है। पुलिस ने इंटरनेट मीडिया पर जारी चार अपराधियों की तस्वीर की पहचान कर पुलिस को इसकी सूचना देने का अनुरोध किया है।

पुलिस ने बताया है कि सभी चारों अपराधी बैंक लूट कांड के अलग-अलग मामले में संलिपत रहे हैं। पुलिस को सूचना मिल रही है कि चारों इन दिनों गोड्डा के आसपास ही घूम रहे हैं।

ऐसे में इसकी सूचना पुलिस को देने की अपील की गई है। पुलिस के अनुसार ये चारों आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीम गठित की गई है।

पुलिस ने लोगों से अपील की है कि यदि किसी को भी ये संदिग्ध कहीं दिखाई दें तो तुरंत नजदीकी पुलिस स्टेशन, झारखंड पुलिस के हेल्पलाइन नंबर या गोड्डा, पोड़ैयाहाट पुलिस को सूचना दें। सूचना देने वाले का नाम गोपनीय रखा जाएगा। गोड्डा पुलिस की ओर से बताया गया है कि बीते कुछ दिनों में जिले में बैंक लूट और लूट के प्रयास की घटनाएं बढ़ी हैं।

अनुसंधान के क्रम में सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर इन चारों की पहचान की गई है।कहा कि गोड्डा में भी पुलिस इन अपराधियों के प्रवेश को लेकर सतर्क है और संघन गश्ती अभियान चलाकर आम लोगों को भी ऐसे अपराधियों की पहचान करने की अपील की गई है।

पुलिस ने बताया कि यह गिरोह बैंक आदि व्यावसायिक प्रतिष्ठान में प्रवेश कर लूटकांड की घटनाओं को अंजाम दे रहा है। इसको लेकर गोड्डा जिला मुख्यालय सहित महागामा अनुमंडल की पुलिस को भी अलर्ट कर दिया गया है तथा संदिग्धों की तस्वीर जारी कर दी गई है।

# शनिवार को हाफ डे चलेगी स्कूल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** बिहार के सरकारी स्कूलों में शनिवार से हाफ डे व्यवस्था लागू हो गई है। शिक्षा विभाग ने विद्यालय संचालन की समय-सारिणी में संशोधन करते हुए आदेश जारी किया है। अब सोमवार से शुक्रवार तक स्कूल पहले की तरह सुबह 9:30 बजे से शाम 4:00 बजे तक संचालित होंगे, जबकि शनिवार को स्कूल सुबह 9:30 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक ही खुलेंगे। शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने गुरुवार को मदन मोहन सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में कहा कि सरकार की पहली प्राथमिकता बिहार के छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना है।

विभागीय आदेश के अनुसार शनिवार को कक्षा एक से आठ तक के छात्रों की पढ़ाई और अन्य निर्धारित गतिविधियां दोपहर 12 बजे तक चलेंगी। इसके बाद 12 बजे से 12:40 बजे तक मध्याह्न भोजन कराया जाएगा और भोजन के बाद छात्रों की छुट्टी कर दी जाएगी। वहीं माध्यमिक और उच्च माध्यमिक विद्यालयों में शनिवार को दोपहर 1 बजे तक अध्यापन कार्य होगा।

# श्रावणी मेला में कांवरियों को निशाना बना रहे चोर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**देवघर।** श्रावणी मेला के दौरान मेला क्षेत्र में चोर व पॉकेटमार काफी सक्रिय हैं। आए दिन कांवड़ियों को ये चोर निशाना बना रहे हैं। अलग-अलग घटनाओं में बिहार व यूपी के कांवरियों का मोबाइल फोन व नकदी चोरी कर लिया गया है।

एक घटना में बिहार के खगड़िया जिला के सनौला थाना क्षेत्र के बाजार समिति रोड निवासी कांवरिया ध्रुव कुमार का मोबाइल फोन व 300 रुपया नकद शिवगंगा के पास से चोरी कर लिया गया। घटना के संबंध में बताया गया कि वह अपना थैला रखकर स्नान कर रहा था। स्नान करने के बाद देखा तो बैग गायब था।

काफी खोजबीन करने पर भी बैग का कुछ पता नहीं चल पाया। बैग में नकदी, मोबाइल फोन व अन्य सामान मौजूद था। वहीं एक अन्य घटना में उत्तर प्रदेश के बलिया जिला के ताहिरपुर से आए कांवड़िया बिट्टू चौहान का मोबाइल फोन मंदिर परिसर से चोरी कर लिया गया।

घटना के संबंध में बताया गया कि वह मंदिर परिसर में पूजा कर रहा था। इस दौरान किसी ने उसकी जेब से उसका मोबाइल फोन निकाल लिया। वहीं तीसरी घटना में नगर थाना क्षेत्र के ककई धर्मशाला के पास खड़ी एक चार चक्का वाहन के अंदर से मोबाइल फोन व 3500 रुपया नकद चोरी कर लिया गया।

घटना के संबंध में बताया जाता है कि बिहार के पूर्वी चंपारण जिला के ढाका थाना क्षेत्र के सराठा गांव निवासी मनीष कुमार अपने स्वजनों के साथ अपने चार चक्का वाहन से पूजा करने के लिए बाबाधाम आए थे। उनके चार चक्का वाहन के अंदर से किसी ने मोबाइल फोन व 3500 रुपया नकद चोरी कर लिया। ये घटना रात को सोते वक्त हुआ है। नींद खुलने पर उन्हें चोरी के बारे में पता चला। तीनों घटनाओं की जानकारी नगर थाना पुलिस को दे दी गयी है।

# मंईया सम्मान योजना के चार लाभुकों को मिला नोटिस

## चारों लाभुकों के पति हैं सरकारी सेवा में

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दुमका।** पति के सरकारी सेवा में होने के बाद भी गलत जानकारी देकर 'मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना' का लाभ लेना चार महिलाओं को भारी पड़ गया है। रानीश्वर के प्रखंड विकास पदाधिकारी राजेश कुमार सिन्हा ने सभी महिलाओं को 2.12 लाख रुपये की वसूली के लिए नोटिस भेजा है। अगर महिलाएं तय समय के अंदर राशि जमा नहीं करती हैं, तो उन्हें कानूनी प्रक्रिया का सामना करना पड़ सकता है।

दरअसल, उपायुक्त के निर्देश पर बीडीओ ने प्रखंड की विभिन्न पंचायतों में मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का लाभ लेने वाली महिलाओं का भौतिक सत्यापन किया था। इसमें पता चला कि कई ऐसे लाभुक हैं जिनके पति या पिता सरकारी नौकरी में हैं, इसके बाद भी योजना का लाभ गलत तरीके से लिया जा रहा है।

पहले सभी महिलाओं को नोटिस दिया गया, लेकिन उनका जवाब संतोषजनक नहीं पाए जाने के कारण योजना के तहत प्राप्त की गई राशि को ब्याज सहित वापस करने का फिर से नोटिस दिया गया है।

बीडीओ ने बताया कि लाभुक मीतू कुमारी के पति रेलवे में काम करते हैं। मीतू योजना का लाभ ले रही थीं। उन्हें 60,480 रुपये का नोटिस भेजा गया है। शिल्पी चक्रवर्ती के पति सरकारी शिक्षक हैं, उनसे 30,800 रुपये; जुई कुमारी साहा के पति पारा शिक्षक हैं, उनसे 60,480 रुपये व रिमा चन्द्रा से 60,480 रुपये जमा करने को कहा गया है।

रिमा ने मंईयां सम्मान योजना का लाभ लेने के लिए पहले लाल कार्ड बनवाया। लाभ मिलने के बाद लाल कार्ड से नाम कटवाकर हरा कार्ड बनवा लिया। दोनों कार्डों से अनाज का उठाव भी किया जा रहा था। उनका अपना दो मंजिला पक्का मकान भी है।

सभी को निर्देश दिया गया है कि जल्द 'सहायक निदेशक, जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग' के नाम का ड्राफ्ट बनाकर प्रखंड कार्यालय में जमा किया जाए। बीडीओ ने बताया कि दो महिलाओं ने पैसा जमा करने की बात स्वीकार की है। अगर समय पर पैसा जमा नहीं होता है तो कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

संक्षिप्त समाचार

### वैभव सूर्यवंशी के टेस्ट खेलने की चर्चा पर रहाणे बोले

## युवा पर दबाव न डालें, IPL और इंटरनेशनल क्रिकेट में काफी अंतर

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व क्रिकेटर अजिंक्य रहाणे ने 15 साल के वैभव सूर्यवंशी के टेस्ट करियर को लेकर अपनी राय रखी है। रहाणे का मानना है कि वैभव के टेस्ट करियर को लेकर अभी कोई भी टिप्पणी करना जल्दबाजी होगी। उन्होंने कहा कि इंटरनेशनल क्रिकेट और आईपीएल में काफी अंतर है। रहाणे ने 'स्टिक टू क्रिकेट' पॉडकास्ट पर डेविड लॉयड, फिल टफनेल, एलिस्टेयर कुक और माइकल वॉन के साथ बातचीत में यह बात कही। वैभव को अपना नेचुरल गेम खेलने के लिए और मौके दिए जाने चाहिए। रहाणे ने 30 जुलाई को इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास का ऐलान किया था। भारत के लिए 85 टेस्ट, 90 वनडे और 20 टी-20 खेल चुके रहाणे ने इंस्टाग्राम पर वीडियो जारी कर इस फैसले की जानकारी दी थी।

**रहाणे बोले- वैभव पर काफी बातें हो रही-** रहाणे ने कहा कि वह वैभव पर दबाव नहीं डालना चाहते क्योंकि लोग पहले ही उनके बारे में काफी चर्चा कर रहे हैं।



उन्होंने कहा- आईपीएल में 4-5 ओवर में 70 रन बनाना आसान हो सकता है, लेकिन इंटरनेशनल क्रिकेट में वही लक्ष्य हासिल करना पूरी तरह अलग चुनौती है। वैभव सूर्यवंशी के लिए इंटरनेशनल क्रिकेट में पहली सीरीज अच्छी नहीं रही थी। इंग्लैंड के खिलाफ मैनचेस्टर में डेब्यू करने वाले वैभव तीन मैचों में सिर्फ 42 रन ही बना सके थे। हालांकि जिम्बाब्वे दौरे पर उन्होंने वापसी की। जिम्बाब्वे के खिलाफ उन्होंने पहले टी-20 में अर्धशतक लगाया। दूसरे मैच में 20 रन बनाए। वहीं आखिरी मैच में 81 रनों की पारी खेली। उन्हें प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया।

## अल्काराज चोट के कारण सिनसिनाटी ओपन से बाहर

### अप्रैल से कोई मैच नहीं खेला, यूएस ओपन पर भी संशय

**नई दिल्ली।** दुनिया के नंबर-2 टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज कलाई की पुरानी चोट के कारण सिनसिनाटी ओपन से बाहर हो गए हैं। इसके साथ ही साल के आखिरी ग्रैंड स्लैम यूएस ओपन में उनके खेलने पर भी सस्पेंस बढ़ गया है। अल्काराज अप्रैल के बाद से कोई मैच नहीं खेल पाए हैं। वे सिनसिनाटी ओपन में अपने खिताब का बचाव करने वाले थे, जिसे यूएस ओपन की सबसे अहम तैयारी माना जाता है।

टूर्नामेंट डायरेक्टर बोले- जल्द कोर्ट पर लौटें, यही उम्मीद

सिनसिनाटी ओपन के टूर्नामेंट डायरेक्टर बॉब मोरान ने आधिकारिक बयान जारी कर अल्काराज के हटने की पुष्टि की। उन्होंने कहा, 'हम जानते हैं कि कार्लोस जल्द से जल्द कोर्ट पर लौटने और फिर से मुकाबले



खेलने के लिए हर संभव कोशिश कर रहे हैं। हम उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना करते हैं और भविष्य में सिनसिनाटी में उनका फिर से स्वागत करने के लिए उत्सुक हैं।'

**फ्रेंच ओपन और विंबलडन भी नहीं खेल सके-** 21 साल के स्पेनिश स्टार अल्काराज ने 14 अप्रैल को बार्सिलोना ओपन में अपना आखिरी मुकाबला खेला था। उसी मैच के बाद कलाई की चोट उभरने पर उन्होंने टूर्नामेंट से नाम वापस ले लिया। इसके बाद वह फ्रेंच ओपन और पूरा ग्रास-कोर्ट सीजन, जिसमें विंबलडन भी शामिल है, नहीं खेल सके।

प्रैक्टिस से उम्मीद जगी, लेकिन फिटनेस नहीं मिली

हाल ही में सोशल मीडिया पर अल्काराज की प्रैक्टिस करते हुए तस्वीरें और वीडियो सामने आए थे।

# शाकिब के घर पर हमला

### पत्थर-पेट्रोल बम फेंके, कट्टरपंथी शेख हसीना के इवेंट में शामिल होने से नाराज थे







**ढाका।** बांग्लादेश क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और अवामी लीग के पूर्व सांसद शाकिब अल हसन के मगुरा शहर में बने घर पर हमला हुआ है। यह घटना पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की वर्चुअल प्रेस कॉन्फ्रेंस में शाकिब के शामिल होने के कुछ घंटों बाद हुई। शाकिब के घर पर हमला रात 8.45 से 9 बजे के बीच हुआ। मगुरा सदर पुलिस के अफसर मोहम्मद अब्दुल्ला अल मामून ने बताया कि कुछ उपद्रवियों ने पत्थर फेंके और खिड़कियां तोड़ दीं। हमलावरों ने घर में आग लगाने की कोशिश की। यह दावा किया जा रहा है कि इसके लिए हमलावर कोल्डड्रिंक की बोतलों में पेट्रोल भरकर लाए थे। गनीमत यह रही कि हमले के वक्त घर खाली था, इसलिए किसी के घायल होने की खबर नहीं है। शाकिब इस वक्त श्रीलंका में हैं। घटना के बाद पुलिस फोर्स को तैनात कर दिया गया है।

### हसीना की वर्चुअल मीटिंग में शामिल हुए थे शाकिब

बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने दो साल बाद बुधवार को लोगों को वर्चुअली संबोधित किया। जब हसीना बोल रही थीं, उस दौरान उनका कैमरा बंद था।

हसीना ने 25 मिनट भाषण दिया। इस दौरान शाकिब अल हसन, शेख हसीना के बेटे सजीब वाजेद जॉय, पूर्व शिक्षा मंत्री मोहिबुल हसन चौधरी भी मौजूद थे। शाकिब अल हसन शेख हसीना की आवामी लीग से जुड़े हुए हैं। वह बुधवार को हसीना के वर्चुअली संबोधन में शामिल हुए। शाकिब अल हसन शेख हसीना की आवामी लीग से जुड़े हुए हैं। वह बुधवार को हसीना के वर्चुअली संबोधन में शामिल हुए।

### सांसद बनने के बाद भी क्रिकेट खेलते रहे शाकिब

शाकिब ने सांसद रहते हुए भी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट और टी-20 लीग में खेलना नहीं छोड़ा। अगस्त 2024 में जब बांग्लादेश में बगावत शुरू हुई, तब भी शाकिब की आलोचना हुई। सरकारी नौकरियों में आरक्षण के खिलाफ शुरू हुए छात्र आंदोलन के दौरान शाकिब पर आरोप लगे कि उन्होंने अवामी लीग के सांसद होने के कारण चुप्पी साधे रखी। हसीना सरकार गिरने के बाद बांग्लादेश में अवामी लीग नेताओं और सांसदों के घरों पर कई जगह हमले हुए। इनमें शाकिब का मगुरा वाला घर भी शामिल था। तब भी वे घर पर मौजूद नहीं थे।

## लॉर्ड्स में डेब्यू वाले मुशफिकुर पहली बार ऑस्ट्रेलिया में खेलेंगे

**डार्विन।** बांग्लादेश क्रिकेट टीम 2003 के बाद पहली बार टेस्ट सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया के दौरे पर है। टीम ने डार्विन के डीएक्ससी एरिना में अभ्यास शुरू कर दिया है, जहां 13 अगस्त से वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप के तहत पहला टेस्ट मैच खेला जाएगा। इस दौरे पर 39 वर्षीय विकेटकीपर-बल्लेबाज मुशफिकुर रहीम भी टीम का हिस्सा हैं। अपने 21 साल के अंतरराष्ट्रीय करियर में मुशफिकुर पहली बार ऑस्ट्रेलिया में कोई टेस्ट मैच खेलेंगे। वे 100 से अधिक टेस्ट खेलने वाले एकमात्र बांग्लादेशी क्रिकेटर



**100+ मैचों के करियर में 21 साल बाद मिला मौका, तैयारी शुरू**

हैं। उन्होंने 2005 में लॉर्ड्स में डेब्यू किया था। साल 2017 में मीरपुर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट जीत के बाद मुशफिकुर को जल्द ही ऑस्ट्रेलियाई दौरे की उम्मीद थी, लेकिन यह मौका उन्हें अब मिला है। इस सीरीज के लिए उन्होंने अपनी तकनीकी तैयारियों में कुछ बदलाव किए हैं। ऑस्ट्रेलिया की पिचों के बारे में वहां रहने वाले परिचितों से जानकारी लेने के बाद वे अपने नियमित बल्ले की तुलना में थोड़ा हल्का बल्ला इस्तेमाल कर रहे हैं, ताकि स्क्वायर ऑफ द विकेट शॉट आसानी से खेल सकें। इसके अलावा, पैट कमिंस और जोश हेजलवुड जैसे तेज गेंदबाजों का सामना करने के लिए उन्होंने इनस्विंग गेंदों पर विशेष अभ्यास किया है। बीसीबी के मुख्य चयनकर्ता और पूर्व कप्तान हबीबुल बशर ने मुशफिकुर के इस दौरे को उनकी निरंतर मेहनत का परिणाम बताया है।

## ब्रोंको टेस्ट के लिए 5 मिनट 15 सेकंड का टाइम

### हर्षित-नीतीश को टेस्ट में छूट देने पर BCCI ने मेडिकल टीम से मांगा जवाब



**बेंगलुरु।** भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाड़ियों के लिए फिटनेस टेस्ट अब पहले से ज्यादा मुश्किल हो गया है। BCCI ने ब्रोंको टेस्ट का बेस टाइम 6 मिनट से घटाकर 5 मिनट 15 सेकंड से 5 मिनट 20 सेकंड कर दिया है। यानी अब खिलाड़ियों को 1200 मीटर की दौड़ इस तय समय के भीतर पूरी करनी होगी। साथ ही 2 किलोमीटर दौड़ (2K टेस्ट) के लिए 9 से 10 मिनट की समय सीमा तय की गई है। पहले फिटनेस के लिए यॉ-यॉ टेस्ट का इस्तेमाल होता था, लेकिन अब उसकी जगह ब्रोंको टेस्ट को प्राथमिक फिटनेस टेस्ट बना दिया गया है। बेंगलुरु स्थित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (CoE) ने खिलाड़ियों में लगातार बढ़ती इंजरी और गिरते फिटनेस स्टैंडर्ड को देखते हुए यह बदलाव किया है। BCCI ने टीम मैनेजमेंट और मेडिकल टीम के बीच बेहतर तालमेल के लिए नए बेस पैरामीटर्स (न्यूनतम मापदंड) भी तय किए हैं।

### ब्रोंको टेस्ट क्या है?

ब्रोंको टेस्ट रग्बी खेल से जुड़ा हुआ है। इसमें खिलाड़ी को एक सेट में 20 मीटर अप-डाउन (आना-जाना), फिर 40 मीटर अप-डाउन और फिर 60 मीटर अप-डाउन की स्प्रिंट लगानी होती है। इस तरह एक सेट में 240 मीटर की दौड़ लगानी होती है। पूरे टेस्ट में इस तरह के पांच सेट होते हैं। यानी एक टेस्ट में खिलाड़ी को कुल 1200 मीटर दौड़ना होता है। सभी पांच सेट 6 मिनट के अंदर पूरे करने होते हैं।

### हर्षित और नीतीश रेड्डी को भी मिली थी क्लियरेंस

BCCI सूत्रों के मुताबिक, पिछले एक साल में फिटनेस टेस्ट के मानकों का सख्ती से पालन नहीं किया गया। कुछ सीनियर खिलाड़ियों को पास कराने के लिए अपेक्षाकृत आसान लक्ष्य दिए गए। वहीं टीम मैनेजमेंट की मांग पर CoE स्टाफ ने हर्षित राणा और नितीश कुमार रेड्डी को पूरी तरह फिट नहीं होने के बावजूद क्लियरेंस दे दी थी। इंग्लैंड दौरे के दौरान हर्षित राणा को वापस भेजा गया था। तब दावा किया गया था कि उनका वजन तय सीमा से अधिक है। टीम मैनेजमेंट के अनुसार उनका वजन 97 किलोग्राम था। अब CoE ने उनका वजन 96 किलोग्राम से कम रखने का लक्ष्य तय किया है।

### ओवर-ट्रेनिंग से बढ़ रहा बर्नआउट का खतरा

2023 वनडे वर्ल्ड कप, 2024 टी20 वर्ल्ड कप और 2025 चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान भारत का इंजरी मैनेजमेंट काफी प्रभावी रहा था। उस समय खिलाड़ियों पर अतिरिक्त दबाव डाले बिना फिटनेस बनाए रखने पर जोर दिया जाता था। यॉ-यॉ टेस्ट भी छह महीने में एक बार



या इंजरी से वापसी के समय ही कराया जाता था।

अब छ्श्श्व में खिलाड़ियों से बार-बार यॉ-यॉ, ब्रोंको और 2K टेस्ट कराए जा रहे हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि इंजरी प्रिवेंशन पर फोकस करने के बजाय जरूरत से ज्यादा वर्कलोड देने से खिलाड़ी मानसिक और शारीरिक रूप से थक सकते हैं, जिससे चोट का खतरा भी बढ़ सकता है।

## दूसरा टेस्ट: पाकिस्तान ने वेस्टइंडीज को 8 विकेट से हराया

**पोर्ट ऑफ स्पेन।** पाकिस्तान ने त्रिनिदाद एंड टोबैगो के पोर्ट ऑफ स्पेन में खेले जा रहे दूसरे टेस्ट मैच में वेस्टइंडीज को 8 विकेट से हरा दिया। इसके साथ ही दो मैचों की टेस्ट सीरीज 1-1 से बराबरी पर खत्म हुई। पहला टेस्ट वेस्टइंडीज ने 90 रन से जीता था। क्वीन्स पार्क ओवल मैदान पर खेले गए मुकाबले में वेस्टइंडीज ने पहली पारी में 344 रन बनाए। जवाब में पाकिस्तान ने 387 रन बनाए और 43 रन की बढ़त हासिल की। वेस्टइंडीज की दूसरी पारी 117 रन पर सिमट गई और पाकिस्तान को 75 रन का टारगेट मिला। मैच के चौथे दिन पाकिस्तान ने 2 विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया। पहली पारी में नाबाद 160 रन बनाने वाले शफीक को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

### वेस्टइंडीज ने 13 रन के अंदर आखिरी 4 विकेट गंवाए

वेस्टइंडीज ने तीसरे दिन के स्कोर 103/6 से आगे खेलना शुरु किया। टीम ने बिना रन जोड़े केमार रोच (0) का विकेट गंवा दिया। उन्हें लेफ्ट आर्म स्पिनर अली उस्मान ने क्लीन बोल्ड किया। इसके बाद मोहम्मद अली ने जस्टिन ग्रीव्स (3 रन) को बोल्ड किया। फिर उस्मान ने शमार जोसफ (9 रन) को मोहम्मद रिजवान के हाथों कैच आउट कराकर पारी समेट दी। ब्रेंडन किंग चोट की वजह से बल्लेबाजी के लिए नहीं उतरे।

## ICC वनडे रैंकिंग में नीदरलैंड के खिलाड़ियों को फायदा

### स्कॉट एडवर्ड्स 34वें स्थान पर पहुंचे, टॉप-10 में 3 भारतीय बल्लेबाज

**नई दिल्ली।** नीदरलैंड और नेपाल के तीन-तीन खिलाड़ियों को आईसीसी की ताजा वनडे रैंकिंग में फायदा हुआ है। कप्तान शुभमन गिल समेत तीन भारतीय टॉप 10 बल्लेबाजों की लिस्ट में शामिल हैं। ICC ने बुधवार को मेंस वनडे खिलाड़ियों की ताजा रैंकिंग जारी की है।

नीदरलैंड टीम जारी ICC मेंस क्रिकेट वर्ल्ड कप लीग 2 कॉम्पिटिशन में अच्छी फॉर्म में है। हाल ही में उसने यूट्रेक्ट में नेपाल को 57 रन से शिकस्त दी। नीदरलैंड की नजर अब मेंस क्रिकेट वर्ल्ड कप क्वालिफायर इवेंट में एंट्री करने पर है। कप्तान स्कॉट एडवर्ड्स ने नेपाल के खिलाफ 57 रनों की पारी खेली, जिससे नीदरलैंड ने लीग 2 टेबल में टॉप चार में अपनी जगह पक्की कर ली। एडवर्ड्स वनडे



बल्लेबाजों की लेटेस्ट रैंकिंग में 4 पायदान चढ़कर 34वें नंबर पर आ गए हैं।

### टॉप 10 में कप्तान गिल भी शामिल

वनडे बल्लेबाजों की टॉप 10 लिस्ट में कप्तान शुभमन गिल समेत तीन भारतीय हैं। शुभमन टॉप पर काबिज हैं। न्यूजीलैंड के डेरिल मिचेल दूसरे नंबर पर हैं। गिल ने पिछले हफ्ते मिचेल से बादशाहत छीनी थी। भारत ने आखिरी वनडे 19 जुलाई को इंग्लैंड के खिलाफ खेला था। स्टार बल्लेबाज विराट कोहली तीसरे और रोहित शर्मा चौथे पायदान पर हैं। अफगानिस्तान के इब्राहिम जादरान पांचवें और पाकिस्तान के बाबर आजम छठे पायदान पर हैं।

### 2027 वनडे वर्ल्डकप क्वालिफायर 21 फरवरी से 23 मार्च तक

## विजेता को मेन ड्रॉ में सीधी एंट्री

**नई दिल्ली।** ICC ने 2027 वनडे वर्ल्ड कप क्वालिफायर की डेट तय कर दी हैं। 10 टीमों वाला यह टूर्नामेंट अगले साल 21 फरवरी से 23 मार्च तक खेला जाएगा। हालांकि, इसकी मेजबानी किस देश में होगी, इसका फैसला अभी नहीं हुआ है। इस बार टूर्नामेंट का फॉर्मेट भी बदला गया है।

**नई व्यवस्था में विजेता को सीधी एंट्री मिलेगी-** ICC ने जुलाई में 2027 वर्ल्ड कप का नया फॉर्मेट जारी किया था। इसके तहत क्वालिफायर जीतने वाली टीम 14 टीमों वाले वर्ल्ड कप के मेन ग्रुप में सीधे पहुंचेगी। वहीं, दूसरे, तीसरे और चौथे स्थान पर रहने वाली टीमें वर्ल्ड कप के पहले राउंड 'सुपर सीरीज' में खेलेंगी। यहां शीर्ष पर रहने वाली एक टीम मेन स्टेज की 12 टीमों में जगह बनाएगी।



### वेस्टइंडीज पर क्वालिफायर खेलने का खतरा

**वर्ल्ड कप 4 अक्टूबर से 11 नवंबर तक खेला जाएगा-** 2027 वनडे वर्ल्ड कप का आयोजन 4 अक्टूबर से 11 नवंबर तक साउथ अफ्रीका, जिम्बाब्वे और नामीबिया में होगा। टूर्नामेंट के मुकाबले 12 अलग-अलग स्टेडियम में खेले जाएंगे।

**क्वालिफायर में 10 टीमें खेलेंगी-** क्वालिफायर में कुल 10 टीमें उतरेंगी। इनमें वनडे रैंकिंग में 30 सितंबर 2026 की कट-ऑफ डेट तक मेजबान साउथ अफ्रीका और जिम्बाब्वे को छोड़कर सबसे नीचे रहने वाले 2 फुल मेंबर देश शामिल होंगे।

## नीरज चोपड़ा ने कॉमनवेल्थ गेम्स के सिल्वर को खास बताया

### कहा- चोट से वापसी करना दूरी से ज्यादा अहम



नई दिल्ली। ओलंपिक और वर्ल्ड चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीत चुके जैवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा ने कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में जीते सिल्वर मेडल को एक खास उपलब्धि बताया है। नीरज ने कहा कि यह मेडल उनके लिए इसलिए भी खास है, क्योंकि उन्होंने पिछले 10 महीनों में कई चोटों और मुश्किल रिकवरी प्रक्रिया का सामना किया है। नीरज ने जैवलिन थ्रो इवेंट में 85.83 मीटर के बेस्ट थ्रो के साथ सिल्वर जीता था, जबकि यशवीर सिंह ने ब्रॉन्ज मेडल हासिल किया। यह भारत के लिए पोडियम पर यादगार 1-2 फिनिश रही। नीरज ने लिखा कि कुछ थ्रो दूर तक जाते हैं, लेकिन कुछ पल पूरी यात्रा का भार लिए होते हैं। यह मेडल दूरी से कहीं ज्यादा मायने रखता है।

# डायन-बिसाही के शक में खूनी संघर्ष

## टांगी-फरसा और लाठी से हमला कर अधेड़ की हत्या, पांच आरोपित गिरफ्तार



पलामूः जिले के उंटारी रोड थाना क्षेत्र के मुरमा कला गांव के लकड़ही टोला में डायन-बिसाही के संदेह ने खूनी संघर्ष का रूप ले लिया। दो पक्षों के बीच हुई मारपीट में 48 वर्षीय चनका रजवार की गंभीर चोट लगने से मौत हो गई, जबकि परिवार के अन्य सदस्य भी घायल हो गए। पुलिस ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए पांच नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। घटनास्थल से वारदात में प्रयुक्त खून लगी टांगी और बांस की लाठी भी बरामद की गई है।

पुलिस के अनुसार, घटना की सूचना 5 अगस्त को मिली थी। सूचना मिलते ही उंटारी रोड थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की छानबीन शुरू की। अनुसंधान में सामने आया कि प्रभु रजवार की आठ वर्षीय पुत्री की 2 अगस्त को मृत्यु हो गई थी।पुत्री की मौत के बाद प्रभु रजवार एक भगत के पास कथित रूप से 'देवास' कराने गया था। पुलिस के मुताबिक, वहां उसे पड़ोस में रहने वाली ललिता देवी और दुर्गा देवी, जो मृतक चनका रजवार की पत्नी हैं, पर कथित तौर पर डायन-भूत लगाने और बच्ची की मौत के लिए जिम्मेदार होने की बात बताई गई।इसके बाद प्रभु रजवार ने दोनों महिलाओं पर आरोप लगाते हुए कथित रूप से गाली-गलौज और मारपीट शुरू कर दी। देखते ही देखते दोनों पक्षों के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि मामला हिंसक संघर्ष में बदल गया। पुलिस की प्रारंभिक जांच के मुताबिक, मारपीट के दौरान प्रभु रजवार और उसके परिवार के सदस्यों ने टांगी, फरसा और लाठी से चनका रजवार पर हमला कर दिया। हमले में चनका गंभीर रूप से घायल हो गए और उनकी मौत हो गई। इस दौरान उनके परिवार के अन्य सदस्यों को भी चोटें आईं। पुलिस के अनुसार, दूसरे पक्ष की ओर से भी मामूली मारपीट किए जाने की बात सामने आई है।

घटना के बाद नन्दु रजवार के बयान पर उंटारी रोड थाना कांड संख्या 43/2026, दिनांक 06 अगस्त 2026 दर्ज किया गया है। मामला बीएनएस की विभिन्न धाराओं के साथ डायन प्रथा प्रतिषेध अधिनियम की धारा 3/4 के तहत दर्ज कर पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है।पुलिस ने घटना के बाद छापेमारी करते हुए पांच नामजद आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में प्रभु रजवार, झुबली देवी, गुडड्न रजवार, विमलेश रजवार और सीता राम रजवार शामिल हैं। सभी मुरमा कला गांव के लकड़ही टोला के रहने वाले हैं। पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल की गई खून लगी टांगी तथा बांस की लाठी को बरामद कर जब्त कर लिया है। छापेमारी अभियान में पाण्डू अंचल के पुलिस निरीक्षक, उंटारी रोड थाना प्रभारी संतोष गिरि, पुलिस अवर निरीक्षक राजवर्धन सहित उंटारी रोड थाना के सशस्त्र बल के जवान शामिल रहे।डायन-बिसाही जैसी अंधविश्वासजनित सोच के संदेह से शुरू हुए इस विवाद में एक व्यक्ति की जान चली गई और पांच लोग हत्या के आरोप में सलाखों के पीछे पहुंच गए। पुलिस मामले के अन्य पहलुओं की जांच कर रही है।

### रानीश्वर में लकड़ी माफियाओं की नजर

**दुमका, नसबिहार टाइम्स संवाददाता।** रानीश्वर में लकड़ी माफियाओं द्वारा जमाबंदी जमीन पर लगे हरे-भरे पेड़ों की अवैध कटाई जारी है. वन विभाग की मिलीभगत से हो रहे इस विनाश पर प्रशासन मौन है.

प्रखंड क्षेत्र की विभिन्न जमाबंदी जमीनों पर लगे हरे-भरे पेड़ों पर लकड़ी माफियाओं की नजर है. आरोप है कि पिछले कई महीनों से विभिन्न स्थानों पर जीवित पेड़ों की लगातार कटाई की जा रही है. पेड़ों को मशीन से काटकर ट्रकों के माध्यम से बाहर भेजा जा रहा है।

नियम के अनुसार जमाबंदी जमीन पर पेड़ों की कटाई के लिए पहले अंचलाधिकारी से भूमि संबंधी प्रतिवेदन प्राप्त करना होता है. इसके बाद जिला वन पदाधिकारी से कटिंग परमिट लेना अनिवार्य है. हालांकि स्थानीय लोगों का आरोप है कि लकड़ी माफिया कम संख्या में पेड़ों का परमिट लेकर उससे अधिक पेड़ों की कटाई कर ऊंचे दामों पर बाहर बेच रहे हैं।

# मुखिया की पहल लाई रंग, दिव्यांग लक्ष्मण राम को मिली ट्राइसाइकिल

## चेहरे पर लौटी मुस्कान



**हैदरनगर/पलामू/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मोकहर कला पंचायत की मुखिया नजमा खातून एवं समाजसेवी नवाजिश खान के प्रयास से सिंघना गांव निवासी दिव्यांग लक्ष्मण राम को कल्याण विभाग की ओर से ट्राइसाइकिल उपलब्ध कराई गई। ट्राइसाइकिल मिलने के बाद लक्ष्मण राम के चेहरे पर खुशी साफ झलकने लगी और उन्होंने इसके लिए सभी का आभार जताया। जानकारी के अनुसार, रामप्रीत राम के पुत्र लक्ष्मण राम शारीरिक रूप से दिव्यांग हैं। पैरों से विकलांग होने के कारण उन्हें रोजमर्रा के कार्यों और आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। उनकी परेशानी को देखते हुए मुखिया नजमा खातून ने कल्याण विभाग से संपर्क कर ट्राइसाइकिल उपलब्ध कराने का अनुरोध किया, जिसके बाद विभाग की ओर से उन्हें यह सुविधा प्रदान की गई। इस अवसर पर मुखिया नजमा खातून ने कहा कि पंचायत क्षेत्र के सभी जरूरतमंद दिव्यांगों की पहचान कर उन्हें सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाना उनकी प्राथमिकता है, ताकि वे आत्मनिर्भर बनकर सम्मानपूर्वक जीवन जी सकें। उन्होंने कहा कि जरूरतमंदों तक सरकारी सुविधाएं पहुंचाना जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारी है। ट्राइसाइकिल मिलने पर लक्ष्मण राम एवं उनके परिजनों ने मुखिया और कल्याण विभाग के प्रति आभार व्यक्त किया। वहीं स्थानीय ग्रामीणों ने भी इस मानवीय पहल की सराहना करते हुए इसे दिव्यांगों के लिए प्रेरणादायक कदम बताया।मौके पर उपमुखिया सूरज कुमार,आपूर्ति विभाग के विधायक प्रतिनिधि राजीव शर्मा सहित कई जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# एक अरब के कथित निवेश घोटाले में इओयू का शिकंजा



- जमालपुर समेत तीन थाना क्षेत्रों में ताबड़तोड़ छापेमारी
- मुख्य आरोपित पहले से जेल में
- स्वजनों व सहयोगियों के ठिकानों पर घंटों चली जांच

**जमालपुर (मुंगेर), नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** करीब एक अरब रुपये के कथित निवेश घोटाले की जांच में आर्थिक अपराध इकाई,ईओयू, पटना ने गुरुवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए जमालपुर, ईस्ट कॉलोनी और धरहरा थाना क्षेत्र में एक साथ कई स्थानों पर छापेमारी की। सुबह-सुबह हुई इस कार्रवाई से इलाके में हड़कंप मच गया। ईओयू की टीम स्थानीय पुलिस के साथ जॉलीवुड इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड से जुड़े लोगों के घर पहुंची और कई घंटों तक पूछताछ के साथ दस्तावेजों की जांच करती रही।जांच की शुरूआत जमालपुर थाना क्षेत्र के फुलका स्थित कंपनी के सीएमडी जितेंद्र कुमार राजीव के आवास से हुई। इसके बाद टीम ने उनकी पत्नी, भाई, चालक, गार्ड, मैनेजर तथा सॉफ्टवेयर इंजीनियर के ठिकानों पर भी छापेमारी की। वहीं ईस्ट कॉलोनी थाना क्षेत्र के नयागांव सिकंदरपुर निवासी सॉफ्टवेयर इंजीनियर धीरज कुमार तथा धरहरा थाना क्षेत्र के सारोबाग-माताडीह निवासी सहायक निदेशक संतोष कुमार के घर भी जांच की गई।ईओयू के अधिकारियों ने कार्रवाई को लेकर कोई आधिकारिक जानकारी देने से इनकार किया। हालांकि स्थानीय पुलिस सूत्रों के अनुसार यह कार्रवाई करीब एक अरब रुपये के कथित निवेश घोटाले की जांच के तहत की गई है। मुख्य आरोपी कंपनी के सीएमडी जितेंद्र कुमार राजीव पिछले दो वर्षों से न्यायिक हिरासत में हैं और मामला न्यायालय में विचाराधीन है।जांच में सामने आया है कि वर्ष 2019 में मुंगेर-जमालपुर रोड स्थित गायत्री मंदिर के समीप जॉलीवुड इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड का कार्यालय खोला गया था।

# स्वर सम्राट किशोर कुमार की जयंती पर सजी भव्य संगीत संध्या

## कलाकारों ने बांधा समां



जमालपुर (मुंगेर) - स्वर सम्राट किशोर कुमार की जयंती के अवसर पर लायंस क्लब ऑफ जमालपुर लोहानगरी की ओर से बुधवार को भव्य संगीत संध्या का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का आयोजन क्लब के अध्यक्ष सुमन कुमार शर्मा के नेतृत्व में हुआ, जिसमें शहर के अनेक संगीत प्रेमियों और कलाकारों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।संगीत संध्या में सुमन कुमार शर्मा, निर्मल सक्सेना, आरोही, रविंद्र कुमार, मोनी कुमार, अमित कुमार सहित कई कलाकारों ने किशोर कुमार के सदाबहार और लोकप्रिय गीतों की शानदार प्रस्तुतियां दीं। कलाकारों की मधुर आवाज और भावपूर्ण गायन ने उपस्थित श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

एक से बढ़कर एक गीतों की प्रस्तुति पर दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि किशोर कुमार केवल एक महान गायक ही नहीं, बल्कि अभिनेता,संगीतकार और निमार्ता के रूप में भी भारतीय सिनेमा को अमूल्य योगदान देने वाले बहुमुखी प्रतिभा के धनी कलाकार थे। उनके गीत आज भी हर पीढ़ी के संगीत प्रेमियों के दिलों में बसे हुए हैं।संगीतमय माहौल के बीच उपस्थित लोगों ने किशोर कुमार को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके अमर गीतों को याद किया। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ।

अंत में लायंस क्लब ऑफ जमालपुर लोहानगरी की ओर से सभी कलाकारों एवं उपस्थित संगीत प्रेमियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

### तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से राहगीर की मौत, दो युवक घायल

**हरिहरगंज (पलामू), नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पीपरा थाना क्षेत्र के सुल्तानी गांव स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग पर काव्या रेस्टोरेंट के समीप बुधवार रात तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से एक पैदल राहगीर की मौत हो गई, जबकि बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतक की पहचान सुल्तानी निवासी सरजून पासवान (38) के रूप में हुई है। हादसे के बाद तीनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हरिहरगंज ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने सरजून पासवान को मृत घोषित कर दिया। वहीं, दोनों घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए औरंगाबाद रेफर कर दिया गया।

# रेल इंजन से कॉपर पाइप चोरी का आरपीएफ ने किया खुलासा

**जमालपुर (मुंगेर), नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रेलवे इंजन से न्यूमेटिक कॉपर पाइप चोरी के मामले का रेलवे सुरक्षा बल ने पदार्फाश करते हुए चोरी की संपत्ति खरीदने वाले एक रिसीवर समेत दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। संयुक्त कार्रवाई में चोरी की करीब 60 फीट न्यूमेटिक कॉपर पाइप, जिसकी अनुमानित कीमत छह हजार रुपये बताई गई है, बरामद की गई है। मामले में एक अन्य नामजद आरोपित सहित कुछ अन्य आरोपित फरार हैं जिनकी तलाश में छापेमारी जारी है।जमालपुर यार्ड में खड़े विभिन्न रेल इंजनों से 31 जुलाई से तीन अगस्त के बीच 117 फीट न्यूमेटिक कॉपर पाइप चोरी होने की लगातार घटनाएं सामने आई थीं। इस संबंध में आरपीएफ पोस्ट जमालपुर में रेलवे संपत्ति अधिनियम एवं रेलवे अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत तीन अलग-अलग मामले दर्ज किए गए थे। मामले की गंभीरता को देखते हुए सहायक सुरक्षा आयुक्त के निर्देश पर सीआईबी जमालपुर,आरपीएफ पोस्ट एवं जमालपुर थाना पुलिस की संयुक्त टीम गठित की गई। सीआईबी प्रभारी एसके सुधा एवं आरपीएफ इंस्पेक्टर सुजीत कुमार यादव के नेतृत्व में टीम ने सदर बाजार स्थित लाल कुमार के घर एवं दुकान में छापेमारी की। तलाशी के दौरान अलग-अलग टुकड़ों में कटी 40 फीट न्यूमेटिक कॉपर पाइप बरामद हुई। पूछताछ में लाल कुमार चोरी की संपत्ति के संबंध में कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। कड़ाई से पूछताछ करने पर उसने स्वीकार किया कि पाइप संजीव मल्लिक उर्फ बैरिया और उसके भाई छोटू मल्लिक से खरीदी थी।

# युवा कांग्रेस के डिजिटल सदस्यता अभियान का शुभारंभ



**मुंगेर, नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार युवा कांग्रेस के राज्यव्यापी डिजिटल सदस्यता अभियान के तहत बुधवार को मुंगेर में सदस्यता अभियान का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में युवाओं ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। कार्यक्रम का नेतृत्व कांग्रेस नेता पीयूष कुमार ने किया, जबकि जिला कांग्रेस कमेटी ओबीसी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष राकेश कुमार मंडल ने अभियान का शुभारंभ करते हुए युवाओं से संगठन से जुड़ने का आह्वान किया।राकेश कुमार मंडल ने कहा कि आज के समय में युवाओं को लोकतांत्रिक मूल्यों, संविधान और सामाजिक सरोकारों की रक्षा के लिए संगठित होना होगा। उन्होंने कहा कि देश और समाज के विकास में युवाओं की सबसे महत्वपूर्ण भूमिका है तथा युवा कांग्रेस युवाओं को नेतृत्व और जनसेवा का सशक्त मंच उपलब्ध करा रही है। उन्होंने अधिक से अधिक युवाओं से डिजिटल माध्यम से सदस्य बनकर संगठन को मजबूत करने की अपील की।

कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेसी संजय कुमार पोद्दार ने कांग्रेस की विचारधारा, संगठन की नीतियों और युवाओं की भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा युवाओं को नेतृत्व के अवसर दिए हैं और आज भी युवाओं की भागीदारी संगठन की सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने युवाओं से लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भूमिका निभाने का आग्रह किया। इस अवसर पर कई युवाओं ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण करते हुए संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प लिया।उल्लेखनीय है कि बिहार युवा कांग्रेस का बिहार युवा कांग्रेस का डिजिटल सदस्यता अभियान 5 अगस्त से 4 सितंबर तक चलेगा। अभियान के तहत 18 से 35 वर्ष आयु वर्ग के युवा डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से सदस्य बन सकेंगे।

सदस्यता अभियान के साथ ही युवा कांग्रेस के संगठनात्मक चुनाव की प्रक्रिया भी प्रारंभ हो गई है। इसके अंतर्गत प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेश उपाध्यक्ष, प्रदेश महासचिव, प्रदेश सचिव, जिला अध्यक्ष एवं प्रखंड अध्यक्ष सहित विभिन्न पदों का चुनाव लोकतांत्रिक, पारदर्शी और डिजिटल प्रक्रिया के माध्यम से कराया जाएगा।

उन्होंने बिहार के युवाओं से अधिक से अधिक संख्या में सदस्य बनकर संगठन को सशक्त बनाने और नेतृत्व की इस लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की।

# श्रावणी मेला में यात्रियों को बड़ी सौगात, जमालपुर स्टेशन पर फूड वैन शुरू



**जमालपुर (मुंगेर), नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला के दौरान लाखों कांवरियों और रेल यात्रियों की बढ़ती आवाजाही को देखते हुए जमालपुर रेलवे स्टेशन पर खानपान की बेहतर व्यवस्था की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई है।

बुधवार को स्टेशन के मुख्य प्रवेश द्वार पर अत्याधुनिक फूड वैन का विधिवत शुभारंभ किया गया। इसका उद्घाटन जमालपुर के विधायक नचिकेता मंडल, स्टेशन प्रबंधक दीपक कुमार तथा जदयू जिलाध्यक्ष सौरभ निधि ने संयुक्त रूप से किया।उद्घाटन .के अवसर पर विधायक नचिकेता मंडल ने कहा कि श्रावणी मेला के दौरान प्रतिदिन हजारों कांवरिया एवं रेल यात्री जमालपुर स्टेशन से होकर गुजरते हैं। ऐसे में यात्रियों को स्वच्छ, गुणवत्तापूर्ण और किफायती दर पर भोजन उपलब्ध कराना बेहद जरूरी था। इसी उद्देश्य से स्टेशन परिसर में फूड वैन की शुरूआत की गई है। अब यात्रियों को भोजन या नाश्ते के लिए स्टेशन से बाहर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। एक ही स्थान पर नाश्ता, भोजन, चाय, कॉफी, शीतल पेय एवं अन्य खाद्य सामग्री उचित मूल्य पर उपलब्ध रहेगी। स्टेशन प्रबंधक दीपक कुमार ने कहा कि भारतीय रेलवे यात्रियों की सुविधाओं के विस्तार के लिए लगातार कार्य कर रहा है। फूड वैन के संचालन से यात्रियों को सुरक्षित, स्वच्छ और गुणवत्तापूर्ण खानपान की सुविधा मिलेगी।

उन्होंने कहा कि खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता, स्वच्छता और निर्धारित दरों का विशेष रूप से पालन कराया जाएगा, ताकि यात्रियों को बेहतर सेवा मिल सके। इस दौरान संचालक को साफ-सफाई बनाए रखने, उच्च गुणवत्ता वाले खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने तथा यात्रियों के साथ सौहार्दपूर्ण व्यवहार करने का निर्देश दिया गया।

कार्यक्रम में सीएचआई पंकज कुमार, जदयू प्रखंड अध्यक्ष मुनीलाल मंडल, वार्ड पार्षद सोनू मंडल, वशिष्ठ कुमार, रिंकू सिंह सहित रेलवे के अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

### बड़ी बहन की शादी की खुशियां मातम में बदलीं

**चिरैया (पूर्वी चंपारण), नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बड़ी बहन की शादी की तैयारियों के बीच एक दर्दनाक हादसे ने पूरे परिवार की खुशियां छीन लीं। चिरैया थाना क्षेत्र के खड़तरी मध्य पंचायत अंतर्गत सेनुवारिया गांव में शादी की रस्म के लिए मिट्टी लाने गई 13 वर्षीय किशोरी की पोखर में डूबने से मौत हो गई।

घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। जिस घर में 17 अगस्त को शहनाई बजनी थी, वहां अब मातम पसरा हुआ है। जानकारी के अनुसार, सेनुवारिया गांव निवासी नेक मोहम्मद अपने परिवार के साथ दिल्ली में रहते हैं। बड़ी पुत्री की शादी 17 अगस्त को तय होने के कारण वे 29 जुलाई को पूरे परिवार के साथ गांव आए थे।

# बिना नए संसाधनों के इरिमी ने रचा इतिहास



**जमालपुर (मुंगेर), नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भारतीय रेलवे के अग्रणी प्रशिक्षण संस्थानों में शामिल भारतीय रेलवे यांत्रिक एवं विद्युत इंजीनियरी संस्थान इरिमी जमालपुर ने प्रशिक्षण के क्षेत्र में एक नई उपलब्धि हासिल की है। संस्थान ने बिना किसी नए भवन,अतिरिक्त संसाधन या अवसंरचना विस्तार के प्रशिक्षण क्षमता में तीन गुना से अधिक वृद्धि दर्ज कर भारतीय रेलवे के प्रशिक्षण तंत्र में नया कीर्तिमान स्थापित किया है।

जुलाई 2026 के आंकड़ों ने यह साबित कर दिया है कि बेहतर योजना, कुशल प्रबंधन और उपलब्ध संसाधनों के प्रभावी उपयोग से असाधारण परिणाम प्राप्त किए जा सकते हैं।संस्थान द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, जुलाई 2025 में इरिमी में 13 प्रशिक्षण पाठ्यक्रम संचालित किए गए थे, जिनमें कुल 1165 प्रशिक्षु दिवस (ट्रेनी डेज) दर्ज हुए थे। इसके विपरीत जुलाई 2026 में केवल नौ प्रशिक्षण पाठ्यक्रम आयोजित किए गए, लेकिन इन पाठ्यक्रमों के माध्यम से 3422 प्रशिक्षु दिवस पूरे किए गए। यानी कम पाठ्यक्रमों के बावजूद प्रशिक्षण क्षमता में 300 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर्ज की गई। यह उपलब्धि संस्थान की कार्यकुशलता और संसाधनों के बेहतर प्रबंधन का उदाहरण मानी जा रही है। इस सफलता का श्रेय इरिमी के महानिदेशक अनिमेष कुमार सिन्हा के नेतृत्व और संस्थान की सुव्यवस्थित कार्ययोजना को दिया जा रहा है।

महानिदेशक ने कहा कि सीमित संसाधनों के बीच बेहतर रणनीति, मजबूत योजना और टीमवर्क के बल पर भी उत्कृष्ट परिणाम हासिल किए जा सकते हैं। उनका कहना है कि इरिमी का उद्देश्य भारतीय रेलवे को तकनीकी रूप से दक्ष, सुरक्षित और आधुनिक सोच वाले मानव संसाधन उपलब्ध कराना है और यह उपलब्धि पूरे संस्थान की सामूहिक मेहनत का परिणाम है।

# विधायक नचिकेता मंडल के प्रयास रंग लाए

## विस्थापित महादलित परिवारों को जल्द मिलेगा आशियाना



**जमालपुर (मुंगेर), नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** डीजल शेड स्थित रेलवे की जमीन से विस्थापित हो रहे महादलित परिवारों के लिए राहत भरी खबर है। जमालपुर विधायक नचिकेता मंडल के लगातार प्रयासों से इन परिवारों के लिए शहर में ही पुअर हाउस निर्माण की दिशा में प्रक्रिया तेज हो गई है।

बुधवार को विधायक नचिकेता मंडल के साथ जिलाधिकारी निखिल धनराज, नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी विजयशील गौतम,अंचलाधिकारी प्रीति कुमारी तथा जदयू जिलाध्यक्ष सौरभ निधि ने आशिकपुर एवं बियाडा क्षेत्र का निरीक्षण कर पुअर हाउस निर्माण के लिए संभावित भूमि का जायजा लिया।निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने प्रस्तावित स्थल की उपयुक्तता का आकलन किया। बताया गया कि जमीन चिन्हित कर प्रस्ताव विभाग को भेजा जा चुका है। स्वीकृति मिलते ही निर्माण कार्य शुरू करने की दिशा में कार्रवाई की जाएगी।विधायक नचिकेता मंडल ने कहा कि डीजल शेड स्थित रेलवे की जमीन पर कई दशकों से रह रहे सैकड़ों महादलित परिवारों को रेलवे द्वारा नोटिस दिए जाने के बाद उन्होंने रेल प्रशासन से बातचीत कर परिवारों को समय दिलाया था। उस दौरान उन्होंने प्रभावित लोगों से वादा किया था कि किसी भी परिवार को शहर से बाहर विस्थापित नहीं होने दिया जाएगा और सभी के लिए शहर में ही स्थायी आवास की व्यवस्था कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि पुअर हाउस का निर्माण इसी संकल्प का परिणाम है। सरकार के स्तर पर प्रस्ताव भेजा जा चुका है और स्वीकृति मिलते ही निर्माण कार्य प्रारंभ कराया जाएगा। ताकि विस्थापित परिवार सम्मानपूर्वक अपने नए घर में रह सकें।विधायक की इस पहल से प्रभावित महादलित परिवारों में खुशी का माहौल है। लोगों ने उम्मीद जताई कि वर्षों से स्थायी आवास का सपना अब जल्द पूरा होगा। निरीक्षण के दौरान प्रखंड अध्यक्ष मुनीलाल मंडल, वार्ड पार्षद सोनू मंडल, वशिष्ठ कुमार, गोपाल कृष्ण सहित कई जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री निःशुल्क साइकिल वितरण योजना के तहत शेष साइकिलों का वितरण एक सप्ताह में करें सुनिश्चित : उपायुक्त




**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** गुरुवार को उपायुक्त अजय नाथ झा ने कार्यालय कक्ष में कल्याण विभाग की योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक की। बैठक में मुख्यमंत्री निः शुल्क साइकिल वितरण योजना, प्री - पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना, कल्याण विभाग के छात्रावासों की स्थिति, अल्पसंख्यक छात्रावास निर्माण सहित विभागीय योजनाओं की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की। मुख्यमंत्री निः शुल्क साइकिल वितरण योजना की समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने जिला कल्याण पदाधिकारी से अब तक हुए साइकिल वितरण की जानकारी ली। जिला कल्याण पदाधिकारी ने बताया कि अब तक 9,010 साइकिलों का वितरण किया जा चुका है। इस पर उपायुक्त ने शेष साइकिलों का वितरण एक सप्ताह के भीतर पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने वितरण कार्य की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने को कहा। उपायुक्त ने जिले के कल्याण विभाग के छात्रावासों की वर्तमान स्थिति का समग्र आकलन करने के लिए एक टीम गठित करने का डीडीसी को निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि टीम सभी छात्रावासों का भौतिक सत्यापन कर उनकी वर्तमान स्थिति, पूर्व में कराए गए मरम्मत कार्य, आवश्यक मरम्मत एवं उपलब्ध आधारभूत सुविधाओं का विस्तृत प्रतिवेदन तैयार करेगी, ताकि आवश्यकतानुसार आगे की कार्रवाई की जा सके। उन्होंने कहा कि कल्याण अत्यंत महत्वपूर्ण विभाग है। केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित सभी योजनाओं का क्रियान्वयन निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप एवं समयबद्ध ढंग से सुनिश्चित किया जाए, ताकि पात्र लाभुकों को योजनाओं का लाभ समय पर मिल सके। उपायुक्त ने जिले में अल्पसंख्यक छात्रावास निर्माण के लिए राज्य मुख्यालय को आवश्यक प्रस्ताव शीघ्र समर्पित करने का निर्देश दिया। साथ ही विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को वितरित की जाने वाली साइकिलों का विधिवत पंजी संधारित करने, प्रत्येक लाभुक के साथ साइकिल वितरण का फोटोग्राफ सुरक्षित रखने तथा सभी अभिलेख अद्यतन रखने के निर्देश भी दिए। बैठक में उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार, जिला कल्याण पदाधिकारी सुचिता किरण, जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रवीण रंजन, जिला शिक्षा अधीक्षक अतुल कुमार चौबे, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

# रोटरी क्लब चास ने निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का किया आयोजन



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** चास रोटरी क्लब चास द्वारा गुरु गोविंद सिंह पब्लिक स्कूल, सेक्टर-5 में विद्यालय के बस चालकों एवं सफाई कर्मियों के लिए निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल ने बताया कि शिविर का उद्देश्य कर्मचारियों के नेत्र स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें समय पर आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श एवं उपचार उपलब्ध कराना था। सचिव बिनोद चोपड़ा ने बताया कि शिविर में नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. दीपिका एवं उनकी टीम ने कुल 55 बस चालकों एवं सफाई कर्मियों की आंखों की जांच की। जांच के दौरान 9 कर्मचारियों में मोतियाबिंद के लक्षण पाए गए, जिन्हें शीघ्र उपचार एवं शल्य चिकित्सा के लिए विशेषज्ञ चिकित्सक से परामर्श लेने की सलाह दी गई। इसके अलावा सभी कर्मचारियों को आंखों की नियमित जांच, संतुलित आहार तथा नेत्रों की उचित देखभाल के संबंध में आवश्यक जानकारी दी गई। डॉ दीपिका सिंह ने कहा कि ऐसे स्वास्थ्य शिविर कर्मचारियों को समय रहते बीमारी की पहचान और उपचार का अवसर प्रदान करते हैं तथा समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विद्यालय के प्राचार्य डॉ अभिषेक ने डॉ. दीपिका एवं उनकी टीम तथा रोटरी क्लब चास का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी इस प्रकार के जनहितकारी स्वास्थ्य शिविर आयोजित करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकगण, जीजीएसइएसटी की कानूनी कलाकार पल्लवी जरूहार, सहायक मंडल अध्यक्ष पूजा बैद,रोटरी क्लब चास के कुमार अमरदीप, संजय बैद, विपिन अग्रवाल, संजय रस्तोगी, पूर्वी केजरीवाल, ललिता चोपड़ा, ऊषा कुमार,ज्योति अग्रवाल,शैल रस्तोगी, उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### बोकारो पुलिस ने साइबर अपराध के शिकार वृद्ध को वापस दिलाए 7 लाख रूपए

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो के चास स्थित गुजरात कॉलोनी निवासी नरेन्द्र कुमार सिन्हा द्वारा अपने एचडीएफसी बैंक खाता, एचडीएफसी क्रेडिट कार्ड एवं आईसीआईसीआई क्रेडिट कार्ड से 7.65 लाख रुपए साईबर अपराधियों द्वारा अवैध निकासी की लिखित सूचना दी गई थी। प्राप्त सूचनानुसार बोकारो पुलिस द्वारा तुरंत साईबर थाना कांड संख्या 20/26 दर्ज करते हुए सभी संबंधित एजेंसियों को खाता विवरणी व ट्रांसफर रकम को होल्ड करने के लिए मेल के माध्यम से सूचित किया गया। चूंकि इस मामले में साईबर अपराधियों ने शॉपिंग हेतु पैसे का ट्रांसफर किया था जो 24 घंटे तक अलर्ट मोड़ में होता है। अलर्ट अवधि में ही पुलिस द्वारा तत्परता से शॉपिंग हेतु इस्तेमाल हुए सभी संबंधित एजेंसियों को मेल कर दिए जाने के कारण ट्रांजेक्शन होल्ड हो गया और शिकायतकर्ता को 7 लाख रुपए वापस मिल गए। शिकायतकर्ता आज बोकारो पुलिस से मिलकर अपनी खुशी जताते हुए इस त्वरित कार्रवाई के लिए पुलिस अधीक्षक व साईबर पुलिस, बोकारो की सराहना की है। बोकारो पुलिस सभी नागरिकों से अपील करती है कि साईबर अपराध की सूचना अविलंब साईबर थाना अथवा डॉयल 1930 पर दें।




### प्रेमिका की गला दबाकर हत्या, आत्महत्या का रूप देने को पेड़ से लटकाया शव

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जरीडीह थाना क्षेत्र के बनचास टोला चट्टीगोड़ा जंगल के पास 20 वर्षीय आरती हेम्ब्रम का शव पेड़ से लटका मिला था। पुलिस जांच में मामला आत्महत्या का नहीं, बल्कि हत्या का निकला। पुलिस के अनुसार, आरती का करीब डेढ़ साल से मनोज मरांडी के साथ प्रेम प्रसंग था। 2 अगस्त को मनोज शादी का भरोसा देकर आरती को अपने घर ले आया था। परिवार के विरोध और आरती के वापस जाने से इनकार के बाद आरोप है कि 4 अगस्त की शाम मनोज ने अपने माता-पिता नाजीर मरांडी और सरस्वती देवी के साथ मिलकर आरती की गला दबाकर हत्या कर दी। इसके बाद हत्या को आत्महत्या का रूप देने के लिए शव को घर के पीछे बाड़ी में पेड़ से गमछे के सहारे लटका दिया गया। पुलिस ने वैज्ञानिक एवं परिस्थितिजन्य साक्ष्यों के आधार पर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों की निशानदेही पर मृतिका का मोबाइल फोन और कपड़ों से भरा बैग भी बरामद किया गया है। तीनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गए।



### 23, 612 राशन कार्ड निरस्त करने की कार्रवाई शुरू

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिले के 23,612 लाभुकों का राशन कार्ड निरस्त करने की कार्रवाई शुरू हो गई है। इस संबंध में उपायुक्त ने बताया कि खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग के निर्देश अनुसार 'की परफॉर्मेंस इंडिकेटर' में चिन्हित सरकारी नौकरी, आयकर दाता एवं ग्रॉस टर्नओवर श्रेणी में आने वाले जिले के 23612 लाभुकों का राशन कार्ड (परिवार के सभी सदस्यों सहित) निरस्त करने की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। उन्होंने बताया कि 'की परफॉर्मेंस इंडिकेटर' के तहत जिले में 21996 लाभुक आयकर दाता, 1493 ग्रास टर्नओवर एवं 123 लाभुक सरकारी नौकरी करने वाले चिन्हित किए गए हैं। यह सभी झारखंड लक्षित जन वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश, 2024 के अनुसार "एक्सक्लूजन क्राइटेरिया" के अंतर्गत आते हैं। ऐसे सभी लाभुकों का राशन कार्ड (परिवार के सभी सदस्यों सहित) निरस्त करने की कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

# समाहरणालय परिसर में मॉडल दीदी कैंटीन स्थापित होगा, प्रशिक्षित एसएचजी दीदियों को मिलेगा संचालन का दायित्व




## डीडीसी ने दीदी कैंटीन एवं वाटर बॉटलिंग प्लांट की स्थापना में तेजी लाने का दिया निर्देश

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार ने गुरुवार को जेएसएलपीएस (पलाश) के माध्यम से संचालित विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में उन्होंने लक्ष्य के अनुरूप सभी योजनाओं में अपेक्षित प्रगति सुनिश्चित करने तथा प्रखंडवार प्रदर्शन की नियमित मॉनिटरिंग करने का निर्देश दिया। समीक्षा के दौरान उप विकास आयुक्त ने विभागीय निदेशानुसार सभी प्रखंडों में वाटर बॉटलिंग प्लांट की स्थापना की प्रक्रिया में तेजी लाने को कहा। साथ ही, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) में दीदी कैंटीन का संचालन शीघ्र प्रारंभ करने के लिए संबंधित प्रखंड चिकित्सा प्रभारी पदाधिकारियों से समन्वय स्थापित कर स्थान चिन्हित करने एवं आवश्यक अग्रेतर कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने समाहरणालय परिसर में मॉडल दीदी कैंटीन की स्थापना के लिए उपयुक्त स्थल चिन्हित कर त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश जेएसएलपीएस के जिला परियोजना प्रबंधक (डीपीएम) को दिया। साथ ही कैंटीन में नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने तथा संचालन की जिम्मेदारी इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट (आईएचएम) से प्रशिक्षित स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) की दीदियों को सौंपने का निर्देश दिया। बैठक में जेएसएलपीएस डीपीएम अनील डुंगडुंग, एपीआरओ अविनाश कुमार सिंह संबंधित विभागों के प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

# टीबी उन्मूलन को गति देने के लिए स्वास्थ्य कर्मियों का क्षमता संवर्धन प्रशिक्षण

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम (एनटीईपी) के तहत एमटीसी सभागार में सहिया, बीटीटी, एसटीएस, एसटीएलएस एवं टीबी हेल्थ विजिटर्स (टीबीएचवी) के लिए एक दिवसीय क्षमता संवर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य समुदाय स्तर पर टीबी रोगियों की शीघ्र पहचान, समय पर जांच, उपचार और जनभागीदारी को मजबूत कर टीबी मुक्त भारत अभियान को गति देना था। कार्यक्रम का उद्घाटन सिविल सर्जन डॉ. आलोक विश्वकर्मा एवं जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ. रेखा कुमारी ने संयुक्त रूप से किया। उन्होंने कहा कि टीबी उन्मूलन के लक्ष्य को हासिल करने में सहिया, स्वास्थ्यकर्मियों और सामुदायिक स्वयंसेवकों की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। प्रिजम्प्टिव टीबी मरीजों की समय पर पहचान और जांच से संक्रमण की श्रृंखला को प्रभावी ढंग से रोका जा सकता है। प्रशिक्षण सत्र में राज्य से आए स्टेट प्रोग्राम ऑफिसर (निक्षय मित्र पहल) दीपक ठक्कर ने प्रतिभागियों को टीबी के लक्षण, जांच प्रक्रिया, उपचार, संपर्क अन्वेषण, उपचार अनुपालन तथा सामुदायिक सहभागिता के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार की निक्षय पोषण योजना के तहत टीबी मरीजों को प्रतिमाह एक हजार रुपये की पोषण सहायता प्रदान की जाती है। इसके अलावा निक्षय मित्र पहल और पोषण पोटली के माध्यम से मरीजों को अतिरिक्त सहयोग उपलब्ध कराया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान टीबी मुक्त भारत ऐप के उपयोग और उसके लाभों की जानकारी दी गई तथा सभी प्रतिभागियों का स्वयंसेवक के रूप में पंजीकरण कराया गया। कार्यक्रम में कुल 175 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

# मिथिला अकादमी में 'माइलस्टोन 2026' का समापन, 150 विद्यार्थी सम्मानित



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मिथिला अकादमी पब्लिक स्कूल में डॉ. राधाकृष्णन सहोदय कॉम्प्लेक्स, बोकारो द्वारा आयोजित 'माइलस्टोन 2026' का समापन समारोह संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तरी छोटानागपुर प्रक्षेत्र के आईजी शैलेंद्र कुमार सिन्हा थे। समारोह में सहोदय कॉम्प्लेक्स के अध्यक्ष सूरज शर्मा, सचिव डॉ. जी.एन. खान, उपाध्यक्ष विपुल कुमार सिंह, आमिर हुसैन, संयुक्त सचिव बी. रीना ठाकुर सहित विभिन्न विद्यालयों के प्राचार्य उपस्थित रहे। अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विद्यालय के विद्यार्थियों ने दुर्गा गान एवं लोक नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों की खूब वाहवाही बटोरी। विद्यालय के प्राचार्य अमर प्रसाद ने अतिथियों का स्वागत करते हुए शिक्षा के क्षेत्र में सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया। मुख्य अतिथि आईजी शैलेंद्र कुमार सिन्हा ने विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित कर अनुशासन एवं समय पालन के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि टीम भावना और दृढ़ संकल्प सफलता की कुंजी हैं। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले लगभग 150 विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। अंत में सचिव डॉ. जी.एन. खान ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

# धनबाद में पेपरलेस पासपोर्ट सेवा शुरू, अब ऑनलाइन होगा पुलिस वेरिफिकेशन

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** धनबाद में अब पासपोर्ट सेवा पूरी तरह डिजिटल और पेपरलेस हो गई है। पुलिस वेरिफिकेशन से लेकर दस्तावेजों के सत्यापन तक लगभग पूरी प्रक्रिया अब ऑनलाइन होगी, जिससे पासपोर्ट बनने में लगने वाला समय कम होगा और लोगों को पहले से ज्यादा पारदर्शी और तेज सेवा मिलेगी।इस नई व्यवस्था के तहत पासपोर्ट सेवा केंद्र में दस्तावेजों की जांच पूरी होने के बाद अधिकारी डिजिटल हस्ताक्षर करेंगे। इसके बाद पूरी सत्यापन रिपोर्ट ऑनलाइन माध्यम से सीधे क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय भेज दी जाएगी। रिपोर्ट तैयार होने के बाद आवेदक को भी डिजिटल माध्यम से इसकी जानकारी मिल जाएगी। इतना ही नहीं, अब पुलिस सत्यापन भी संबंधित थाने के माध्यम से ऑनलाइन पोर्टल पर किया जाएगा। इससे कागजी फाइलों का आदान-प्रदान लगभग समाप्त हो जाएगा और प्रक्रिया पहले के मुकाबले कहीं अधिक तेज हो जाएगी।एसएसपी प्रभात कुमार ने बताया कि यह नई व्यवस्था 1 अगस्त से लागू कर दी गई है। उनके मुताबिक पहले पुलिस वेरिफिकेशन के हजारों मामले लंबित रहते थे, लेकिन ऑनलाइन प्रणाली लागू होने के बाद पेंडिंग मामलों में लगातार कमी दर्ज की जा रही है। पहले जहाँ 1300 मामले पेंडिंग थे वहीं ऑनलाइन होने के बाद यह संख्या घटकर 580 पर आ गई है. उन्होंने विश्वास जताया कि इससे लोगों को जल्द पासपोर्ट मिलेगा और अनावश्यक देरी खत्म होगी।

# विश्व स्तनपान सप्ताह: नवजात के स्वस्थ भविष्य की सबसे मजबूत नींव है मां का दूध




**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** विश्व स्तनपान सप्ताह के अवसर पर गुरुवार को मुस्कान हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर में आयोजित जागरूकता सेमिनार में चिकित्सकों ने स्पष्ट संदेश दिया कि नवजात शिशु के स्वस्थ, सुरक्षित और सशक्त भविष्य की शुरूआत मां के दूध से होती है। 'जीवन में एक स्थायी शुरूआत के लिए स्तनपान : जो प्रभावी है, उसे मजबूत करें' विषय पर आयोजित कार्यक्रम में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य के लिए स्तनपान की अनिवार्यता पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ वरिष्ठ प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. उषा सिंह ने किया। इस अवसर पर वरिष्ठ शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. एस. सी. मुंशी, चिकित्सक, नर्सिंग स्टाफ, इंटर्न, स्वास्थ्यकर्मी एवं अस्पताल प्रबंधन के सदस्य उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता डॉ. हर्षिता ने कहा कि जन्म के बाद के शुरूआती छह माह शिशु के जीवन के सबसे महत्वपूर्ण होते हैं और इस दौरान केवल मां का दूध ही उसके संपूर्ण पोषण की आवश्यकता को पूरा करता है। उन्होंने बताया कि स्तनपान शिशु की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने, मानसिक एवं शारीरिक विकास को मजबूत करने तथा संक्रमण सहित कई गंभीर बीमारियों से बचाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि समाज में स्तनपान को लेकर फैली भ्रांतियों को दूर करना और माताओं को इसके लिए प्रोत्साहित करना स्वास्थ्यकर्मियों की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। सेमिनार में प्रस्तुत आंकड़ों ने भी सभी का ध्यान आकर्षित किया। बताया गया कि देश में अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह 85.6 प्रतिशत के साथ स्तनपान के मामले में शीर्ष स्थान पर है, जबकि छत्तीसगढ़ और पुडुचेरी क्रमशः अगले स्थानों पर हैं। वहीं उत्तर प्रदेश 34 प्रतिशत के आंकड़े के साथ सबसे निचले पायदान पर है, जो जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता को दशार्ता है। कार्यक्रम के दौरान चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों ने अधिक से अधिक माताओं तक स्तनपान के लाभ पहुंचाने तथा समाज में जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। अस्पताल प्रबंधन ने कहा कि स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए स्तनपान को जन-आंदोलन का स्वरूप देना समय की मांग है। अंत में मुस्कान हॉस्पिटल की उप चिकित्सा अधीक्षक वंदना सहाय ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का उद्देश्य मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ स्तनपान के महत्व को जन-जन तक पहुंचाना रहा।

# बीएसएल में 'वैधानिक प्रावधान एवं अनुबंध निष्पादन में दस्तावेजीकरण' पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो इस्पात संयंत्र के मानव संसाधन ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग में अधिकारियों के लिए 'वैधानिक प्रावधान एवं अनुबंध निष्पादन में दस्तावेजीकरण' विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में संयंत्र के विभिन्न विभागों के इंजीनियर-इन-चार्ज एवं प्लानिंग इंजीनियरों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य अधिकारियों की वैधानिक प्रावधानों, अनुबंध प्रबंधन, गुणवत्तापूर्ण दस्तावेजीकरण तथा अनुबंधों के प्रभावी, पारदर्शी एवं नियमसम्मत निष्पादन संबंधी समझ और दक्षता को और अधिक सुदृढ़ करना था। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में प्रतिभागियों को प्रशिक्षण के उद्देश्यों, अनुबंध प्रबंधन के महत्व तथा वैधानिक अनुपालन सुनिश्चित करने में सुव्यवस्थित दस्तावेजीकरण की भूमिका से अवगत कराया गया। तकनीकी सत्रों में विषय विशेषज्ञों द्वारा जुडिशियस एस्टीमेट प्रिपरेशन, निविदा प्रक्रिया, टेंडर बैनिंग संबंधी दिशानिर्देश तथा अनुबंध निष्पादन से जुड़ी विभिन्न प्रक्रियाओं पर विस्तृत एवं व्यावहारिक जानकारी साझा की गई। प्रशिक्षण के दौरान अनुबंध श्रमिकों से संबंधित वैधानिक प्रावधानों तथा अनुबंध निष्पादन में अपेक्षित दस्तावेजीकरण पर विशेष प्रस्तुति दी गई। विशेषज्ञों ने विभिन्न अधिनियमों एवं नियमों के प्रभावी अनुपालन, अभिलेखों के सुव्यवस्थित संधारण तथा अनुबंध प्रबंधन में सुदृढ़ दस्तावेजीकरण की अनिवार्यता को व्यावहारिक उदाहरणों के माध्यम से स्पष्ट किया। इसके अतिरिक्त प्रतिभागियों को परचेज/कॉन्ट्रैक्ट प्रोसीजर (पीसीपी) एवं डेलीगेशन ऑफ पावर्स (डीओपी) से संबंधित प्रावधानों एवं प्रक्रियाओं की भी जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम के दौरान बीएसएल के सतर्कता विभाग द्वारा अनुबंधों के निष्पादन के दौरान प्रायः पाई जाने वाली त्रुटियों एवं कमियों पर आधारित केस स्टडी प्रस्तुत की गई। इस अवसर पर अधिकारियों को अनुबंध प्रबंधन में पारदर्शिता, जवाबदेही, निष्पक्षता तथा निर्धारित प्रक्रियाओं के अनुपालन के महत्व से अवगत कराया गया। साथ ही उन्हें अनुबंध निष्पादन के प्रत्येक चरण में सतर्क, उत्तरदायी एवं नियमसम्मत कार्यप्रणाली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। प्रशिक्षण के समापन सत्र में प्रतिभागियों ने कार्यक्रम की उपयोगिता की सराहना करते हुए अपने अनुभव एवं सुझाव साझा किए। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम अधिकारियों में अनुबंध प्रबंधन, वैधानिक अनुपालन, गुणवत्तापूर्ण दस्तावेजीकरण तथा प्रशासनिक एवं न्यायसंगत प्रक्रियाओं की व्यावहारिक समझ विकसित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण एवं प्रभावी पहल रहा।

# पेयजल संकट से त्रस्त झरिया में एक दिवसीय भूख हड़ताल

## आक्रोशित नगरवासियों ने पहले पानी दो, फिर बिल लो के लगाए नारे




**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** झरिया में लगातार गहराते पेयजल संकट और भारी-भरकम जलकर बिलों के विरोध में गुरुवार को पानी-बिजली उपभोक्ता मंच, झरिया के बैनर तले वाटर बोर्ड कार्यालय के समक्ष एक दिवसीय भूख हड़ताल आयोजित की गई। आंदोलन के दौरान उपभोक्ताओं ने 'पहले पानी दो, फिर बिल लो' के नारों के साथ अपनी मांगों को जोरदार ढंग से उठाया। प्रदर्शनकारियों ने प्रतिदिन पर्याप्त दबाव के साथ नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित करने, जलापूर्ति व्यवस्था में विफल अधिकारियों को हटाने, पिछले 10 वर्षों के पानी के बिल में 60 प्रतिशत की रियायत देने तथा लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। उपभोक्ताओं का आरोप है कि झरिया और आसपास के कई क्षेत्रों में कई-कई दिनों तक पानी की आपूर्ति नहीं हो रही है, जिससे लोगों को टैंकरों और दूर-दराज के स्रोतों पर निर्भर रहना पड़ रहा है। धरने में शामिल महिलाओं ने कहा कि पानी की कमी के कारण घरेलू कामकाज बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। एक महिला ने बताया कि घर में पानी नहीं आने से बच्चों की देखभाल और दैनिक जरूरतें पूरी करना मुश्किल हो गया है, जबकि हजारों रुपये के बिल लगातार भेजे जा रहे हैं। मंच के प्रतिनिधि अभिषेक सिंह ने चेतावनी दी कि यदि 15 दिनों के भीतर मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। उन्होंने वाटर बोर्ड कार्यालय में तालाबंदी और उपायुक्त कार्यालय के घेराव की भी चेतावनी दी।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस बियाडा परिसर, जसोइया, औरंगाबाद से मुद्रित तथा प्लॉट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित।
संपादक- कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145865 7295863300
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com